# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



12 अपूर्वा: कहानीकार से कहानी को दूर...





विचार पेज

06 ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया



haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 9 अप्रैल 2025


## फर्जी डॉक्टर मामले में बिलासपुर के अपोलो अस्पताल को नोटिस

# पूछा-किस आधार पर की गई थी कथित डॉक्टर नरेंद्र की नियुक्ति?



### डॉ. जॉन केम ने ली थी छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले स्पीकर राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/ दमोह

दमोह के मिशन अस्पताल में 7 हार्ट पेशेंट की मौत के आरोपी कथित डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव का बिलासपुर कनेक्शन सामने आया है।

डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य उर्फ नरेंद्र जॉन केम बिलासपुर में भी कई लोगों की जान ले चुका है। इनमें सबसे बड़ा नाम छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का भी है। राजेंद्र प्रसाद अविभाजित



मध्यप्रदेश में भी विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके बेटे प्रदीप शुक्ल ने ये आरोप लगाए हैं। डॉ. नरेंद्र तब बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में पदस्थ थे। दिवंगत शुक्ल के बेटे का बयान सामने आने के बाद बिलासपुर के सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने एक्शन लिया। उन्होंने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है।

जवाब मांगा गया है कि, किस आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। उसकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आरोपी को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को यूपी से गिरफ्तार कर देर रात दमोह लाया गया। आरोपी को मंगलवार के दिन जिला कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। दमोह जिला कोर्ट में नकली डॉ. के साथ मारपीट भी हुई है। आरोपी को भीड़ से बचाने के चलते पुलिसकर्मी गाड़ी से गिर गए।


inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

गुजरात राजस्थान शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 1600 अंक पर निफ्टी 22650 के पार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों ने मंगलवार को शानदार वापसी की। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक



1,600 अंकों से भी अधिक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी ने 22,650 के पार पहुंच गया। ग्लोबल बाजारों में तेजी और ट्रेड वार के भारत पर तुलनात्मक रूप से कम असर पड़ने की संभावना से निवेशकों का सेंटीमेंट मजबूत हुआ है। निफ्टी के लगभग सभी 13 प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सबसे अधिक तेजी टाइटन,अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, सीबीआई और एक्सिस बैंक के शेयरों में देखने को मिली।

### टीटी व सिपाही ने ट्रेन से धक्का दिया, मौत

**महोबा।** जिले में झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत



हो गई। बोगी में सवार यात्रियों ने टीटी व जीआरपी सिपाही पर धक्का देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच की बात कर रही है। महोबा के घुटई व बेलाताल स्टेशन के बीच एक युवक सामान्य टिकट पर स्लीपर कोच में यात्रा कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टिकट चेकिंग के दौरान टीटी और जीआरपी सिपाही से विवाद हो गया। हाथापाई के दौरान धक्का देने से युवक चलती ट्रेन से गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई।

## कैबिनेट बैठक : मोहन सरकार ने निवेशकों के लिए लिया 'बड़ा निर्णय'

# 1 रु. में 25 एकड़ जमीन पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज 'खोलने' के लिए मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने गायों को चारे के लिए 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए प्रति दिन देने के साथ ही निवेशकों को आकर्षित करने मंगलवार को एक और बड़ा निर्णय लिया। इसके तहत मप्र में पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने वाले निवेशकों को एक रुपए में 25 एकड़ जमीन लीज पर दी जाएगी। पिछली कैबिनेट में भी इसी तरह के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी, किंतु उसमें संशोधन कर दिया गया है। इससे कुल 11 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला जा सकेगा। कैबिनेट की मंगलवार को मंत्रालय में हुई।

बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। कैबिनेट में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने को मंजूरी दी गई। पिछले प्रावधान में निवेशकों को खुद जमीन लेकर मेडिकल कॉलेज खोलना था, अब सरकार संशोधन के तहत इन्हें सरकारी जमीन लीज पर उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारियों कर्मचारियों के प्रमोशन अब हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नति का कार्य शीघ्र होगा।

पिछले प्रावधान में निवेशकों को खुद जमीन लेकर मेडिकल कॉलेज खोलना था अब सरकार संशोधन के तहत इन्हें सरकारी जमीन लीज पर उपलब्ध कराएगी



- कुल 11 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला जा सकेगा
- सरकार के निर्णय से 4150 मेडिकल की सीटें और बढ़ेंगी
- बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

सरकार गो पालकों को अब 20 के स्थान पर 40 रु. प्रति गाय के हिसाब से अनुदान देगी

शासकीय सेवकों की 8 साल से रूकी पड़ी पदोन्नति भी हो सकेगी

### मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अब कहलाएगी डॉ. आंबेडकर विकास योजना

कैबिनेट ने राज्य में पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित गतिविधियों में रोजगार के नवीन अवसर बढ़ाने, उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय बढने से जीएसडीपी में वृद्धि और राष्ट्र की जीडीपी में योगदान बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना की निरंतरता (वर्ष 2024-25 तथा 2025-26) रखते हुए योजना का नाम डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना रखे जाने को मंजूरी दी गई। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### अब जिला अस्पताल सरकारी नियंत्रण में ही रहेंगे

सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अब जिला अस्पताल पहले की ही तरह रहेंगे। यानी पिछले निर्णय में जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर्स को ट्रांसफर करने में बदलाव किया गया है। अब जिला अस्पताल वैसे ही सरकारी नियंत्रण में रहेंगे। पीपीपी मोड के तहत मेडिकल कॉलेज विकसित किए जाने से प्रदेश में 4150 सीटें और बढ़ जाएंगी। मुरैना में 600 सीटर मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर खुलेगा। इसी तरह भिंड, बालाघाट और गुना में 400-400 सीटें, कटनी में 350, धार, खरगोन, बैतूल, पन्ना, टीकमगढ़ और सीधी में 300-300 सीटर और अशोक नगर में 200 सीटर मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर खोले जा सकेंगे।

## भाजपा विधायक चिंतामणि का जवाब

# ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे

- भाजपा ने कारण बताओ नोटिस दिया था
- नोटिस में लगाए गए आरोपों को किया अस्वीकार



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आलोट सीट से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय ने अपनी ही पार्टी से मिले कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को लिखे पत्र में मालवीय ने सभी आरोपों को अस्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे मेरे दायित्व और कर्तव्यों का बोध है। मैंने किसी भी स्थान पर ऐसा कोई वक्तव्य या कृत्य नहीं किया है, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उज्जैन में जमीन अधिग्रहण का मामला उठाया था

उज्जैन में साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए जमीनों के अधिग्रहण के मामले पर विधायक मालवीय ने 18 मार्च को विधानसभा में मामला उठाया था। उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों की स्थायी अधिग्रहण का मुद्दा उठने के बाद इस मामले में सरकार को अपने ही विधायक के कारण बैकफुट पर आना पड़ा था। मामले की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची, इसके बाद प्रदेश नेतृत्व की ओर से चिंतामणि मालवीय को 23 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। विधायक मालवीय ने 27 मार्च को ही प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को जवाब भेज दिया था।

## पश्चिम बंगाल: वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन



मुर्शिदाबाद में हिंसा, वाहनों में लगाई आग

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल मे वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के विरोध के बाद अब हिंसा भड़की है। मुर्शिदाबाद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल वापस लेने की मांग को लेकर निकले जुलूस के दौरान हिंसा हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ▶▶ शेष पेज 4 पर

- पुलिस पर पथराव के बाद छोड़े गए आंसू गैस के गोले

### मालवीय का ममता बेनर्जी पर निशाना

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा पश्चिम बंगाल फिर से आग की लपटों में है। सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी है। इस बार मुर्शिदाबाद में मुस्लिम भीड़ वक्फ अधिनियम के विरोध में सड़कों पर उतर आई है। ममता बेनर्जी ने बंगाल के विशाल क्षेत्रों पर नियंत्रण खो दिया है, जो अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय बदलाव और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीएसपी के ड्राइवर से रुपए लूटकर भाग रहे थे बदमाश

# पीछा किया तो कार की बोनट पर लटकाकर 1 किमी घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर से बड़ा मामला सामने आया है। जहां सीएसपी के वाहन चालक हवलदार नरेंद्र कुमार से लूटपाट की घटना सामने आई है। 5 कार सवारों ने हवलदार से 10 हजार कैश और एटीएम कार्ड लूट ले गए। जिनका पीछा करते हवलदार उनके कार के बोनट पर बैठ गया। बदमाशों के द्वारा 1 किलोमीटर तक कार दौड़ाई गई। दरअसल, हवलदार नरेंद्र पालिया

- पुलिस ने नाकेबंदी करके दो को दबोचा 3 फरार



एसडीओपी बेहट व सीएसपी लश्कर मनीष यादव के वाहन पर बतौर चालक पदस्थ हैं। मंगलवार को वह छुट्टी पर थे तो वह चंद्रवदनी नाका में बन रहे अपने मकान पर ठेकेदार को पैसे देने जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पॉलिटेक्निक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी

# जयपुर-मुंबई फ्लाइट में बम की धमकी, टॉयलेट में मिली चिट्ठी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर से मुंबई गई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में बम होने की खबर से एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। फ्लाइट नंबर 6ई-5282 के बाथरूम में किसी ने एक लेटर रखा था जिसमें बम की बात लिखी थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एंटी बम स्क्वॉड और पुलिस को सूचना दी और पूरी फ्लाइट को खंलागा गया। लेकिन, किसी भी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। बम होने की खबर

- धमकी देने वाले पर 1 करोड़ तक का जुर्माना




के बाद रात 8 बजकर 43 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी। फ्लाइट को सुरक्षित रात करीब 8 बजकर 50 मिनट पर लैंड कराया गया। और फिर सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत रिमोट बे में पार्क कर सभी ▶▶ शेष पेज 4 पर






## दो दिवसीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के पहले दिन सरकार पर जमकर बरसे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

# कांग्रेस की जिला कमेटियों को मिलेगी ताकत, धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति से मुकाबले का संकल्प

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती देश भर में पूरे उल्लास से मनाएगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन की शुरुआत मंगलवार को हुई। पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल मेमोरियल में आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद रहे।

खरगे ने कहा कि सत्तारूढ़ दल की धार्मिक ध्रुवीकरण और विभाजन की राजनीति का वह पटेल के मार्ग अनुसरण करते हुए मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा यह साल महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पटेल और नेहरु के संबंधों को लेकर करते हैं षड्यंत्र



कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वो लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। खरगे ने कहा कि वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षड्यंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे।

### साबरमती आश्रम में बिगड़ी पी. चिदंबरम की तबीयत

मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की तबीयत



अत्यधिक गर्मी की वजह से बिगड़ गई। पी. चिदंबरम गर्मी की वजह से साबरमती आश्रम में बेहोश हो गए, इसके तुरंत बाद उन्होंने एंबुलेंस से अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि अब से कुछ देर पहले पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम द्वारा एक्स पर पोस्ट कर कहा गया कि मेरे पिता ठीक हैं और डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं।

# वक्फ की जमीन पर तान दिया दो मंजिला मकान, रास्ते पर खड़ी कर दी दीवार

## कलेक्टर की जनसुनवाई में 106 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बरखेड़ी क्षेत्र में ओकाफ ए आम्मा (वक्फ बोर्ड) की जमीन पर बिना अनुमति दो मंजिला मकान बना लिया गया है। साथ ही अतिक्रमणकारियों ने गलियों और नालियों का रास्ता भी बंद कर दिया गया है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जे की यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में एक आवेदक ने दर्ज कराई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शहर तहसीलदार को जांच सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 106 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

बरखेड़ी स्थित अहाता कल्लाशाह निवासी नसीम खान पिता लतीफ खान ने बताया कि उनके पड़ोसी आयशा बी, शरीफ, शाहिद, रईस यह सभी मस्जिद नानी साहिबा के आगे रहते हैं। उन्होंने गलियों का रास्ता बंद कर दिया है और नालियों पर भी छत डाल दी है, जिसकी वजह से उनके घर में पानी आ रहा है, जिसकी शिकायत वह पूर्व में वक्फ बोर्ड में कई बार कर चुके हैं। छह महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन वक्फ बोर्ड ने कोई कार्रवाई नहीं की है। बात करने पर वह खुद को नगर निगम का कर्मचारी बताकर झगड़ा करता है। इधर, पड़ोसी शाहिद का कहना है कि हमारे पास वक्फ बोर्ड द्वारा दी गई सभी अनुमतियां हैं, नसीम खान के मकान का रसोईघर वाला हिस्स नाली पर बना हुआ है। हम दीवार का निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन वह इसका विरोध कर रहे हैं।

**खास बातें**
- शहर के बरखेड़ी क्षेत्र में है वक्फ बोर्ड की जमीन
- अतिक्रमणकारियों ने गलियों और नालियों का रास्ता भी बंद कर दिया
- कलेक्टर ने शहर तहसीलदार को सौंपी जांच



### रिश्तेदारों ने बच्ची को किया अगवा

लालघाटी ब्रिज के पास रहने वाली एक महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी छह वर्षीय बेटी को रिश्तेदार पांच अप्रैल की रात अगवा कर ले गए हैं। महिला ने कोहेफिजा थाने में शिकायत की है। महिला को आशंका है कि रिश्तेदार उसकी बच्ची को बेच सकते हैं।

### मां ने बेटा-बेटी से भरण-पोषण मांगा

पुतली घर कालोनी शाहजहांनाबाद निवासी एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके बच्चों ने पति के निधन के बाद अपना-अपना हिस्सा ले लिया है, लेकिन वह मदद नहीं कर रहे हैं। उसने 15 हजार रुपए भरण-पोषण की मदद दिलाने की मांग की है।

### स्कूल संचालक ने टीसी मांगने पर महिला को धमकाया

छावनी पठार निवासी प्रीति सिलावट ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बच्चे आइडियल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। स्कूल संचालक से टीसी मांगी तो 20 हजार रुपए मांगे तो 10 हजार रुपए दे दिए। संचालक ने गलत नाम लिखकर टीसी थमा दी, जिससे बच्चों का अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं हो रहा है। टीसी में सुधार करवाने का कहने पर संचालक ने मना करते हुए मारने की धमकी दी है

**खबर संक्षेप**

### अजय याज्ञिक 27 अप्रैल को रविंद्र भवन में देंगे सुंदरकांड की प्रस्तुति

**भोपाल**। श्री बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें तय किया गया कि रविवार 27 अप्रैल को रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर पंडित अजय याज्ञिक द्वारा राम भक्ति के अनुपम अनुष्ठान के तहत सुंदर कांड की दिव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष प्रदीप मिलन एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपने एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में बैठक में विस्तृत चर्चा हुई।

### कायस्थम ने सेवानिवृत आईएएस श्रीवास्तव को सम्मानित किया

**भोपाल**। कायस्थम भोपाल मप्र ने सेवानिवृत आईएएस आलोक श्रीवास्तव को मंगलवार को भारत भवन में स्मृति चिन्ह, श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। आलोक श्रीवास्तव के जल रंग चित्रों की भारत भवन में प्रदर्शनी आयोजित की गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य सचिव अनुराग जैन ने किया था। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जेएन कंसोटिया, सेवानिवृत आईएएस अनिल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या अधिकारी व समाज के लोग मौजूद थे।

### उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों से खर्च के लिए मांगा डिमांड लेटर

**भोपाल**। उच्च शिक्षा विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों से इस बजट वर्ष में उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि के लिए डिमांड लेटर मांगा है। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग निशांत वरवड़े द्वारा जारी आदेश में कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा गया है कि इस बजट वर्ष 2025-26 के लिए मिले राज्य शासन बजट के तहत आपके महाविद्यालयों में निर्माण, अतिरिक्त निर्माण, फर्नीचर, पुस्तकालय के लिए पुस्तक, ई-पुस्तकें, प्रयोगशाला, आईटी संबंधी उपकरण आदि की आवश्यकता के अनुसार मांग पत्र प्रस्तुत करें। यह मांगपत्र दिए गए फार्मेट में देना होगा। मांगपत्र में पूरा विवरण 15 अप्रैल 2025 तक उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय को प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा है कि इसके बाद किसी भी महाविद्यालय से मिले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

## श्रद्धालुओं ने व्रत रख भगवान सत्यनारायण की सुनी कथा

# कामदा एकादशी पर की भगवान विष्णु की पूजा, बाबा खाटू श्याम का फूलों से हुआ श्रृंगार, लगाए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मंदिरों में कामदा एकादशी के अवसर भगवान खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। कामदा एकादशी पर मोक्ष प्राप्ति की इच्छा पूर्ति के लिए एकादशी व्रत मंगलवार को रखा गया। सिंधी कॉलोनी, टीटी नगर, वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया।

मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे वे बताया कि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत चैत्र माह में रामनवमी के बाद शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी नाम से जाना जाता है। इस एकादशी को फलदा एकादशी भी कहा जाता है। भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत को मंगलवार को लोगों ने श्रद्धा भक्ति के साथ किया। इस मौके पर कई लोगों ने सत्यनारायण की कथा कराई। तो वहीं श्रद्धालुओं ने ब्राह्मण भोज कराकर व्रत का पालन किया।

### *सिंधी कॉलोनी, टीटी नगर, वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में हुई पूजा*



### श्रीमद् भागवत कथाः भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मूल स्थान है मानव शरीरः पं. सुशील महाराज

मां शीतला माता मंदिर जनता नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक पंडित सुशील महाराज ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की कथा को बड़े ही मार्मिक व आध्यात्मिक महत्वता को उजागर करते हुए श्रृद्धालुओं को सुनाई। सुशील महाराज ने बताया कि भक्ति, ज्ञान और बैराग्य का मूल स्थान मनुष्य के शरीर में मौजूद रहता है। भक्ति को पृथ्वी, ज्ञान को वृक्ष और बीज को वैराग्य की उपमा देते हुए सुशील महाराज ने बताया कि जिस प्रकार से पृथ्वी पर वृक्ष उगते हैं और वृक्ष से बीज पैदा होता है। फिर बीज पृथ्वी पर गिरता है फिर बीज से पुनः वृक्ष बनता है। श्रृष्टि के प्रलय होने तक यही प्रिक्रिया निरंन्तर चलती रहती है। ठीक इसी प्रकार से पृथ्वी रूपी भक्ति से ज्ञान रूपी वृक्ष की उत्पत्ति होती है और ज्ञान रूपी वृक्ष से बीज रूपी फल की प्राप्ति होती है।



#### सत्यमार्ग पर चलने वाले का नहीं होता पतन

पंडित सुशील महाराज ने बताया कि सत्यमार्ग पर चलने बाले व्यक्ति का पतन नहीं होता है। वहीं असत्य मार्ग पर चलने वाले का उद्धार नहीं होता होता है। मनुष्य के शरीर में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की यही हकीकत होती है। सुशील महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है।

#### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

शिव नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। समिति के मुकेश साहू ने बताया कि कथा से पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक अतुल महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाता है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है।



### सौरभ, चेतन और शरद के खिलाफ ईडी ने पेश किया कोर्ट में चालान

**भोपाल**। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और साथी चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल के खिलाफ मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष न्यायालय में चालान पेश किया है। चालान के अनुसार ईडी ने सौरभ शर्मा के साथ ही उसकी मां और पत्नी सहित कंपनियों एवं फर्मों के निदेशकों, रिश्तेदारों और सहयोगियों सहित 12 आरोपी बनाए है। ईडी अधिकारियों ने 60 दिवस की समय अवधि से पूर्व ही चालान पेश कर दिया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी की दिनांक से अगली पेशी दिनांक 11 अप्रैल को 60 दिवस की अवधि पूरी होने से पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। ईडी ने 11 फरवरी को सौरभ शर्मा और साथी चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल को गिरफ्तार कर 17 फरवरी तक 6 दिन के पुलिस रिमांड लिया था। पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर ईडी ने आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया था। ईडी के विशेष न्यायालय ने 20 फरवरी को सौरभ शर्मा की जमानत खारिज कर दी थी। ईडी ने सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी प्यारे लाल केवट एवं विनय हासवानी को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ भी विशेष न्यायालय में चालान पेश किया है।

### राजस्थान के जीण माता मंदिर में पुजारी पर हुए हमले से देश के पुजारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर जहां पूरा देश उत्सव मना रहा था। इसी दौरान राजस्थान सीकर जिले के सुप्रसिद्ध मंदिर जीण माता जी में पुजारियों के साथ मारपीट की जा रही थी, उनकी जनेऊ तोड़ दी। यह सब मुगल कालीन शासन की याद दिलाता हैं। पुजारियों पर हुए हमले से पूरे देश के पुजारियों में भारी आक्रोश हैं। इसको लेकर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता, महामंत्री राकेश जोशी (राका गुरु), संगठन मंत्री अमृतेश त्रिवेदी ने अपना संयुक्त बयान जारी कर कहा कि केन्द्र और राज्य में हिंदुत्ववादी सरकार होने के बाद भी यदि पुजारियों ब्राह्मणों पर अत्याचार और हमले हो रहे हैं, यह निंदनीय है। साथ ही इस घटनाक्रम में दोषी जिला प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग की हैं और शीघ्र ही देश के पुजारियों के लिए पुजारी प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाना की बात कहीं। जिससे पुजारियों को सुरक्षा मिल सके। पिछले दिनों खाटू श्याम में पुजारियों के प्रांतीय अधिवेशन में भी राजस्थान सरकार को पुजारियों की सुरक्षा के लिए पुजारी प्रोटेक्शन एक्ट का मांग पत्र सौंपा गया था।

## पुरी, गंगासागर, बाबा बैद्यनाथ और काशी विश्वनाथ के दर्शन हुए आसान, भोपाल से गुजरेगी ट्रेन

### भोपाल रेल मंडल ने दी यात्रियों को धार्मिक पर्यटन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल के यात्रियों को एक बार फिर शानदार धार्मिक पर्यटन की सौगात मिल रही है। भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन 27 मई को इंदौर से किया जाएगा। यह विशेष ट्रेन श्रद्धालुओं को पुरी, गंगासागर, बाबा बैद्यनाथ, काशी विश्वनाथ, गया, वाराणसी और अयोध्या जैसे पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्रा कराएगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी। यह यात्रा कुल 9 रातें और 10 दिन की होगी, जिसमें श्रद्धालुओं को भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों - पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी और अयोध्या का दर्शन कराया जाएगा।

**खास बातें**
- भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन 27 मई को इंदौर से किया जाएगा
- यह यात्रा कुल 9 रातें और 10 दिन की होगी



### कोतरलिया स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों का आंशिक निरस्तीकरण एवं टर्मिनेशन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत स्थित कोतरलिया स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस कार्य के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त करते हुए शॉर्ट टर्मिनेट एवं शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। गाड़ी संख्या 12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21 एवं 22 अप्रैल (कुल 10 फेरे) को बिलासपुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। यह ट्रेन इन तिथियों में बिलासपुर से रायगढ़ के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 एवं 24 अप्रैल 2025 (कुल 10 फेरे) को बिलासपुर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। यह ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### रास्ता भटकी 70 वर्षीय महिला को अयोध्या नगर पुलिसकर्मियों ने सकुशल परिजनों से मिलवाया

**भोपाल**। अयोध्या नगर क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह 70 वर्षीय बुजर्ग महिला अयोध्या नगर में भटक गई। इस दौरान वह रोड के किनारे दशहरा मैदान पर बैठी हुई थी सुचना पर प्रधान आरक्षक राजेंद्र राजपूत व प्रधान आरक्षक आशीष श्रीवास द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा और पूछताछ में उसने अपना नाम कोश बाई बताया। वहीं घर का पता पूछने पर गांव चिरचिटा थाना सिलवानी जैतहरी बताया। साथ ही बताया कि वह आज सिलवानी बस से आई थी।

पुलिस ने बस स्टैंड सिलवानी की बसों का पता किया। बस स्टैंड से उनके ड्राइवर के नंबर लिए गए। गांव के सरपंच का नाम पता किया और आसपास के थानों से बात की गई। जानकारी मिली कि बेटा प्रेस का काम करता हैं। पुलिस ने सभी प्रेस वालों के घर दुकान पर जाकर पता किया। तब बुजुर्ग महिला की लड़की की दुकान के होने का पिपलानी में पता चला। इसके बाद पुलिस ने सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया।

### ताप विद्युत इकाइयों का 14 बार 100 दिनों से अधिक निरंतर संचालन का बना नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। पॉवर कंपनी की ताप विद्युत इकाइयों ने सतत व निर्बाध संचालन में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कुल 14 बार 100 दिनों से अधिक तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन इकाइयों ने 13 बार 100 से अधिक दिनों तक निरंतर संचालन में रहने का रिकॉर्ड बनाया था। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत इकाइयों की क्षमता व संचालन की विश्वसनीयता का प्रतीक है। ताप विद्युत इकाइयों की इस ऐतिहासिक सफलता पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी ताप विद्युत गृह के इंजीनियरों, तकनीशियनों व संचालन टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कंपनी की तकनीकी दक्षता और ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि न केवल राज्य के लिए गर्व की बात है, अपितु ऊर्जा उत्पादन की दिशा में आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम भी है। मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृह अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की इकाइयों ने निरंतर चलने की इस श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कायस्थ समाज की बैठक आयोजित

### संगठन की मजबूती के लिए कमेटियों की बैठक करें सभी जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कायस्थ समाज की वर्चुयल बैठक प्रांताध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस वर्चुअल बैठक में सभी जिलों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे संगठन की मजबूती के लिए जिला कमेटियों की बैठक आयोजित करें और राष्ट्रीय कायस्थ विचार फाउंडेशन के अधिक से अधिक सदस्य बनाने का अभियान चलाएं।

प्रदेश सचिव डीके निगम ने निर्देशित किया कि सदस्यता अभियान के अन्तर्गत नए सदस्यों को शामिल करने के प्रयासों में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की भागीदारी प्रमुखता से सुनिश्चित की जाए। सभी जिला अध्यक्षों से यह भी कहा गया कि सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी से वर्चुअल मासिक समीक्षा बैठक में प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी प्रवीण सक्सेना को अवगत कराएं। सतीश निगम के अनुसार कायस्थ समाज के उत्थान के लिए समाज के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने की जरूरत है। बैठक में आरके प्रसाद जबलपुर, आशुतोष खरे शहडोल, शैलेश श्रीवास्तव रीवा, विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, दीपक निगम बृजेश पिंकी निगमसतना सहित कई जिलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का संचालन आलोक खरे ने किया।

## स्कूलों में उपस्थिति के समय यस मैडम या यस सर नहीं कहेंगे, अब कहेंगे जय हिंद

# 50% से कम रिजल्ट देने वाले प्राचार्य, शिक्षकों को करें स्थानांतरितः शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि कम रिजल्ट देने वाले शिक्षकों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों के परीक्षा में प्राप्तांकों का प्रतिशत यदि 50 प्रतिशत से कम रहता है, तो ऐसे प्रिंसिपल और ऐसे शिक्षकों को उस विद्यालय में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उनका स्थानांतरण तुरंत किया जाए। बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। मंत्री शाह ने कहा कि अधिकारियों को मोटीवेशनल होना चाहिए। यदि आपको शत प्रतिशत परिणाम चाहिए तो संवेदनशीलता के साथ सकारामक सोच भी रखना होगी। मंत्री डॉ. शाह जनजातिय विभाग के दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यक्रम के समापन अवसर पर अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे थे।

### अधिकारी छात्रावासों में करें रात्रि-विश्राम, मोटीवेशनल बनें



#### यह दिए निर्देश

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि स्कूलों में उपस्थिति के समय जब टीचर बच्चों का नाम पुकारते हैं तो बच्चे प्रति उत्तर में यस मैडम या यस सर नहीं कहेंगे। अपना नाम सुनने पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वे जय हिंद सर अथवा जय हिंद मैडम कहेंगे।

#### छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार हो

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिले में पदस्थ अधिकारी अपने जिलों में स्थित छात्रावासों में बच्चों के साथ रात्रि-विश्राम करें। आप चाहते हैं कि छात्रावासों की दशा में व्यवस्थाओं में सुधार हो तो आपको 15 दिन में एक रात छात्रावासों में बच्चों के साथ रुकना होगा। जब आप बिस्तर पर सोएंगे तो बिस्तरों की हालत सुधरेगी। उनके साथ खाना खाएं। आपको भी मालूम होना चाहिए कि वे किस प्रकार का भोजन कर रहे हैं। उनके रहने के कमरे, बाथरूम आदि में अपने आप सुधार आएगा। बच्चों के साथ वक्त बिताएंगे तो वे अपने मन की बात आपसे कह सकेंगे। आपके रुकने से अन्य कर्मचारी भी काम के प्रति गंभीर होंगे।

#### ट्रायबल मीट का होगा आयोजन

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि शासकीय सेवा में काम के तनाव को कम करने के लिए साल में एक बार ट्रायबल मीट का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार से रविवार तक चलने वाली इस मीट के आयोजन में अधिकारी कर्मचारी अपने परिवार के साथ भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग माता-पिता को भी इस विभागीय मीट में साथ लेकर आएं।

**शासकीय शिक्षक संगठन ने लिखा पत्र**

### तेज गर्मी के कारण स्कूलों के समय में बदलाव की कलेक्टर से की मांग

शहर में तेज गर्मी को के कारण शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने जिला कलेक्टर भोपाल को मंगलवार को एक पत्र लिखकर स्कूल संचालन के समय में बदलाव की मांग की है। संगठन ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि अत्यधिक तापमान के कारण छात्रों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



कलेक्टर को बताया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पहले भी जिलेवार तापमान वृद्धि के आधार पर समय में बदलाव किया गया है। वर्तमान में भोपाल सहित कई जिलों में सुबह से ही अत्यधिक गर्मी हो रही है, जिससे बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। शिक्षक संगठन ने सुझाव दिया है कि विद्यालयों का संचालन सुबह 7 से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाए।

भोपाल
बुधवार, 9 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष–12
वर्ष : 12, अंक : 08
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

कोलंबो में 27 अप्रैल से त्रिकोणीय सीरीज

## मंडला की बेटी शुचि उपाध्याय भारतीय क्रिकेट टीम में खेलेगी



**भोपाल।** मंडला की लेफ्ट आर्म स्पिनर शुचि उपाध्याय भारतीय क्रिकेट टीम में खेलेंगी। बीसीसीआई ने उनका चयन किया है। शुचि श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा बनेंगी। 24 वर्षीय शुचि का सपना अब भारत के ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 12 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए (1) में दी गई शक्तियों के तहत

# 1 मई से एक राज्य में सिर्फ 1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होगा वित्त मंत्रालय ने 15 आरआरबी के मर्जर को दी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आगामी 1 मई से देश के हर राज्य में सिर्फ एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) होंगे। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने बेहतर परिचालन दक्षता और लागत युक्तिकरण हासिल करने के लिए 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय (मर्जर) के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी।

◆ ये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सार्वजनिक हित में और इन संस्थाओं द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले क्षेत्र के विकास के हित में एक यूनिट में विलय हो जाएंगे

इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी



### इस तरह बनाया जाएगा बैंक

जैसे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक और आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक को मिलाकर एक एकल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बनाया गया, जिसे आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक कहा जाता है।

### ◆ मध्यप्रदेश में भी होगा बैंकों का विलय

गजेटेड नोटिफिकेशन के मुताबिक, 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को क्रमशः एक यूनिट में विलय किया जाना है, ताकि इनमें से हर 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार कर सके। 5 अप्रैल, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, विलय की प्रभावी तिथि 1 मई तय की गई है।

## खबर संक्षेप

### यूजीसी चेयरमैन के पद से रिटायर्ड हुए जगदीश

**नई दिल्ली।** तीन साल के लंबे कार्यकाल के बाद यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार सोमवार को अपने पद से रिटायर्ड हो गए। उन्होंने फरवरी 2022 में यूजीसी चेयरमैन का पद संभाला था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों ही कोर्सेस में एडमिशन के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की शुरुआत की।



### बदले जाएंगे सिम कार्ड सरकार कर रही तैयारी!

**नई दिल्ली।** मौजूदा सभी पुराने सिम कार्ड बदलने वाले हैं। भारत सरकार पुराने सिम कार्ड को रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है। यह कदम देश की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा की गई एक जांच के बाद सामने आया है, जिसमें यह खुलासा हुआ कि कुछ सिम कार्ड्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे।



### पीएम मोदी मनुष्य नहीं अवतार हैं: कंगना

**मंडी।** हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी साधारण मानव नहीं अवतार हैं। 2014 तक वह वोट देने भी नहीं जाती थीं। नेताओं से नफरत सी हो गई थी, लेकिन अब अच्छा खासा काम छोड़कर राजनीति में आ गई हैं। क्योंकि अब हमारे पास नरेंद्र मोदी के रूप में अच्छे नेता हैं।



### चीतों को पानी पिलाने वाला नौकरी पर लौटेगा

**श्योपुर।** चीतों को पानी पिलाने पर नौकरी से हटाए गए वन विभाग का वाहन चलाने वाले ड्राइवर सत्यनारायण के समर्थन में गुर्जर महासभा के आ जाने के बाद कूनो प्रशासन बैक फुट पर दिखाई पड़ा। मंगलवार को गुर्जर महासभा के प्रस्तावित आंदोलन को देखते हुए कूनो प्रशासन ने ड्राइवर को काम पर वापस लेने का ऐलान कर दिया, जिसके बाद समाज ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।



योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया जश्न

## पीएम मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से की बात, बोले- सपने हकीकत में बदल गए

अप्रैल में 2015 में लांच हुई थी यह स्कीम

# भोपाल के लवकुश बोले- 5 लाख का लोन लिया, आज टर्नओवर 50 लाख

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया और देश भर से मुद्रा लाभार्थियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया। इस संबंध में एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि लाभार्थियों ने उनके साथ कुछ रोचक जानकारियां साझा की कि किस प्रकार इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव ला दिया है। भोपाल के एक ला भा थ र्थी लवकुश मेहरा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2021 में अपना व्यवसाय शुरू किया और आज वे 50 लाख रुपए कमा रहे हैं। मेहरा ने कहा कि पहले मैं किसी के लिए काम करता था, लेकिन आपने मुद्रा लोन के जरिए हमारी गारंटी ली और आज हम खुद मालिक बन गए हैं। मैंने 2021 में अपना व्यवसाय शुरू किया और मैंने बैंक से संपर्क किया, उन्होंने मुझे 5 लाख की ऋण सीमा दी। मुझे डर ▸▸ शेष पेज 4 पर



लवकुश

*पीएम ने कहा कि महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं और उन्हें चुकाने में भी सबसे तेज हैं। यह मुद्रा योजना किसी भी सरकार के लिए आंख खोलने वाली है।*

**देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए**

अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे



प्रधानमंत्री ने कहा- मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाओं ने ऋण प्राप्त किए

देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप अखबार में पढ़ते हैं कि यह अमीरों की सरकार है। अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे। मुद्रा योजना में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं और उन्हें चुकाने में भी सबसे तेज हैं। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ◆ मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं, और 70% से अधिक लाभार्थी महिलाएं ▸▸ शेष पेज 4 पर

केरल के उद्यमी ने बताया

### किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला

*केरल के एक उद्यमी, जो संयुक्त अरब अमीरात में काम कर रहे थे, ने बताया कि किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इससे वे एक सफल उद्यमी बन गए हैं। केरल के मूल निवासी ने यह भी माना कि इस योजना से उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिला है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इससे रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। यूपी के रायबरेली के एक लाभार्थी ने कहा कि हम आपसे वादा करते हैं कि हम मिलकर भारत को एक विकसित भारत बनाएंगे। अब हमें सरकार से लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं है। मैं एक बेकरी चलाता हूं। मेरा मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख है और हमारे पास 7 से 8 लोगों का स्टाफ है।* ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

साइबर ठगों का 'गजब' कारनामा

## आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाई निकाली 2900 वैकेंसी, 500 रु. फीस

» *विज्ञापन के साथ ही बाकायदा वेबसाइट का लिंक भी दिया गया*

» *मामला संज्ञान में आते ही सरकार की ओर से खंडन जारी किया*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में जालसाज ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ठगों ने न केवल सरकार के आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाई, बल्कि बाकायदा नौकरियां भी निकाल दीं। मामला संज्ञान में आते ही दो दिन पहले सरकार की ओर से इसका खंडन जारी किया।

दरअसल, करीब एक महीने पहले 'ई औषधि मप्र' नाम से एक फेसबुक पेज पर आयुष विभाग में 2972 पदों पर वैकेंसी का विज्ञापन दिया गया। विज्ञापन के साथ ही बाकायदा वेबसाइट का लिंक भी दिया गया। विज्ञापन में आवेदन शुरू करने के तारीख 7 मार्च 2025 तो वहीं आवेदन समाप्त होने की तारीख 6 अप्रैल 2025 दी गई। जालसाज इतने शातिर थे कि उन्होंने विज्ञापन के साथ ही पदों की संख्या (2972) भी लिखी, जिसमें स्टोर मैनेजर (528 पद) सहायक स्टोर मैनेजर (988 पद) और डेटा एंट्री ऑपरेटर (1456 पद) के पद शामिल थे।

प्रति आवेदन 500 रुपए शुल्क रखा गया था और साथ में एक जीमेल आईडी दी गई थी। पूरे एक महीने तक इस फर्जी वेबसाइट और भर्ती विज्ञापन की भनक किसी को नहीं लगी, लेकिन आवेदन समाप्त होने की तिथि 6 अप्रैल को सोशल मीडिया में यह भर्ती विज्ञापन लीक हो गया। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

### ई औषधि मध्यप्रदेश पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन

6 अप्रैल को बाकायदा सरकार की तरफ से इस तरह के किसी भी विज्ञापन का खंडन जारी करते हुए बयान आया कि सोशल मीडिया पर वायरल ई औषधि मध्यप्रदेश संबंधित नियुक्ति पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन है। संबंधित वेबसाइट मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट नहीं है और विभाग की ओर से यह भर्ती नहीं निकाली गई है।

मुलताई में किराए के मकान में रहता है

### मजदूर को 314 करोड़ रु. का इनकम टैक्स नोटिस

**बैतूल।** मुलताई तहसील में चंद्रशेखर कोहाड़ नाम के एक शख्स को महाराष्ट्र आयकर विभाग से 314 करोड़ 79 लाख 87 हजार 883 रुपए का आयकर नोटिस मिला। इसके बाद पूरे जिले में खलबली मच गई। एक हफ्ते तक तो नगर पालिका से लेकर प्रशासन तक इस नाम के शख्स को मुलताई में ढूंढता रहा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार की शाम जब चंद्रशेखर कोहाड़ मुलताई में ही मिला तो प्रशासन उसकी हालत ▸▸ शेष पेज 4 पर



■ चंद्रशेखर ने जताया बैंक के प्रबंधन पर शक

कैब ड्राइवर पर मारपीट का आरोप

### वक्फ बिल का समर्थन करने पर पूर्व कर्नल के साथ मारपीट

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी व रिटायर्ड कर्नल की कैब ड्राइवर द्वारा साथियों के साथ मिलकर पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कैब ड्राइवर द्वारा साथियों के साथ मिलकर इसलिए पिटाई की गई, क्योंकि उसकी पूर्व कर्नल से वक्फ बिल को लेकर बहस हो गई थी। फिलहाल पुलिस ने वक्फ बिल पर बहस के चलते पिटाई करने से इनकार किया ▸▸ शेष पेज 4 पर



■ पूर्व कर्नल हुए घायल, दो गिरफ्तार

झांसा देकर बुलाया था

### फार्महाउस में बंधक बनाकर दो महिला डांसर से गैंगरेप

**सिंगरौली।** जिले में दो ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दोनों डांसरों को छठी कार्यक्रम के बहाने कंचनी में बुलाया था। इसके बाद सुनसान फार्म हाउस में ले जाकर दोनों आरोपियों ने पीड़िताओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना रविवार रात 11 बजे बैढ़न थाना क्षेत्र के कटनी इलाके में हुई है। पुलिस ने एक आरोपी को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया गया ▸▸ शेष पेज 4 पर



■ एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

जयपुर में हिट एंड रन केस

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला, 3 की हुई मौत

» आरोपी शराब के नशे में 7 किमी तक दौड़ाता रहा कार

एजेंसी ▸▸ जयपुर



यहां सोमवार रात को शराब के नशे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान ने एसयूवी दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी देने का ऐलान किया। वहीं, मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर ▸▸ शेष पेज 4 पर

पीड़ित परिवारों को 50 लाख मुआवजा

बाइपास सर्जरी के लिए 25 दिन से हमीदिया में भर्ती थे, सुबह 6.30 बजे पड़ा दिल का दौरा

## हरिभूमि के फोटोजर्नलिस्ट रविंदर सिंह का दुखद निधन, अंत्येष्टि आज होगी

**मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों व पत्रकारों ने निधन पर किया गहरा शोक व्यक्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हरिभूमि समाचार पत्र के वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट रविंदर सिंह 'विक्की' (58) का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे हमीदिया अस्पताल में दिल के दौरे के बाद 25 दिन से भर्ती थे। उनकी बाइपास सर्जरी होना थी। पर, तारीख नहीं मिली थी। इसी बीच, मंगलवार सुबह 6.30 बजे उनको दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। बुधवार सुबह 10 बजे निज निवास लालघाटी नेवरी से उनकी अंतिम यात्रा छोला विश्राम घाट के लिए रवाना होगी। रविंदर सिंह के निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविंदर सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को असीम दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। रविंदर के निधन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री विश्वास सारंग, ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी



## पद्मश्री से सम्मानित कलाकार राम सहाय पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे

भारत सरकार ने उन्हें 2022 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा, यह भारत का चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान

## समाज की बंदिशों को तोड़कर राई नृत्य को गांव के आंगन से उठाकर विश्व पटल तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के लोक कला जगत के एक चमकते सितारे, राई नृत्य को मंचों और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने वाले पद्मश्री सम्मानित कलाकार राम सहाय पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनका जीवन एक ऐसे कलाकार की प्रेरणादायक कहानी है, जिसने समाज की बंदिशों को चुनौती दी और एक लोक नृत्य को गांव के आंगन से उठाकर विश्व पटल तक पहुंचाया। 92 वर्ष की उम्र में, उन्होंने मंगलवार सुबह सागर जिले के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। लंबे समय से बीमार चल रहे इस महान कलाकार के निधन से लोक कला प्रेमियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। राम सहाय पांडे न सिर्फ एक कलाकार थे, बल्कि एक आंदोलन बन चुके थे, जिन्होंने राई नृत्य को नई पहचान दिलाई। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि जुनून और समर्पण से कोई भी कला दुनिया भर में सराही जा सकती है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया शोक

**उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कला के क्षेत्र को अपनाया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम सहाय पांडे के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पांडे जी ने कठिन परिस्थितियों में भी कला के क्षेत्र को अपनाया और कई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने राई नृत्य को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। राम सहाय पांडे अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ गए हैं। उनके निधन से लोक कला जगत में शोक की लहर है।



### ◆ 18 देशों में 100 से ज्यादा प्रस्तुतियां दी

बुंदेलखंड क्षेत्र के रहने वाले राम सहाय पांडे ने करीब 60 सालों तक राई लोक नृत्य को लोकप्रिय बनाया। उन्होंने इस पारंपरिक नृत्य को मृदंग की ताल के साथ मिलाकर नई पहचान दी। राई नृत्य आमतौर पर बेड़िया ▸▸ शेष पेज 4 पर

# प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले के श्री आनंदपुर धाम आएंगे

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह इस माह दो बार आएंगे मप्र

## केंद्रीय मंत्री गडकरी 10 अप्रैल को प्रदेश की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का बदनावर से करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम पधार रहे हैं, जबकि केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का भोपाल में 13 अप्रैल और 17 अप्रैल को नीमच में आगमन हो रहा है। उनकी मौजूदगी में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और दुग्ध संघ के बीच रवीन्द्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे, साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी।

इसी तरह 17 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री शाह का नीमच दौरा भी प्रस्तावित है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी धार जिले के बदनावर से 10 अप्रैल को प्रदेश की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12-13-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित विक्रमोत्सव के तहत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। उधर, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के मप्र आगमन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने चाक-चौबंद इंतजाम कराने का निर्देश दिया है।

- मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री की 11 अप्रैल की मध्यप्रदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा
- प्रधानमंत्री संतगण से करेंगे भेंट आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे




### प्रधानमंत्री के आगमन से वैशाखी का वार्षिक मेला बनेगा यादगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को मप्र के अशोक नगर जिले में अपने प्रवास के दौरान श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री परमहंस अद्वैत मत के प्रमुख गुरू महाराज, महात्मा शब्द प्रेमानंदजी और अन्य संतगण से भेंट कर श्री आनंदपुर धाम के सेवा प्रकल्पों की जानकारी लेंगे। धाम में वैशाखी मेले में लगभग 20 हजार श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से ग्वालियर संभाग के कमिश्नर, आईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर, एसपी अशोक नगर से चर्चा कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की गरिमा के अनुरूप आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री इसके पहले पिछले चार अप्रैल को श्री आनंदपुर धाम पहुंचकर भी प्रधानमंत्री यात्रा की तैयारियों का अवलोकन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार की बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप और अन्य तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर लिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और सेवा संस्थानों में से एक अशोक नगर के आनंदपुर धाम में प्रतिवर्ष वैशाखी पर वार्षिक मेला लगता है। इस समागम में धाम से जुड़े हजारों देशी-विदेशी अनुयायी पधारते हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री के आगमन के कारण यह मेला यादगार बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री आनंदपुर धाम जैसे स्थान आस्था के केंद्र होने के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के भी बड़े केंद्र हैं, जिसे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को एक बार जरूर देखना चाहिए।

**आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

#### लंगर में प्रसाद ग्रहण करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम परिसर स्थित आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री को इस धाम में होने वाली भक्ति और ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के साथ ही संचालित सेवा कार्यों की भी जानकारी दी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम परिसर स्थित चारों मंदिरों को देखेंगे। वे विशाल सत्संग हॉल में मंचीय कार्यक्रम में वैशाखी के वार्षिक मेला आयोजन में नागरिकों और इस धाम से जुड़े देश-विदेश के अनुयाईयों को संबोधित करेंगे। वे लंगर में प्रसाद भी ग्रहण करेंगे।

### अल्बानिया रिपब्लिक के चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग बनेगा आब्जर्वर

**भोपाल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में आमंत्रित किया गया है। अल्बानिया में 9 से 11 मई 2025 तक संसदीय निर्वाचन होना है। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्थानीय निर्वाचन में किए गए विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### आपदा प्रबंधन विषय पर पुलिस अफसरों के लिए सेमिनार आयोजित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी में प्रदेश से आए हुए मैदानी पुलिस अधिकारियों के दो दिवसीय आपदा प्रबंधन सत्र का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह के निर्देशन में हुआ। सत्र प्रारंभ पर सहायक निदेशक प्रशासन एवम बेसिक ट्रेनिंग नीरज पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सहायक निदेशक ट्रेनिंग श्रद्धा जोशी द्वारा मुख्य अतिथि को अकादमी का स्मृति चिन्ह भेंट किया। यास्मीन जैहरा सहायक निदेशक सम्पदा ने आभार प्रदर्शन किया। सेमिनार में उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित 50 पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए।

श्री आनंदपुर धाम में किया प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण

## पीएम मोदी का आध्यामिक आयोजन में पधारना ऐतिहासिक अवसरः शर्मा



*विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को धाम के दर्शन उपरांत किया। इस दौरान धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा एवं सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर शर्मा ने आवश्यक चर्चा की। वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में आ रहे हैं। यह ऐतिहासिक अवसर है। श्री आनंदपुर धाम का आयोजन धार्मिक एवं आध्यात्मिक है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लाखों संगत, क्षेत्र की जनता सहित प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। श्री आनंदपुर धाम की देश में लाखों संगत हैं, जो भारत की सनातन संस्कृति व आध्यात्म के लिए समर्पित हैं। निष्काम सेवा भाव से भक्त के पथ को अग्रसर करना ही श्री आनंदपुर धाम का मूल कार्य है। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व सांसद केपी यादव आदि उपस्थित रहे।*

## कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सीएम से मिले, पदोन्नति के लिए माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार शाम मंत्रालय कर्मचारी संघ और शीघ्र लेखक संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में की गई घोषणा पर आभार व्यक्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।

कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि नौ वर्ष बाद यह एक बड़ा निर्णय लिया जा रहा है जो कर्मचारी वर्ग के हित में रहेगा। अनेक कर्मचारी पदोन्नति की चाह में सेवानिवृत हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उलझे हुए मसले पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की घोषणा की है जिसके लिए समस्त कर्मचारी उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में शासकीय सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शासन द्वारा समय-समय पर शासकीय सेवकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विकास में सभी वर्गों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठनों के सुभाष वर्मा, जीपी सिंह, संजय राठौर, शैलेंद्र पांडे, हरिशंकर भार्गव, सीमा कोरोपा, अनूप चौहान शामिल हुए।

## महाराष्ट्र की उप-सभापति नीलम ताई से शिवसेना पदाधिकारियों ने की संगठन विस्तार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र प्रदेश की उप-सभापति (विधान परिषद) एवं शिवसेना की वरिष्ठ नेत्री नीलम ताई गोन्हें के एक दिवसीय प्रदेश के दौरे आई। इस दौरान शिवसेना मप्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों मुलाकात और संगठन विस्तार पर चर्चा की।

इस अवसर पर शिवसेना मप्र के प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी ने नीलम ताई से संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीतियाँ तथा प्रदेश में शिवसेना के संगठनात्मक विस्तार को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर नीलम ताई ने शिवसेना के मूल विचारों को मध्यप्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में कांग्रेस नेता शुक्ला ने किया विरोध प्रदर्शन



**भोपाल।** घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की वृद्धि कर केंद्र सरकार ने आम आदमी पर महंगाई का चाबुक चलाया है। भोपाल में अब सिलेंडर की कीमत 858.50 रुपए हो जाएगी। इसके विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने मंगलवार को भोपाल के विकास नगर झुग्गी बस्ती में उज्जवला योजना लाभान्वित महिलाओं के साथ एक घर के चूल्हे पर रोटियां सेकी और सरकार के इस फैसले का विरोध किया।

## 39 आरक्षक, प्रधान आरक्षक के ट्रांसफर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 139 पुलिस आरक्षकों और प्रदान आरक्षकों के ट्रांसफर किए हैं। ये थोकबंद तबादले पुलिस द्वारा स्टाफ के द्वारा दिए गए तबादला आवेदन के आधार पर किए गए हैं। इन सभी का एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर किया गया है। पीएचक्यू की कार्मिक शाखा द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत इन सभी को तय समय सीमा में रिलीव करने के निर्देश भी जिलों के एसपी को दिए गए हैं।

## नर्सिंग फर्जीवाड़ाः 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता के मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में वर्ष 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता प्रदान करने संबंधित सभी मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूद्ध तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गई है। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गए थे। इसके चलते अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने नियमों में किए सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल भी पेश करने के निर्देश जारी किए थे।




## कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# मप्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड से एमओयू किए जाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत भारत सरकार से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए एमओयू किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड (भारत सरकार की मिनी रत्न श्रेणी-1) सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेज (सीपीएसई) संस्था है।

संस्था के द्वारा मप्र में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत गुणवत्ता सुधार, एलईपी (कक्षा 6वीं से 12 वीं ) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। इसमें सीखने में वृद्धि कार्यशालाएं, सीखने के परिणाम आधारित मूल्यांकन, राज्य के बाहर वैज्ञानिक एक्सपोजर विजिट, शिक्षक विकास, सतत व्यावसायिक विकास और परिणाम शिक्षण रणनीतियों में सुधार शामिल हैं।

### लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों का प्रशासकीय अनुमोदन

कैबिनेट ने लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों (योजनाओं) अन्तर्गत आने परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन वाली परियोजनाओं के परीक्षण और प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया हैं। इसे जारी करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया हैं। इसके तहत राज्य में कोई भी नवीन कार्यक्रम शुरू किए जाने के लिए कैबिनेट की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किया जाना जरूरी होगा। पूंजीगत परियोजनाओं और कार्यों की स्वीकृति के लिए सक्षम स्तर की समितियों के वित्तीय अधिकारों में दोगुनी वृद्धि की गई है। परियोजनाओं, कार्यों की स्वीकृति के लिए पीएम-गतीशक्ति का उपयोग अनिवार्य होगा। परियोजनाओं, कार्यों को जीआईएस आधारित बनाने की जरूरत के लिए एमपीएसईडीसी के जीओ पोर्टल पर प्लानिंग करना अनिवार्य होगा। परियोजना, कार्य में स्वीकृत लागत में वृद्धि होने पर पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के लिए प्रशासकीय विभाग को पुनः सक्षम वित्तीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करनी होगी। परंतु परियोजना, कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति के 10 प्रतिशत तक राशि व्यय करने की अनुमति रहेगी।

### पूंजी ऋण सुविधा के लिए शासकीय प्रत्याभूति

*राज्य की विद्युत कंपनियों के लिए कर सेल पूंजी नगद ऋण की सुविधा के लिए सरकारी गारंटी दी जाएंगी। इसका कैश फ्लो बना रहे, इसके लिए सरकार समय-समय पर इन कंपनियों को गारंटी देती है। तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के लिए वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक प्रतिवर्ष राशि 12,466 करोड़ रुपए की नगद साख सुविधा, कार्यशील पूंजी ऋण के लिए शासकीय प्रत्याभूति तक प्रदान की जाएगी। इसमें प्रस्तावित गारंटी पर मात्र 0.5% की दर से प्रत्याभूति होगा।*

### माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत

पार्वती काली सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजना के तहत दाब युक्त माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। यह एक बड़ी परियोजना है, इससे 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इसके लिए 2932 करोड़ की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। इससे मल्हारगढ़ और मंदसौर को सिंचाई के लिए फायदा मिलेगा। सिंचित क्षेत्र 60 हजार हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे।

7 बैरसिया रोड पर ट्रॉली पलटी, आधा दर्जन से...



12 जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में...





बच्ची की खोपड़ी और गर्दन से जुड़ा था एक अधूरा विकसित जुड़वां भ्रूण

# तीन साल की बच्ची की खोपड़ी से हटाया पैरासिटिक ट्विन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने एक असाधारण चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल की न्यूरो सर्जरी टीम ने एक तीन वर्षीय बच्ची की खोपड़ी से परजीवी जुड़वां (पैरासिटिक ट्विन) को सफलतापूर्वक अलग करने के लिए एक जटिल सर्जरी की। यह दुर्लभ मामला चिकित्सा जगत में चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार बच्ची जन्म से ही इस असामान्य स्थिति से पीड़ित थी, जिसमें उसकी खोपड़ी और गर्दन से एक अधूरा विकसित जुड़वां भ्रूण जुड़ा हुआ था।



पहले

बाद में

एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग ने की सर्जरी

### जान के लिए भी थी खतरा

यह परजीवी जुड़वां बच्ची के लिए न केवल शारीरिक परेशानी का कारण था, बल्कि उसकी जान के लिए भी खतरा बन रहा था। माता-पिता ने कई अस्पतालों में संपर्क किया, लेकिन किसी ने सर्जरी की हिम्मत नहीं दिखाई। अंत में वे एम्स भोपाल पहुंचे। यहां डॉ. राधा गुप्ता एवं डॉ. अंकुर (रेडियोलोजी), डॉ. रियाज अहमद (बाल शल्य चिकित्सा) और डॉ. वेद प्रकाश (प्लास्टिक सर्जरी) के साथ बैठक आयोजित की गई। विचार-विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि बालिका को सामान्य जीवन देने के लिए शीघ्र सर्जरी की जाए। तीन अप्रैल को यह दुर्लभ सर्जरी डॉ. सुमित राज द्वारा की गई, जिसमें डॉ. जितेंद्र शाक्य एवं डॉ. अभिषेक ने सहायक की भूमिका निभाई। पूरे ऑपरेशन के दौरान डॉ. सुनैना एवं डॉ. रिया ने एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व किया। वहीं, डॉ. रुचि द्वारा इन्ट्रा-ऑप न्यूरोमॉनिटरिंग की गई, जिससे सर्जरी के दौरान तंत्रिका तंत्र की कार्यशीलता की निगरानी संभव हो सकी।

### जन्म के समय ही आ गया था नजर

*यह मामला एक परजीवी जुड़वां से जुड़ा था, जिसमें एक अधूरे रूप से विकसित जुड़वां भ्रूण, जीवित बच्ची की खोपड़ी और गर्दन से चिपका था। यह बच्ची के जन्म के समय ही नजर आ गया था। परजीवी जुड़वां एक दुर्लभ स्थिति होती है, जब गर्भ में दो जुड़वां बच्चे बनने लगते हैं, लेकिन उनमें से एक का विकास बीच में रुक जाता है। यह अधूरा जुड़वां बच्चा अपने पूरी तरह विकसित हो रहे जुड़वां से चिपका रहता है। इस अधूरे जुड़वां को ही परजीवी जुड़वां कहा जाता है, क्योंकि वह खुद से नहीं जी सकता और अपने जुड़वां पर निर्भर रहता है।*

### ब्रेन स्टेम से थी चिपकी

*यह मामला मध्य प्रदेश के अशोकनगर की तीन वर्षीय बालिका का है, जिसकी गर्दन के पिछले हिस्से में जन्म से ही एक मांसल उभार था। एम्स भोपाल के न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती करने के बाद उसकी एमआरआई और सीटी स्कैन किए गए। जांच में पता चला कि उसकी खोपड़ी और रीढ़ की हड्डी से एक अधूरे शरीर का पैर और श्रेणि हड्डियां जुड़ी हुई थीं, जो दिमाग के बेहद नाजुक हिस्से ब्रेन स्टेम से चिपकी हुई थी।*

## नवरतन सोनी संभालेंगे पीसीसीआईटी का चार्ज

**भोपाल।** एमपी-सीजी के नए प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इंकम टैक्स बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ का यह बेहद अहम पद पुरुषोत्तम त्रिपुरी संभाल रहे थे। विगत 20 मार्च को उनके रिटायरमेंट के अगले दिन इस पद का अतिरिक्त प्रभार पीसीसीआईटी यूपी वेस्ट और उत्तराखंड कृष्णा मुरारी को सौंपा गया था। वे भोपाल के बजाय कानपुर से ही यह अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। इसके बाद 4 अप्रैल को केंद्र सरकार ने भोपाल में स्थायी पीपीसीआईटी की नियुक्ति करते हुए यहां नवरतन सोनी की नियुक्ति की है। आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को नवरतन सोनी भोपाल आकर अपना पदभार संभालेंगे। सोनी का तबादला नॉर्थ ईस्ट रीजन के पीसीसीआईटी के पद से एमपी-सीजी के पीसीसीआईटी के पद पर किया गया है। वे अब तक गुवाहाटी में पदस्थ थे। उनका तबादला आदेश आते ही नए आयकर भवन में चैंबर के बाहर उनकी नेम प्लेट लगा दी गई थी, लेकिन उनके भोपाल आने के बारे में अटकलें जारी थीं। आयकर अफसरों के मुताबिक भोपाल के पीसीसीआईटी का पदभार संभाल रहे कृष्णा मुरारी का भी तबादला कानपुर से हो गया है। उन्हें पुणे में पीसीसीआईटी के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तय दुकान का नाम बताने वाले स्कूल संचालकों पर होगी कार्रवाई

# अब तीन बुक सेलर्स के यहां मिलेंगी प्राइवेट स्कूलों की बुक्स-यूनिफार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तय दुकान से स्कूली कोर्स और यूनिफार्म लेने की पॉलिसी को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले में आठ टीमों का गठन किया है। यह टीमें स्कूलों में फीस ब्यौरा, बुक सेलर्स और यूनिफार्म विक्रेता की जानकारी जुटाएंगी। ऐसे में स्कूल संचालकों को तीन से अधिक दुकानों पर बुक्स की डिटेल देना पड़ेगी।

जिससे एक दुकानदार की मोनोपाली को खत्म किया जा सके। टीम रोजाना का जांच स्टेटस शेयर करेंगी, जिसके आधार पर स्कूल संचालक और बुक सेलर्स पर कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को जारी आदेश में जिले के सभी आठ एसडीएम के नेतृत्व में टीमों का गठन किया है। आम लोग भी दवाब बनाने वाले स्कूल संचालकों की शिकायत कर सकेंगे, जिससे इस पर अंकुश लगाया जा सके।

हरिभूमि इम्पैक्ट

### पिछले और नए साल की फीस का ब्यौरा भी जुटाएंगे अफसर

### आज से आठ टीमें करेंगी स्कूल और बुक सेलर्स की जांच



हरिभूमि

प्रदेशभर के 34 हजार 701 स्कूलों में से मात्र 9 हजार 263 ने सार्वजनिक किया किताबों का ब्यौरा

नए सत्र के साथ ही निजी स्कूलों का 'दबाव' शुरू, निर्धारित दुकानों पर ही मिल रही पुस्तकें

### दुकानों और स्कूलों का निरीक्षण होगा

यह टीमें बुधवार से कोर्स सहित अन्य शिक्षा सामग्री बेचने वाली दुकानों और स्कूलों का निरीक्षण करेंगी। कलेक्टर ने एमपी नगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे, टीटीनगर अर्चना शर्मा, कोलार रविशंकर राय, शहर दीपक पांडे, बैरागढ़ आदित्य जैन, गोविंदपुरा रवीश श्रीवास्तव, हुजूर विनोद सोनकिया और बैरसिया के एसडीएम आशुतोष शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। यह दल विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों का निरीक्षण करेगा। टीमें बुक्स के आइएसबीएन नंबर्स की पुष्टि भी करेंगी।

### पालकों पर दबाव बनाया तो लेंगे एक्शन

प्राइवेट स्कूलों में पालकों पर तय दुकान से कोर्स और यूनिफार्म लेने या मनमाने तरीके से फीस में बढ़ोतरी करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आठ टीमों का गठन किया गया है।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

## बिल्डर्स, कॉलोनाइजर और किसानों पर दर्ज होगा केस

बिल्डर्स ने किसानों से अनुबंध कर काटी अवैध कॉलोनियां

# अब अवैध कॉलोनी काटने वाले सात कॉलोनाइजर्स पर होगी एफआईआर

**कलेक्टर कोर्ट की सुनवाई में पता चला,कॉलोनाइजर ने आम जनता को भ्रामक जानकारी और धोखा देकर भवन-भूखंड का विक्रय किया**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने छह महीने चली कोर्ट सुनवाई के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए सात अवैध कॉलोनियों के लोगों पर एफआईआर के आदेश जारी किए हैं।

मंगलवार को जारी आदेश के बाद अपने-अपने क्षेत्र के एसडीएम संबंधित थानों में खसरों में दर्ज नामों के हिसाब से एफआईआर दर्ज कराएंगे, हालांकि जिन लोगों ने इन अवैध कॉलोनियों में प्लॉट या मकान लिए हैं, उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। जिला पंचायत सीईओ को इन कॉलोनियों में खाली पड़े प्लॉटों का अधिग्रहण कर विकास कराने के आदेश दिए हैं। इन कॉलोनियों में बिल्डर्स ने किसानों से अनुबंध कर कॉलोनियों काटी हैं। जिससे राजस्व रिकार्ड में किसानों के नाम दर्ज हैं, जिसकी वजह से अधिकतर किसानों पर ही कार्रवाई होगी।

खाली प्लॉटों का होगा अधिग्रहण, प्लॉट मालिकों को नहीं होगी दिक्कत

मंगलवार को कलेक्टर ने सभी एसडीएम को आदेश सौंप दिए। यह कॉलोनियां बिना परमिशन काटी गई हैं, जिसके लिए ननि और टीएंडसीपी से अनुमति भी नहीं ली गई है। कलेक्टर कोर्ट की सुनवाई में पता चला कि व्यक्तियों, संस्था, बिल्डर, कॉलोनाइजर ने आम जनता को भ्रामक जानकारी और धोखा देकर भवन-भूखंड का विक्रय किया है।

### इन पर होगी एफआईआर

प्रशासन अब इन पर कॉलोनाइजर्स पर जल्द ही सख्ती बरतने जा रहा है। इनमें कोलार क्षेत्र के बंगरसिया में आशीष पांडे, अरहेड़ी में महाराज सिंह मीणा, हुजूर के सेवनिया औंकारा में रजत साहू, संजू यादव और राधेश्याम माली ने तीन जगहों पर अलग-अलग अवैध कॉलोनियां काटी हैं। जबकि बैरसिया के नरेला बाजयाफ्त में धर्मेंद्र कुमार और साजिद सईद ने बिना विकास अनुमति के अवैध कॉलोनी काटी है। इन लोगों पर एफआईआर कराने और खाली प्लॉटों का अधिग्रहण करने के आदेश जारी किए गए हैं।

13 दूसरी जगहों पर भी आगजनी

# लहारपुर के इकोलाजिकल पार्क में 18 दिन में लगी दूसरी बार आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी बढ़ने के साथ ही मंगलवार को शहर में 13 अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। लहारपुर स्थित इकोलाजिकल पार्क में 18 दिन पहले ही आग लगी थी, मंगलवार को फिर से आग भड़क उठी। दोपहर करीब एक बजे पार्क में पड़े कचरे में आग से पेड़-पौधे खाक हो गए। दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यहां 22 मार्च को भी आग लगी थी। रहवासी उमाशंकर तिवारी का आरोप है कि 15 सौ हेक्टेयर के पार्क में जगह-जगह कचरा फैला है, जिससे यहां आए दिन आगजनी की घटनाएं हो रही हैं।



### खंती में दूसरे दिन भी धधकती रही आग

*आदमपुर कचरा खंती में दो दिन से धधक रही आग को बुझाने के लिए शहर के सभी फायर स्टेशनों से दमकलें भेजी गई हैं। लगातार पानी की बौछारों के बाद भी खंती से दिन भर धुआं उठता रहा, जिससे दमकलों को खासी मशक्कत करना पड़ी।*

हाईकोर्ट ने टिप्पणी के साथ निरस्त की याचिका

# आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध है। लिहाजा, राजस्व अधिकारी की अनुमति से किया गया विक्रय अनुचित है। कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य व अवैध है। जस्ट विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष के आदेश की पुष्टि करते हुए याचिका निरस्त कर दी। नर्मदापुरम निवासी आरएन श्रीवास्तव की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी।

### यह है मामला

सर्वेक्षण क्रमांक 75 में स्थित जमीन 1983-84 खुमान सिंह के नाम पर दर्ज था। वर्ष 1985-1986 में गैर आदिवासी बालकृष्ण शर्मा ने अपना नाम दर्ज करा लिया। शर्मा के बेटे ने याचिकाकर्ता सहित अन्य को बेच दी थी। मूल मालिक खुमान सिंह के पोते व अनावेदकों ने एसडीएम के समम जमीन अपने नाम दर्ज कराने आवेदन किया था। एसडीएम ने खुमान सिंह के पोतों के पक्ष में आदेश पारित किया था। जिसके खिलाफ कलेक्टर, आयुक्त, राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष के समक्ष अपील दायर की थी। अपील निरस्त होने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। एकलपीठ ने याचिका निरस्त करते हुए आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया है कि आदिवासी व्यक्ति की जमीन बेचने के लिए कलेक्टर ने अनुमति प्रदान नहीं थी।

## पांच जिलों में दूसरे दिन भी चली लू, भोपाल में 41.2 डिग्री रहा पारा

आज रतलाम, मंडला सागर, गुना, नर्मदापुरम में लू का येलो अलर्ट

# भोपाल में छाए बादल, प्रदेश में लू के साथ बारिश-ओले, दो दिन बाद गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मंगलवार को कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे। इसके बावजूद अभी दो से तीन दिन तेज गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की कमी आएगी।

मंगलवार को लगातार दूसरे दिन पांच जिलों में लू चली। इस बीच भोपाल में बादल छाने से पारा आधा डिग्री गिरकर 41.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक है। आधा दर्जन जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के करीब रहा। धार, गुना, रतलाम, सागर, टीकमगढ़, दमोह में लू चली। प्रदेश में सर्वाधिक दिन का पारा गुना में 43.4 डिग्री दर्ज हुआ। यहां तीव्र लू चली।



### यहां गिरे ओले

*मंगलवार को छिंदवाड़ा में गरज- चमक के साथ बारिश हुई। यहां बारिश के साथ कुछ देर छोटे आकार के ओले गिरे हैं। साथ ही शाम के समय दक्षिण बैतूल, डिंडोरी और पश्चिम पांढुर्ना में हल्की गरज के साथ बारिश हुई है। इससे इन जिलों के तापमान में मामूली कमी रही।*

### अभी सिस्टम यहां

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अभी एक ट्रफ के रूप में सक्रिय है। मध्य महाराष्ट्र और आसपास एक सकुर्लेशन बना है। वहीं, एक ट्रफ मध्य महाराष्ट्र से कर्नाटक से होते हुए इस सकुर्लेशन से गुजर रही है। इससे दो दिन बाद प्रदेश में मौसम में बदलाव होगा। कुछ जगह बारिश और गरज चमक के साथ ओले भी गिरेंगे।*

### आज यहां चलेगी लू

*बुधवार को रतलाम, मंडला, सागर, गुना, नर्मदापुरम में लू का येलो अलर्ट है। वहीं, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग के जिलों में पारा सामान्य से 3 से 5 डिग्री तक अधिक रहने से कुछ जगह लू की संभावना है। इंदौर, बिलासपुर, शहडोल संभाग के जिलों में पारा नॉर्मल से 1.6 से 3 डिग्री तक रह सकता है। अगले कुछ दिनों में ग्वालियर, चंबल, सागर संभाग के जिलों में कुछ जगह और छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, मंडला, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, नीमच, मंदसौर आदि जिलों में कहीं कहीं तेज गर्मी के साथ लू चल सकती है।*



# अब केवल चेहरा दिखाने से ही जनरेट हो जाएगा यूएएन नंबर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने एक और अच्छी खबर का ऐलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान कराकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) हासिल कर सकेंगे। बिहार के छह जिलों जिनमें अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं, में ईएसआईसी के तहत अधिसूचित करने की घोषणा की।

**पश्चिम मध्य रेल**

डीजल लोको शेड, इटारसी
दिनांकः 03/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:00 बजे तक ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोले जाएगे। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। इस टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा यदि कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त भी होता है तो वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्याः** ET-D-L-TM-HHP-RSP **दिनांक** 03/04/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** डीजल लोको शेड इटारसी में एसी ट्रैक्शन मोटर्स की छह वार्षिक ओंवरहालिंग और स्टेटर/रोटर की मरम्मत/पुनर्स्थापन, एचएचपी लोकोमोटिव के टीएम पर लगे स्पेयर का नवीनीकरण/आपूर्ति। **कार्य की अवधिः** 12 माह। **निविदा की अनुमानित लागतः** रू. 1,17,03,806.40 (रू. एक करोड़ संत्रह लाख तीन हजार आठ सौ छह और चालीस पैसे मात्र) **निविदा की बयाना राशिः** रू. 2,08,500.00 (रू. दो लाख आठ हजार पांच सौ मात्र) ई-**निविदा प्रपत्र मूल्यः** कुछ नहीं। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 25/04/2025, 15:30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर के पास क्लास III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। बयाना राशि का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के द्वारा किया जा सकता है।

वरि.मं.यां.इंजी.(डी), इटारसी
266/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।

# पेंशन में देरी पर बैंकों को देना होगा 8 फीसदी ब्याज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




## आरबीआई ने जारी किए निर्देश

बैंकों को आरबीआई से निर्देशों की वेट किए बिना पेंशन भुगतान पूरा करने का निर्देश दिया गया है, इस प्रकार यह सुनिश्चित किया जाता है कि पेंशनभोगियों को अगले महीने के भुगतान चक्र में उनका लाभ मिले। बैंकों से बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने का आग्रह किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के एक हालिया निर्देश में रिटायर केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों को पेंशन बांटने के लिए जिम्मेदार सभी बैंकों को अब पेंशन भुगतान में किसी भी देरी के लिए 8 फीसदी प्रति वर्ष का ब्याज देना अनिवार्य है। आरबीआई के मास्टर सर्कुलर में बढ़ोतरी इस आवश्यकता का उद्देश्य पेंशनभोगियों को उनके बकाया के देर से भुगतान के लिए क्षतिपूर्ति करना है। सर्कुलर के अनुसार, 'पेंशन भुगतान करने वाले बैंकों को पेंशन/बकाया राशि जमा करने में देरी के लिए पेंशनभोगी को भुगतान की नियत तिथि के बाद 8 प्रतिशत प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर मुआवजा देना चाहिए।' निर्देश में आगे स्पष्ट किया गया है कि यह मुआवजा पेंशनभोगियों से किसी भी दावे की आवश्यकता के बिना ऑटोमेटिक रूप से प्रदान किया जाएगा। तय पेमेंट डेट के बाद होने वाली किसी भी देरी के लिए मुआवजा 8फीसदी प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर प्रदान किया जाना चाहिए। ब्याज उसी दिन पेंशनभोगी के खाते में जमा किया जाएगा जिस दिन बैंक संशोधित पेंशन या पेंशन बकाया राशि संसाधित करेगा, जो 1 अक्टूबर, 2008 से सभी लेट भुगतानों पर लागू होगा। सर्कुलर में बैंकों द्वारा पेंशन डिस्बर्समेंट के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है, ताकि संबंधित पेंशन भुगतान अधिकारियों से पेंशन आदेशों की कॉपीज तुरंत प्राप्त करके देरी से बचा जा सके।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, सेमरीहरचंद**
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्र./मंडी/निर्माण/25-26/84 सेमरीहरचंद, दिनांक : 07.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता. म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक **2025_MPSAM_415018_1, 2025_MPSAM_415020_1** के अन्तर्गत **ऑनलाइन निविदायें दिनांक 05.05.2025 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **https://mpmandiboard.in** पर भी अवलोकनीय होगी
**नोटः-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/119605/2025 सचिव

SECTION 1
Notice Inviting Tenders
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Zone-19 Engineering Department Shyama Prasad Mukhrjee Nagar, Kolar

Appendix 2.10
Tender Document
(FIRST CALL)

NIT Number: 06/ES/BMC/Z19/2025 Date: 08.04.2025

Offline Percentage rate bids for the following works are invited on tender form 2.10 from registered Contractors and firms of reputed fulfilling registration criteria:

| S.N | NIT No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04/ES/BMC /Z19/2024-25 | SUPPLY OF C.I. BENCHES AT GEHUKHEDA PRIYANKA NAGAR RAJVED COLONY INDUS TOWN HARIGANGA NAGAR KATARA SAMARDHA AND OTHER PLACES OF W-81,84,85, Z-19. | 8,45,500/- | 8,455/- | 2,000/- | 30 Day |
| 2. | 05/ES/BMC /Z19/2024-25 | PROVIDING AND LAYING PAVER BLOCK NEAR RAM MANDIR BAIRAGARH CHICHLI W-81, Z-19. | 7,72,752/- | 7,728/- | 2,000/- | 30 Day |
| 3. | 06/ES/BMC /Z19/2024-25 | CONST. OF SHADE AND CHABUTARA AT GEHUKHEDA, PRIYANKA NAGAR, INDUS TOWN, KATARA AND OTHER VARIOUS PLACES IN W-81,84,85, ZONE-19. | 8,40,941/- | 8,409/- | 2,000/- | 30 Day |

1. The Bid Document can be purchased offline from (date) 08.04.2025 to (date) 13.05.2025 (time) 3.00 pm and bid submission upto (date) 15.05.2025 (time) 3.00pm, bid open (date) 15.05.2025 (time) after 3.00pm
2. Amendments to NIT, if any, would be published on only in newspaper.

नि.क्र. 1638/025/026
ASSISTANT ENGINEER ZONE-19(CIVIL)
MUNCIPAL CORPORATION, BHOPAL

## जैकेट का शेष

### पूछा-किस आधार पर...

साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष समेत कई लोगों की मौत के मामले में डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई थी। ये जानकारी मांगी गई है। वहीं, कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अपोलो हॉस्पिटल पहुंचकर डॉ नरेंद्र की नियुक्ति और दस्तावेजों से संबंधित जानकारी मांगी है।

### ऐसा कुछ नहीं किया...

कोई आघात पहुंचा हो। मालवीय ने नोटिस मिलने के पांच दिन बाद ही जवाब दे दिया था लेकिन यह सामने अब आ सका। मालवीय ने लिखा कि नोटिस में मेरे वक्तव्यों और कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचने के लेख के समर्थन में किसी वक्तव्य या कृत्य का कोई उल्लेख नहीं है। जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को मेरे कारण आघात पहुंचा हो। जिन आरोपों को उल्लेखित ही नहीं किया गया उन्हें मैं विनम्रता पूर्वक पूर्णतः अस्वीकार करता हूं। उन्होंने यह भी लिखा कि इस स्पष्टीकरण के माध्यम से यह भी आश्वस्त करता हूं कि भविष्य में मुझे यदि मेरे वक्तव्यों एवं कृत्यों के संबंध में स्पष्टतः अवगत कराया जाता है तो मैं उसका तर्कसंगत प्रमाणों के साथ स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को तत्पर रहूंगा। नोटिस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने 7 दिन में जवाब मांगा था। मालवीय को नोटिस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष के नाते से भेजा गया था।

### पीछा किया तो...

कॉलेज के पास स्थित सेंट्रल बैंक से एटीएम से 10 हजार रुपए कैश निकाले। एटीएम से कैश निकालते समय एक लड़का आकर पीछे खड़ा हो गया। इसके तीन लड़के और अंदर आ गए। उन्होंने इसके हवलदार पर हमला कर दिया और जेब में रखे 10 हजार रुपए और एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए। हवलदार ने कार का पीछा रोकने की कोशिश की तो उसके ऊपर ही कार चढ़ा दी। टक्कर लगते ही वह कार की बोनट पर आ गया। इसके बाद बदमाशों ने हवलदार को एक किलोमीटर तक कार में घुमाया। जब चेतकपुरी पर कार पहुंची तो वहां पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा था। जिस कारण से कार धीमी हो गई और हवलदार उतर गया। इसके बाद बदमाश भाग गए, लेकिन हवलदार ने एक राहगीर की मदद से कार का पीछा शुरू किया, लेकिन तब तक वह भाग निकले। पूरी घटना की सूचना फौरन ही सीएसपी ने कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद शहर के सभी पॉइंट्स पर नाकाबंदी कर दी गई। कार में सवार दो लोगों को निरावली पॉइंट से पकड़ लिया गया। वहीं, तीन बदमाश कूदकर भाग निकले। पुलिस पकड़े हुए बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

### जयपुर-मुंबई फ्लाइट...

पैसेंजर्स को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। फ्लाइट की लैंडिंग के बाद ट्रैकिंग के दौरान स्टॉफ को एक लेटर मिला था जो बाथरूम में मिला था और उसमें लिखा था कि फ्लाइट में बम रखा है। इसके बाद एयरपोर्ट सिक्योरिटी और पुलिस की टीम ने पूरी फ्लाइट की सघन चेकिंग की लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जिसके बाद मुंबई पुलिस की टीम ये पता लगाने की कोशिश में है कि धमकी भरे ऐसे नोट को किस ने बाथरूम तक पहुंचाया और उसका मकसद क्या था।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा...

मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में लोग वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो झड़प हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। पुलिस ने इसके बाद लाठीचार्ज किया और इसके साथ आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

### मालवीय का ममता...

अवैध घुसपैठ के कारण राज्य प्रशासन के लिए दुर्गम हो गए हैं।

### कांग्रेस की जिला...

की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलंगाव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे। यह शताब्दी समारोह हमने 26 दिसंबर को कर्नाटक में मनाया। गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल- ये सभी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। खरगे ने कहा कि गांधीजी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। आज कम्यूनल डिवीजन करके देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है। दूसरी तरफ ऑलिग्राफिक मॉनोपॉली देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर है। खरगे ने कहा कि इसी साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150 वीं जयंती है। नेहरू उनको भारत की एकता का संस्थापक कहते थे। उनकी 150 वीं जयंती हम लोग देश भर में पूरे उल्लास से मनाएंगे।

**सरकार ने गांधीजी और बाबा साहेब का अपमान कियाः** आरएसएस पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि जब संविधान बना तो आरएसएस ने गांधीजी, पंडित नेहरू,आंबेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की। रामलीला मैदान पर संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। ये भी कहा कि संविधान में मनुवादी आदर्शों से प्रेरणा नहीं ली गई। मोदी सरकार ने संसद परिसर में गांधीजी और बाबा साहेब की भव्य मूर्ति को उठा कर एक कोने में डाल कर उनका अपमान किया।

## पेज एक का शेष

### मंडला की बेटी ...

लिए शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाना है। दरअसल, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम 27 अप्रैल से 7 मई तक कोलंबो में यह टूर्नामेंट खेलेंगी।

### भोपाल के लवकुश ...

था कि मैं पहली बार इतना बड़ा ऋण ले रहा हूं और मैं इसे चुका पाऊंगा या नहीं। आज मेरा मुद्रा ऋण 5 लाख से बढ़कर 9.5 लाख रुपए हो गया है। और मेरा पहले साल का टर्नओवर 12 लाख था, जो अब 50 लाख से अधिक हो गया है।

### प्रधानमंत्री ने कहा-मुद्रा ...

यह मुद्रा योजना किसी भी सरकार के लिए आंख खोलने वाली है। यह योजना मेरे देश के युवाओं को अपने पैरों पर खड़े होने का साहस देने के लिए है। इसमें सबसे ज्यादा संख्या में महिलाएं आगे आई हैं।

### मुद्रा लाभार्थियों में से...

हैं। प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, आत्म-सम्मान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेशन के अलावा, इस योजना ने सामाजिक समावेशन और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है।

### मजदूर को 314 करोड़...

देखकर दंग रह गया। अरबों का आयकर नोटिस पाने वाला शख्स चंद्रशेखर एक मजदूर निकला, उसे खुद ही नहीं मालूम था कि उसके पास ये नोटिस क्यों आया।

नागपुर के रहने वाले चंद्रशेखर कोहाड़ बैतूल की मुलताई तहसील में किराए के मकान में रहता है। आयकर विभाग का नोटिस मिलने के बाद से चंद्रशेखर मानसिक रूप से बेहद परेशान है। उसे समझ नहीं आ रहा है कि करें तो आखिर क्या? चंद्रशेखर को इस पूरे मामले में नागपुर के श्रीनाथ मंगलम बैंक के प्रबंधन पर संदेह है, जहां उसने 4 साल पहले एक चालू खाता खुलवाया था। इसमें वो रोजाना 200 से 300 रुपए जमा करता था। बैंक एजेंट ने चंद्रशेखर से उसका फोन नंबर भी लिया था, लेकिन फोन नंबर से बैंक खाते तो लिंक नहीं किया गया। इससे खाते का इस्तेमाल होने की जानकारी उसे कभी नहीं मिली। सदमे चंद्रशेखर और उनकी तबीयत बिगड़ गई।

### वक्फ बिल का समर्थन...

है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। क्योंकि घटना को लेकर दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में पूर्व कर्नल शराब के नशे में हैं। पुलिस ने बताया कि पूर्व कर्नल की तरफ से दी गई शिकायत में दावा किया गया है कि कैब ड्राइवर मुस्लिम समुदाय का था। ऐसे में वक्फ बिल का समर्थन करना उसे नागवार गुजरा। जिसके बाद उसने तुरंत रास्ते में ही मैसेज करके अपने साथियों को बुलाकर गाड़ी रोक ली और पिटाई कर दी। जिससे पूर्व कर्नल घायल हो गए। इसके अलावा कैब ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व कर्नल के जरूरी कागजात और पैसे भी लूट लिया। फिलहाल मामले में कैब ड्राइवर और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पिटाई से घायल पूर्व कर्नल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फार्म-हाउस में बंधक...

है। जबकि एक आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। पीड़िता ने बताया कि रविवार दोपहर को एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने शादी पार्टी में ऑर्केस्ट्रा परफॉर्मेंस के बारे में पूछा। छठी कार्यक्रम का झांसा देकर दोनों डांसरों को विंध्यनगर बुलाया गया। वहां से एक आरोपी बाइक पर उन्हें गांव ले गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बजाय आरोपी उन्हें एक सुनसान फार्म हाउस में ले गए। वहां दूसरा आरोपी पहले से मौजूद था। दोनों आरोपियों ने पीड़िताओं को बंधक बनाकर रेप किया और फरार हो गए।

### कांग्रेस के जिला ...

मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई। एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान (62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया।

### हरिभूमि के फोटोजर्नलिस्ट...

प्रहलाद सिंह पटेल समेत कई मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ पत्रकारों व फोटो जर्नलिस्ट्स ने अपनी शोक संवेदना जताई है। खुशमिजाज व हरदिल-अजीज रविंदर सिंह ने राजधानी के विभिन्न समाचार पत्र समूहों में अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में वे दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' में कार्यरत थे।

### 18 देशों में 100 ...

समुदाय से जुड़ा रहा है, लेकिन पांडे ने समाज की रूढ़ियों को तोड़ते हुए इसे मंच तक पहुंचाया। पांडे ने अपने जीवन में 18 देशों में 100 से ज्यादा प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने राई नृत्य को सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई हिस्सों में लोकप्रिय बनाया।

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. 14668607Y - RANK-HAV, NAME- BANMALI PATEL S/O RAM KUMAR PATEL presently serving with 1 MILITARY TRG BN 3EME CENTRE, BAIRAGARH, BHOPAL HAVE CHANGED MY MOTHTER NAME FROM JAMUNA BAI PATEL IN MY ALL DOCUMENTS BUT IN MY ARMY SHEET ROLL/ARMY RECORD MY MOTHER NAME MENTIONED IS JAMUNA BAI. I HAVE CHANGED MY MOTHER NAME JAMUNA BAI TO JAMUNA BAI PATEL AS MENTIONED AT MY MOTHER AADHAR CARD BEARING NO 9739 6976 6773. VIDE AFFIDAVIT NO.- BF665601 DATED 06/04/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT BHOPAL MP

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5831



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5830 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5841

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5840 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

भोपाल सहित समूचे प्रदेश में ढोल के साथ ही गूंजेगी शहनाई

# 14 अप्रैल से 6 जुलाई तक फिर सजेंगे मंडप, कुल 26 शुभ मुहूर्त

**सामाजिक स्तर पर भी सामूहिक विवाह का सिलसिला होगा शुरू**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महीनेभर का इंतजार अब खत्म होने वाला है। 14 मार्च को शुक्र ग्रह के मीन राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ ही खरमास का प्रभाव शुरू होने से शुभ कार्यों पर विराम लगा था, लेकिन अब 14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होने से एक बार फिर से मंडप सजाने का अवसर मिलेगा। 14 अप्रैल से 6 जुलाई के बीच लोगों को विवाह के लिए 26 शुभ मुहूर्त हैं।

इससे एक बार फिर भोपाल सहित समूचे प्रदेश में ढोल के साथ ही शहनाई की गूंज सुनाई देगी। साथ ही जिनके रिश्ते तय हो चुके हैं, उन्हें घर बसाने के लिए अच्छे मुहूर्त भी मिलेंगे। इससे सामाजिक स्तर पर भी सामूहिक विवाह का सिलसिला शुरू होने वाला है।



### वैवाहिक आयोजनों का सिलसिला

ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज शुक्ला ने कि 14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होगा। इस दिन से ही शादी- सगाई का सिलसिला शुरू होगा। अप्रैल में ही 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 29 और 30 को शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके बाद मई में 1, 5, 6, 7, 8 के बाद 17, 18, 19, 24 और 28 को भी लोग शुभ विवाह कर सकेंगे। इस बीच गृह प्रवेश, व्रतबंध सहित सभी तरह के संस्कार होंगे। बताया कि जून महीने में भी 1, 2, 4, 7 के बाद 12 को भी वैवाहिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद 6 जुलाई तक ही शादी-सगाई और गृह प्रवेश के लिए शुभ दिन मिलने वाला है। फिर से देवशयनी के चलते मांगलिक आयोजनों पर विराम लगेगा, लेकिन इससे पहले लोगों को बेटे-बेटियों की शादी के लिए अच्छे मुहूर्त मिलेंगे।

## कपड़ा बाजार में शादियों के लिए साड़ियों और लहंगे की मांग जोरदार



**भोपाल।** 16 अप्रैल से वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। बाजार में शादी-विवाह के लिए खरीदारी होने लगी है। कोई आभूषण की बुकिंग करा रहा है, तो कोई उपहार में देने के लिए जेवरात और अन्य गिफ्ट आयटम खरीद रहे हैं। पिछले एक महीने से ठंडा हुआ बाजार अब शादियों के सीजन से गुलजार होने लगा है। लोग गहने, कपड़े और फर्नीचर सहित अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल, वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाजार में जमकर सामान की खरीदारी होने लगी है। शहर के सभी मैरिज हाउस और गार्डन बुक हो चुके हैं। डीजे, बैंड, घोड़ा और बग्घी वालों की चांदी हो गई है। वे विवाह के शुभ मुहूर्त को लेकर उत्साहित हैं। सराफा व्यापारियों का कहना है कि शादियों का सीजन शुरू होने से व्यापार में उठाव आने की उम्मीद हैं। इस बार फसल भी अच्छी आई है और किसान खरीददारी करने के लिए लगातार बाजार में आने लगे हैं। शादियों के लिए आर्डर आने लगे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान में भी ग्राहकी का जोर

गर्ग ट्रेडर्स के राधेश्याम गर्ग के अनुसार शादी-विवाह की तैयारी के लिए और उपहार में देने के लिए बाजार में फर्नीचर की दुकानों पर भी अलमारी, डबल व सिंगल बेड आदि की खरीददारी की जा रही है तो इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी आयटम आदि की खरीदी ग्राहक कर रहे हैं।

### स्टील और पीतल के बर्तनों की मांग

आगामी वैवाहिकी मूहूर्त के मद्देनजर शहर के बाजार में बर्तनों की दुकानों में भी रौनक बढ़ गई है। लोग शगुन के बतौर पीतल के बर्तनों की अधिक खरीदी कर रहे है। बर्तन व्यापारी सत्यनारायण ताम्रकार का कहना है कि विवाह के सीजन में बर्तन कारोबार बेहतर होने की संभावना है। वहीं सहालग के चलते किराना कारोबार में खासी बढ़ोतरी हुई है। शादी वालों की मांग से शहर में किराना कारोबार में अच्छा बूम रहेगा।

### कपड़ा बाजार में उमड़ रही भीड़

कपड़ा बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र से लोग बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंचे। पुराने शहर के लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा, चौक बाजार, न्यूमार्केट, बैरागढ़ में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ा व्यवसायी श्यामबाबू अग्रवाल ने बताया कि सावों की मांग से कपड़े का कारोबार जोरों पर है। आने वाले दिनों में कपड़ा बाजार में ओर तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। न्यूमार्केट स्थित विमल साड़ी एम्पोरियम के नीलेश अग्रवाल के अनुसार साड़ियों और लहंगे की मांग जोरदार है। साड़ियों में खास तौर पर जरी वर्क और हैंड वर्क की मांग है।

### सौंदर्य प्रसाधनों की भी खरीदारी बढ़ी

*सौंदर्य प्रसाधनों सामग्री की खरीदी में महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ उमड़ रही है। कांच व लाख के चूड़ा-चूड़ियां और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच रही है। चूड़ी बेचने वाले दुकानदारों ने बताया कि बाजार में कांच की चूड़ियां और लाख के बने चूड़े 25 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक की रेंज में उपलब्ध है।*

प्रारूप-दस
(नियम 7 देखिये)
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)
रा.प्र.क्र......
**सार्वजनिक सूचना**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू- अभिलेखों के नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/04/2025 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम का नाम-गोदरमऊ, खसरा नंबर-476/3/1/2, क्षेत्रफल 100.80 वर्गमीटर, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता /पति का नाम एवं पता)- अखिलेश गुन्देचा/ चांदमल गुन्देचा व अन्य। आज दिनांक 7/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

ब्याज दरें 9.99 फीसदी से शुरू, कोई फोरक्लोजर शुल्क नहीं

# जियो फाइनेंस एप पर सिर्फ 10 मिनट में मिलेगा 1 करोड़ रुपए तक का लोन

एजेंसी ▶▶ मुंबई



जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एनबीएफसी कंपनी जियो फाइनेंस लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। अब लोग अपने शेयरों और म्यूचुअल फंड्स को गिरवी रखकर डिजिटल तरीके से लोन ले सकते हैं। इसे 'लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज' नाम दिया गया है। इस सेवा के जरिए ग्राहक सिर्फ 10 मिनट में 1 करोड़ रुपये तक का लोन ले सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया जियो फाइनेंस एप के जरिए होगी, जो आसान और तेज है।

### जोखिम के हिसाब से तय होगी ब्याज दर

जियो फाइनेंस का कहना है कि यह लोन लेने का एक सुरक्षित तरीका है। ग्राहकों को अपने निवेश को बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अपने शेयरों या म्यूचुअल फंड्स को इस्तेमाल करके पैसों की जरूरत पूरी कर सकते हैं। लोन की ब्याज दर 9.99 फीसदी से शुरू होगी, जो ग्राहक के जोखिम के हिसाब से तय की जाएगी। यह लोन अधिकतम तीन साल तक के लिए लिया जा सकता है और इसे समय से पहले चुकाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

### ग्राहकों के लिए आसान होगी सुविधाएं

*जियो फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ कुसल रॉय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ग्राहकों को वित्तीय सेवाएं आसानी से और जल्दी मिलें। लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज हमारी डिजिटल रणनीति का हिस्सा है। यह कदम हमारी सोच को दर्शाता है कि वित्तीय सेवाएं ग्राहक के लिए सुविधाजनक और उपयोगी हों।*

जीएसटी में किसी भी आदेश के विरुद्ध की जा सकती अपील

# व्यवसायी जरूरत के अनुसार लोन के प्रकार का करें चयन : अमित



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

किसी भी व्यवसाय में पूंजी की आवश्यकता होती है, परंतु व्यवसाय को छोटी पूंजी से प्रारंभ कर बड़े व्यवसाय में परिवर्तित किया जा सकता है। कई बार अधिक पूंजी से व्यावसाय प्रारंभ करने के बाद भी अगर उसे अच्छे से ना किया जाए तो वह घाटे में चला जाता है।

किसी व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए लोन की आवश्यकता होती है एवं लोन भी अलग-अलग प्रकार के होते हैं किसी भी व्यवसायी को अपनी जरूरत के अनुसार देखभाल कर लोन के प्रकार का चुनाव करना चाहिए अन्यथा बैंकिंग संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले शुल्क एवं ब्याज के कारण व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। यह बात कंपनी सचिव अमित कुमार जैन ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल द्वारा सदस्यों के लिए आयोजित कार्यशाला में कही। कार्यक्रम में अधिवक्ता पलाश खुरपिया ने जीएसटी में अपील के प्रावधानों पर चर्चा की।

### अपील ऑफलाइन

*जीएसटी में किसी भी आदेश के विरुद्ध अपील की जा सकती है अगर कोई आदेश ऑनलाइन न होकर ऑफलाइन तरीके से पारित किया गया है। ऐसी स्थिति में अपील भी ऑफलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। किसी अपील को ऑनलाइन फाइल करने के बाद उसको व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। बड़ी मांग वाले आदेशों के विरुद्ध अगर व्यवसायी के पास अपील के लिए राशि जमा करने की पूरी व्यवस्था नहीं है तो भी जितना वह कर की राशि जमा कर सकता है उसे जमा करने के पश्चात अपील प्रस्तुत कर देना चाहिए। इस मौके में संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष बच्चन आचार्य, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान आदि मौजूद थे।*

# सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 हो सकता है निराशाजनक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता और सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सुस्ती की आशंकाओं को देखते हुए विश्लेषक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के वृद्धि परिदृश्य को लेकर चिंतित हैं। विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के कमजोर प्रदर्शन के बाद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी आईटी कंपनियों के लिए परिदृश्य निराशाजनक हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक कंपनियों के विवेकाधीन खर्च पर दबाव बढ़ने की आशंका को देखते हुए निकट भविष्य में सुधार की उम्मीदें कम हो गई हैं।

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
**क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल**

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**
**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**
केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, रायसेन शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री धर्मेन्द्र कुशवाह पुत्र श्री हरी राम कुशवाह** वार्ड क्रमांक 12 मुखर्जी नगर, रायसेन तहसील एवं जिला रायसेन म.प्र. | मांग सूचना दिनांक : 02.04.2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 2263201/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 24.03.2025 | प्लॉट क्रमांक 80, क्षेत्रफल 30*50 = 1500 वर्गफीट (139.40 वर्ग मीटर) सर्वे क्रमांक 361 में से कस्बा- रायसेन वार्ड क्रमांक 13, रायसेन पी.सी. क्रमांक 21/47 तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएंः पूर्वः नन्हेवीर अहिरवार का मकान, पश्चिमः 20 फीट रोड, उत्तरः 30 फीट रोड, दक्षिणः रत्नेश शर्मा का मकान, संपत्ति मालिकः स्व. श्री धर्मेंद्र कुशवाह |
| **केनरा बैंक, अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **स्व. श्री नरेश कुमार पथरिया पुत्र श्री हाकम सिंह पथरिया, मैसर्स ओम कंस्ट्रक्शन प्रॉप. स्व. श्री नरेश कुमार पठारिया** सहऋणीः **स्व. श्रीमती इंद्रायनी पत्नी श्री नरेश कुमार पथरिया** सभी कानूनी उत्तराधिकारीः **स्वर्गीय श्री नरेश कुमार पठारिया** सभी का पताः EWS 234, फेस-5, द्वितीय अयोध्या देवमाता अस्पताल, भोपाल म.प्र. | मांग सूचना दिनांक : 03.04.2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 35,59,707.8/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 31.03.2021 | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय मकान नं, EWS 213, फेज-5, फेस-2 अयोध्या नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 68 तहसील हुजूर जिला भोपाल, चर्तुसीमाएंः पूर्वः EWS 212, पश्चिमः EWS 214, उत्तरः EWS 126, दक्षिणः रोड, संपत्ति मालिकः श्री नरेश कुमार पठारिया<br>आवासीय मकान संख्या EWS-212, फेज-5, फेस-2, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अयोध्या एक्सटेंशन अयोध्या बायपास रोड वार्ड क्रमांक 68 तहसील हुजूर, भोपाल क्षेत्रफल 430.40 वर्गफीट। चर्तुसीमाएंःपूर्वः EWS 211, पश्चिमः EWS 213, उत्तरः EWS 127, दक्षिणः रोड, संपत्ति मालिकः श्री नरेश कुमार पठारिया |
| **केनरा बैंक, अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री अर्जुन सिंह चौहान C/o विजय सिंह चौहान** फ्लैट नंबर 601 निर्मलम, होशंगाबाद रोड आशिमा रॉयल सिटी, बाघमुगालिया भोपाल म.प्र.-462043 सहन ऋणीः **श्रीमती विशाखा चौहान पत्नि अर्जुन सिंह चौहान,** मकान नं. 87 शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी, पानी टंकी के पास बागमुगालिया हुजूर, भोपाल म.प्र.-462043 | मांग सूचना दिनांक : 02.04.2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 17,97,462/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 26.03.2025 | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय फ्लैट क्रमांक 601 ब्लॉक, निर्मलम (F+G) छठी मंजिल आशिमा रॉयल सिटी, फ्लैट क्षेत्रफल 745.54 वर्गफीट, वार्ड क्रमांक 85 भोपाल तहसील हुजूर जिला - भोपाल (म.प्र.) प्लाट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- कॉरिडोर/फ्लैट क्रमांक 606, पश्चिम- रोड, उत्तर- आन्या ब्लॉक, दक्षिण- फ्लैट क्रमांक 602 संपत्ति मालिक- श्री अर्जुन सिंह चौहान C/O श्री विजय सिंह चौहान |
| ऋणीः **श्रीमती वैशाली सिंह उर्फ श्रीमती वैशाली तायडे पत्नी राहुल सिंह** 347 दुर्गेश विहार, सिपेट कॉलेज के पास, जेके रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.- 462023 | मांग सूचना दिनांक : 04.03.2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 21,78,512.84 + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 28.02.2025 | बंधक संपत्ति स्थित फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट नंबर-एस-02, द्वितीय तल, 'अरिहंत टॉवर' अमलतास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल विकासखंड फंदा, तह. हुजूर भोपाल क्षेत्रफल-44.14 वर्गमीटर, प्लाट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- फ्लैट नंबर एस-04, पश्चिम-रोड, उत्तर- फ्लैट नंबर एस-01, दक्षिण- अन्य प्लॉट, संपत्ति मालिक- श्रीमती वैशाली सिंह उर्फ श्रीमती वैशाली तायडे पत्नी राहुल सिंह |
| **केनरा बैंक, बैरसिया शाखा, बैरसिया** | | |
| ऋणीः **मेसर्स शिखा एंटरप्राइजेज, (मालिक-श्री अरुण पांडे)** यूनिट का पता- एच-07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल **श्री अरुण पांडे पुत्र श्री सतीश चंद्र पांडे** 1) निवासी- सी-288, न्यू मिनाल रेजीडेंसी, भोपाल-462023 2) एच-07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल-462001 | मांग सूचना दिनांक : 28/03/2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 2,19,74,870.17/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 27/03/2025 | बंधक संपत्ति भूमि और भवन स्थित खसरा क्रमांक 41/1/1/1 एवं 41/1/1 क, पी.एच. क्रमांक 21, 80 फीट रोड, छोला ब्रिज के पास, भानपुर, भोपाल संपत्ति मालिक- श्री अरुण पांडे चर्तुसीमाएं- उत्तर-जेएमडी कॉम्प्लेक्स, श्री आशीष सप्रे और श्री राहुल जैन की भूमि, पूर्व-शिव नगर कॉलोनी की भूमि, दक्षिण-श्री अक्षय कुमार, श्री अरविंद शर्मा, श्री साहू जी की भूमि, पश्चिम-गल्ला मंडी 80 फीट चौड़ी सड़क<br>बंधक संपत्ति भूमि और भवन स्थित क्रमांक 7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर संपत्ति मालिक- श्री अरुण पांडे चर्तुसीमाएं- उत्तर-18.00 मीटर चौड़ी सड़क, पूर्व-प्लॉट क्रमांक 08 पर मकान, दक्षिण-एमआईजी द्वितीय टाइप मकान, पश्चिम-प्लॉट क्रमांक 6 पर मकान |
| **केनरा बैंक, गंजबासौदा शाखा** | | |
| ऋणीः **मेसर्स प्रतीक्षा टीवी एण्ड रेडियोज़ प्रोप. श्री हेमंत दुबे,** पताः ब्लॉक ऑफिस के सामने बरेठ रोड, गंज बासौदा, तहसील बासौदा जिला विदिशा, गंज बासौदा-464221 **मेसर्स हेमंत ट्रेडर्स,** पताः वार्ड क्रमांक 05 बरेठ रोड गंज, बासौदा, बासौदा जिला-विदिशा-464221 सहऋणी- **श्रीमती प्रीति दुबे पत्नि श्री हेमंत दुबे,** पताः मकान क्रमांक 5/242 कैलाश कंडेक्टर वाली गली, वार्ड क्रमांक 05, बरेठ रोड गंज बासौदा, बासौदा जिला-विदिशा-464221 जमानतदार/बंधककर्ता- **श्रीमती संध्या दुबे पत्नि श्री देवेंद्र दुबे,** पताः वार्ड क्रमांक 05, बरेठ रोड गंज, बासौदा जिला-विदिशा-464221 जमानतदारः **श्री हेमंत दुबे,** पताः मकान क्रमांक 5/242, कैलाश कंडेक्टर वाली गली ब्लॉक ऑफिस के सामने बरेठ रोड गंज बासौदा, तहसील बासौदा, जिला-विदिशा, गंज बासौदा-464221 | मांग सूचना दिनांक : 04.04.2025<br>दिनांक को बकाया राशि ₹ 12,24,774.9/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>NPA : 01.10.2020 | भूमि स्थित ग्राम- कस्बा बासौदा सर्वे क्रमांक 710/4/1 वार्ड क्रमांक 15, शास्त्री वार्ड नगर पालिका गंज बासौदा तहसील गंज बासौदा कुल क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट।<br>प्लॉट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की जमीन, उत्तर- श्री देवेंद्र दुबे की टीन शेड, दक्षिण- सड़क 20 फीट चौड़ी।<br>संपत्ति मालिक- श्रीमती संध्या दुबे पत्नी श्री देवेंद्र दुबे |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।
**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 09/04/2025**
**प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक**

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला ने पेश किया नया एज 60 फ्यूजन

**नई दिल्ली** प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने अपनी नई और बहुप्रतीक्षित एज 60 सीरीज का पहला स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 फ्यूजन लांच किया। मोटोरोला एज 60 फ्यूजन को मोटोरोला ने दो स्टोरेज वेरिएंट के साथ लांच किया है। इसमें पहला वेरिएंट 8जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है। वहीं इसका दूसरा वेरिएंट 12 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ लांच होता है। अगर 8जीबी रैम वाला वेरिएंट खरीदते हैं तो इसके लिए 22,999 रुपए खर्च करने होंगे और 12जीबी वाले वेरिएंट के लिए 24,999 रुपए खर्च करने होंगे।



### ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई ने श्वेतपत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई (ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई) ने 'समान लिंग वाली दुनिया के लिए त्वरित कार्य' शीर्षक से श्वेतपत्र जारी किया है जिसमें महिला उद्यमियों के लिए सार्थक वैश्विक एक्सिलरेशन प्रोग्राम्स शुरू करते हुए इसे मुख्यधारा की चर्चा में लाने और महिलाओं के लिए चाहे वह कंपनी का बोर्ड हो, न्यायपालिका हो या सांस्कृतिक क्षेत्र हो, 33 प्रतिशत कोटा अनिवार्य करने की सिफारिश की गई है।

### विंजो ने कंटेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहित किया

**नई दिल्ली।** विंजो ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 के दौरान नई दिल्ली में 'क्रिएटर्स अवॉर्ड्स' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम देश में तेजी से विकसित हो रहे कंटेंट क्रिएटर इकोसिस्टम को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस मौके पर विन्जो ने 80 गेमिंग कंटेंट क्रिएटर्स, 18 गेम डेवलपर्स और कुछ छात्रों को भारत के गेमिंग और कंटेंट इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। विंजो ने एंटरटेनमेंट स्किल्स काउंसिल के सहयोग से विजेताओं को 'स्किल इंडिया सर्टिफिकेट' भी प्रदान किया।

# पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ने से खजाने में आएंगे 32,000 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एसएईडी यानी स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया है। इसमें 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हुआ है, जो मंगलवार से लागू हो गया है। इस बढ़ोतरी से सरकार के खजाने में हर साल लगभग 32,000 करोड़ रुपए आने का रास्ता साफ होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल और डीजल के दामों पर नहीं पड़ेगा। बीईडी यानी बेसिक एक्साइज ड्यूटी की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## बिजनेस न्यूज

### यूनियन बैंक ने 56 लाख रुपए का चेक दिया



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा माउंट एवरेस्ट अभियान 2025 के लिए एक दृष्टिबाधित कर्मचारी को प्रायोजित करने की घोषणा की गई, जो समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बैंक के समर्पण को रेखांकित करता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए.मणिमेखलै द्वारा छोंजिन अंगमो के दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस की सराहना की गई तथा अभियान में उनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई. छोंजिन माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त करने वाली पहली दिव्यांग पर्वतारोही बनने जा रही हैं। ए. मणिमेखलै द्वारा बैंक के दिल्ली अंचल कार्यालय में अंगमो को उनकी यात्रा में सहयोग देने के लिए औपचारिक रूप से 56 लाख रुपए का प्रायोजन चेक भी प्रदान किया गया। असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, छोंजिन अंगमो को अक्टूबर 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप अभियान में भाग लेने के बाद माउंट एवरेस्ट अभियान 2025 के लिए सफलतापूर्वक चुना गया है।

### एजीआई ग्रीनपैक करेगा मप्र में कंटेनर ग्लास प्लांट में 700 करोड़ का निवेश



**भोपाल।** एजीआई ग्रीनपैक लिमिटेड द्वारा मध्य प्रदेश में 700 करोड़ के निवेश से अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, उच्च-उत्पादन और उच्च-दक्षता के विनिर्माण संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। इस विस्तार द्वारा उच्च गुणवत्ता के ग्लास पैकेजिंग उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी की कंटेनर ग्लास विनिर्माण उत्पादन क्षमता में 25 फीसदी वृद्धि होगी। यह नया प्लांट 500 टन की दैनिक उत्पादन क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। यहाँ अल्कोहल बेवरेज, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य पदार्थों सहित मुख्य सेक्टर्स के लिए कमर्शियल ग्लास का उत्पादन होगा। एजीआई ग्रीनपैक द्वारा 24 महीनों में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाने की उम्मीद है। इस अवधि से परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने और बाजार के लिए प्रतिक्रियाशील रहने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। मध्य प्रदेश देश के मध्य में स्थित होने, अपने मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, और आसानी से उपलब्ध कच्चे माल के कारण एजीआई ग्रीनपैक को एक रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगा। इन सभी लाभों से एजीआई ग्रीनपैक की कंटेनर ग्लास उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण

### एसबीआई कॉलेज यूथ आइडियाथॉन में 15 हजार से अधिक स्टार्टअप विचार पेश



**नई दिल्ली।** कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भारत का सर्वोत्तम उद्यमशीलता लांचपैड दि ग्रैंड फिनाले ऑफ एसबीआई कॉलेज यूथ आइडियाथॉन (सीवाईआई 2025) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली में संपन्न हुआ, जो भारतीय उद्यमशीलता की अकादमिक राजधानी बनकर उभरी है। नवप्रवर्तन, आकांक्षा और परिवर्तनकारी विचारों के प्रेरणादायी इस उत्सव में देश के सबसे उदीयमान विद्यार्थी उद्यमी शामिल हुए। आईआईटी दिल्ली, एमईपीएससी (कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन) और थिंकस्टार्टअप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शीर्षक प्रायोजक के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से आयोजित सीवाईआई 2025 देशभर के कॉलेज परिसरों में उद्यमशीलता की भावना करने की एक ऐतिहासिक पहल रही।

### सोनालीका ने अब तक सर्वाधिक 1,53,764 ट्रैक्टर बिक्री की



**नई दिल्ली।** ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 का समापन अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 फीसदी कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ किया है। इस दौरान घरेलू बाज़ार में सोनालीका का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और ये कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ है जिसने पूरे भारत के साथ-साथ 150 देशों में लोकप्रियता हासिल करना जारी रखा है। आईटीएल समूह को प्रतिष्ठित फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में 237वीं रैंक के साथ अपनी पहली प्रविष्टि मिली और भारत के शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में मान्यता दी गई।रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के दौरान किसानों के सच्चे पार्टनर बने रहने के हमारे दृढ़ संकल्प ने हमें अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 फीसदी कुल बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद की है।

### एआईसी-आरएनटीयू में छात्रों को स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** छात्रों को इनोवेशन एवं स्टार्टअप की दिशा में मार्गदर्शित करने के लिएए आईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्रम के समापन में अपने-अपने संस्थानों में एफडीपी के दौरान मिली सीखों को कैसे लागू करेंगे इसकी रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के निदेशक नितिन वत्स, विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के सीईओ और एफडीपी के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर रोनाल्ड फर्नांडीज, एफडीपी की को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर मानसी बिजवानी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह एफडीपी शिक्षकों के लिए नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। प्रतिभागी इस कार्यक्रम से नई रणनीतियों, ज्ञान और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ लौट रहे हैं। जिससे वे अपने संस्थानों में छात्रों को स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकेंगे।

### लॉयड ने लक्ज़ूरिया कलेक्शन किया लांच

**नई दिल्ली।** हेवेल्स इंडिया की प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड लॉयड ने लक्ज़री कूलिंग सॉल्यूशन के अपने नए लाइनअप के साथ लॉयड लक्ज़ूरिया कलेक्शन लॉन्च करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को एक नया लेवल दिया है। इस विस्तार में इनोविटिव स्टनएयर की शुरुआत और पहले से लोकप्रिय स्टेलर और स्टायलस मॉडलों का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही, लॉयड प्रीमियम एयर कंडीशनर की श्रेणी को मजबूत कर रहा है, जो हाई-एंड प्रोडक्ट की बढ़ती मांग का नतीजा है। इसके अलावा, उपभोक्ता बढती मांग को पूरा करने और पिछले वर्ष की सफल लॉन्चिंग को आगे बढ़ाने के लिए, लॉयड ने अपने घिलोथ और श्री सिटी प्लांट की संयुक्त निर्माण क्षमता को 3 मिलियन एसी प्रति वर्ष तक बढ़ा दिया है।

### तीन बैंकों में अमरनाथ यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशनः भटेजा

**भोपाल।** इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी,जो 38 दिनों की होगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से बायोमेट्रिक के माध्यम से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। भोपाल में रजिस्ट्रेशन जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट, स्टेट बैंक न्यू मार्केट में होंगे। रजिस्ट्रेशन प्रदेश में पीएनबी की 24 शाखाओं में, एसबीआई की पांच शाखाएं , जम्मू कश्मीर बैंक की दो विभिन्न जिलों में संचालित शाखाओं में होंगे। बैंकों के माध्यम से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150 रुपए प्रति व्यक्ति होगा। रिंकू भटेजा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने से पूर्व कम्पलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाना अनिवार्य होता है मगर अभी तक श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश के अधिकृत डॉक्टर की लिस्ट जारी नहीं की गई है।

चिंतन

# राज्यपाल अपनी 'शक्ति' के दायरे में ही काम करें

रा ज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव का देश में पुराना इतिहास रहा है। ताजा मामला तमिलनाडु का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को संवैधानिक आईना दिखाया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल को पुनः भेजे गए विधेयकों को पारित माने जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल किया है। समय सीमा निर्धारण का शीर्ष अदालत का अपनी तरह का पहला आदेश है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया है। पीठ ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी। यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी। समय सीमा के निर्धारण से विधानसभा व राजभवन के बीच जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह सराहनीय पहल है। अतीत में अनेक बार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव की स्थिति बनी है। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में रहे हैं। अतीत में केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब आदि राज्यों में चुनी हुई सरकार व राजभवन के बीच टकराव देखने को मिला है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब सबसे अधिक अनुच्छेद 356 कर दुरूपयोग देखने को मिला था। जनता पार्टी की अल्प समय की सरकार के समय भी राज्यपाल ने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया था। तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य का निर्वाचित प्रमुख नहीं होने के नाते, राज्यपाल विधानसभा सत्र की वैधता पर संदेह नहीं कर सकते या सदन द्वारा पारित विधेयकों पर अपने फैसले को अनिश्चित काल तक रोक नहीं सकते। राज्यपाल को विधानसभा से पारित क़ानून पर सवाल-जवाब करने का अधिकार नहीं है। या तो वे विधेयक पर हस्ताक्षर करें या इस वापस करें। राज्य की विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपालों द्वारा दबाए रखना 'आग से खेलने वाला' कदम है जो 'चिंता का विषय' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति के दायरे में ही काम करें तो गरिमा बनी रहेगी।

ऑनलाइन गेमिंग एप्स
मुरारी गुप्ता



# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

ज यपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
ऋतुपर्णा दवे

# ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया

उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्या भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप को घर कर गई। कहीं बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

ट्रं प के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है, जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप के मन में घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नकदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे, लेकिन ट्रंप 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनके नजरिये में ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में हम सबके सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

वर्ष 1987 में ट्रंप की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील' में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में उनका साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर डोनाल्ड ट्रंप की सोच आज भी वही है, जबकि धरातल पर समय के साथ काफी कुछ बदल गया है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतरराष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि साफ झलक रहा है, इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतरराष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा। सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है, जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े, लेकिन भविष्य को लेकर इसकी कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ



लगा दिया है, जिस पर तिलमिलाए ट्रंप ने 9 अप्रैल तक इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

वहीं दूसरी तरफ ब्लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से एलन मस्क को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रंप के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क छठे क्रम पर आ चुके हैं। इस तरह से देखा जाए तो कुल मिलाकर आसार बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं।

नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए किया गया 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमने अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी कर रखी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही 02 अप्रैल 2025 को अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों, लेकिन जिस तरह से दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रंप भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला उनका आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब सी दूरगामी सोच का ही दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नजर नहीं आ रहा है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियन के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं और खुद अमेरिका भी इसके असर से अछूता नहीं है।

ट्रंप का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हें न केवल तानाशाह, बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी पचास राज्यों में 150 संगठनों का 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। इसके साथ ही एक अहम बात यह भी है कि एलन मस्क का दखल भी अमेरिकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में बीते सोमवार को खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से इसे शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है।

व्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रंप को जवाब देना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और डोनाल्ड ट्रंप समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए, लेकिन ट्रंप नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगें तो कहीं अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत् भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची।

इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## सीमावर्ती चौकी के गांव पहुंची बिजली




**गंगटोक।** सिक्किम के सीमावर्ती डोकला चौकी के समीप गांव डीकचू में पहली बार बिजली पहुंची है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इस संबंध में जानकारी दी।

## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणत: व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*– पवन यादव, बालोद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

### मुंबई कभी नहीं सोता



अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### तीन सदस्यीय अमेरिकी-रूसी दल आईएसएस रवाना




अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक तथा रूस के दो अंतरिक्ष यात्री एक रूसी अंतरिक्ष यान पर सवार होकर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए। 'सोयुज बूस्टर' रॉकेट ने कजाकिस्तान स्थित बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से तय समय पर उड़ान भरी, ताकि नासा के जॉनी किम और रूस के सर्गेई रिझिकोव एवं एलेक्सी जुब्रित्स्की को ले जाने वाले 'सोयुज एमएस-27' को कक्षा में स्थापित किया जा सके। ये तीनों यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में करीब आठ महीने बिताएंगे। नासा ने कहा कि किम भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए चालक दल को तैयार करने और पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने में मददगार वैज्ञानिक अन्वेषण करेंगे एवं प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेंगे। लॉस एंजिलिस के मूल निवासी किम अमेरिकी नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट, ऐनी मैकक्लेन एवं निकोल एयर्स, 'जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी' के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर एवं किरिल पेसकोव पहले से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद हैं।

## ऑफ बीट

### विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेड़िये मिले

विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं।



यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भगवान सुमतिनाथ का किया अभिषेक, पूजन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के पाचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ का त्रय कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में भक्तिभाव पूर्वक अभिषेक व पूजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आशु जैन ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी शुभ तिथि को जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ मोक्ष पद को प्राप्त किया था।

### आजीवन निरोगी रहने के शिविर में दिए टिप्स



**संतनगर।** संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार किया जाता हैं। इस सत्र में डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि तन से स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्रणायाम और योग व जीवन को सार्थक करने के लिए समाज सेवा। इस शिविर का उद्देश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है।

### विश्व कल्याण संकल्प के साथ नवकार मंत्र जाप आज

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बुधवार सुबह 8.01 बजे विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जैन समुदाय की ओर से विश्व शांति और अहिंसा के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से हो रहा है। इस मंत्र के जाप से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से विश्व का कल्याण संभव है।

### भगवान महावीर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**औबेदुल्लागंज।** भगवान महावीर



स्वामी की जयंती 10 अप्रैल गुरुवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से शोभा यात्रा स्टेशन रोड दिगंबर जैन मंदिर से निकलेगी। इसके बाद अभिषेक पूजन और महावीर परमार्थिक ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। इसके बाद सामूहिक भोज होगा। शाम को आरती, महावीर चालीसा और श्री भक्तांबर पाठ किया जाएगा। तामोट में मैन रोड दिगंबर जैन मंदिर में शांति धारा, पूजा-पाठ की जाएगी।

### चार हजार की रिश्वत लेते बाबू रंगे हाथ गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने रिश्वत लेते हुए एक क्लर्क को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उसे उसके ही दफ्तर में 4 हजार की घूस लेते हुए पकड़ा। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सागर जिले की जैसीनगर तहसील के सिंगार मुड़ी गांव के हरिराम यादव से जैसीनगर के सेमा ढाना में नायब तहसीलदार के बाबू रमेश चढ़ार ने संपत्ति बंटवारे के बाद नामांतरण आदेश जारी करने के एवज में 5 हजार रुपए की मांग की थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2536 | | |
| दिनः | 247 | 31 | 119 |
| रातः | 258 | 55 | 258 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 490 | 33 | 120 |
| रातः | 355 | 33 | 788 |

छोला मंदिर, निशातपुरा और रातीबड़ थाना पुलिस मामलें दर्ज कर जांच में जुटी

# राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों की मौत, दो ने लगाई फांसी, सड़क हादसे में घायल युवक ने भी तोड़ा दम

## छोला इलाके के मंदिर परिसर में लगे पेड़ पर होटलकर्मी का लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला इलाके में उड़िया बस्ती में मंगलवार अल सुबह मंदिर परिसर में लगे एक पेड़ पर एक होटलकर्मी का शव लटका हुआ मिला है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल घटना के कारणों की जांच जारी है।

पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय अंशुल वानखेड़े निवासी उड़िया बस्ती में रहते था और होटल में हाउस कीपिंग का काम करता था। मंगलवार सुबह 5 बजे मंदिर परिसर में लगे पेड़ पर लोगों ने देखा तो वह फंदे पर झूला



रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या का है। मृतक का मोबाइल जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। कॉल डिटेल के आधार पर कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### घर में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

निशातपुरा इलाके में एक युवती ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगा ली। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय आयशा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहती थी। सोमवार को उसने अपने पिता को खाना खिलाया। इसके बाद कमरे में गई और दुपट्टे का फंदा बनाकर छत के कुंदे से झूल गई। परिजनों ने देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और पोस्टमार्टम के लिए शव को भिजवाया। पुलिस का कहना है कि अभी घटनाक्रम की वजह सामने नहीं आई है। यह पता चला है कि युवती अगरबत्ती बनाने की फैक्टी में काम करती थी और आर्थिक रूप से परेशान थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत

रातीबड़ इलाके में करीब 27 दिन पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक 12 मार्च की रात करीब 12 बजे मैंडोरी निवासी महेश कैथल पिता फूलचंद कैथल (48) बाइक से घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक बुलमदर डेयरी फार्म के समीप सड़क पर टहल रहे एनएलआईयू के छात्र 21 वर्षीय ज्ञान प्रकाश उपाध्याय पिता जितेंद्र कुमार उपाध्याय से टकरा गई थी, जिससे कैथन सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद से ही वे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थे। मृतक मंडीदीप में प्राइवेट जॉब करते थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### बंद कमरे में मिली महिला की लाश

**मंडीदीप।** सतलापुर वार्ड 14 में एक अज्ञात महिला का बंद कमरे में शव मिला है, जिसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी अनुसार सतलापुर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अशोक परमार के मकान में एक व्यक्ति द्वारा किराए पर लेकर अपनी-पत्नी के साथ रहता था। मंगलवार शाम को बगल के किराएदारों को जब बदबू आई तो इसकी सूचना उन्हें मकान मालिक को दी। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में अज्ञात महिला का शव मिला है। शव 2 से 3 दिन पुराना बताया जा है। पुलिस ने जांच में पाया कि कमरे में खून से लथपथ महिला के शव से बदबू आ रही थी। महिला के हाथ और पैर बंधे हुए थे। पुलिस द्वारा जांच रही है।



मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे सेन समाज के लोग

# बैरसिया रोड पर ट्रॉली पलटी, आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर घायल

**हादसे के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना**

- ग्रामीणों की मदद से ट्रॉली में दबे लोगों को निकाला बाहर
- ट्रॉली में सेन समाज के करीब डेढ़ दर्जन लोग सवार थे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरसिया रोड पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गुनगा थाना क्षेत्र के गोंगा कलारा गांव के पास मुंडन संस्कार में जा रही ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। ट्रॉली में सेन समाज के करीब डेढ़ दर्जन लोग सवार थे। हादसे के कारण कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया।

घटनाक्रम की सूचना के आधार पर 108 एम्बुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों की मदद से ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया और आनन फानन में उनको उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवायागुनगा पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर ट्रॉली में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जो मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान बैरसिया रोड पर ट्रॉली जैसे ही ढलान से नीचे उतरी, उसका संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई। दुर्घटना में कई लोगों को सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल भेजा गया है। उनकी हालत स्थिर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा वाहन में तकनीकी खराबी की वजह से हुआ या फिर ड्राइवर की लापरवाही थी। पुलिस का कहना है कि लापरवाही पाए जाने पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

जहांगीराबाद इलाके में मंगलवार सुबह एक हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सिंधि मार्केट कोतवाली निवासी 38 वर्षीय हुसैन हसन पुत्र स्व अहमद हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में कर्मचरी थे। वे सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बाइक से कार्यालय जा रहे थे, तभी वे पशु अस्पताल के समीप ढालन पर हादसे का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौके से पुलिस को उनकी बाइक भी गिरी हुई हालत में मिली है। पुलिस का मामना है कि बाइक डिवाइडर से टकराई होगी , जबकि परिजनों का आरोप है कि उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मारी है। फिलहाल पुलिस हकीकत पता करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही।

थार से रात करीब 3 बजे आए थे तीन-चार लड़के, फायर कर भागे

## शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में तीन हवाई फायर करने वाले बदमाशों का नहीं लग सका सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर के कवर्ड शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में कार सवार बदमाशों ने तीन हवाई फायर किए, जिससे कॉलोनी में दहशत फैल गई। मामले की शिकायत किए जाने के तीन दिन बाद भी पुलिस अब तक आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है, जबकि शिकायत के साथ वाहन नंबर की भी जानकारी दी गई थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 30 व 31 मार्च की दरमियानी रात लगभग तीन बजे कार नंबर एमपी13 जेडटी 8214 से तीन युवक शीतल पैराडाईज अपार्टमेंट नामक कॉलोनी में आए और उसके बाद उनके द्वारा एक के बाद एक तीन बार इवाई फायर किए गए। इसके बाद वे थार वाहन में ही सवार होकर भाग गए। इस दौरान वहां पर बतौर सुरक्षाकर्मी राजीव नगर स्थित ए-सेक्टर निवासी 65 वर्षीय गुरुप्रसाद सचान पिता परशुराम सचान तैनात थे। उनके द्वारा पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि अपार्टमेंट के सामने एक कार आकर रुकी। उसमें तीन-चार लड़के थे। वह टनाटना ढाबे की तरफ से आए थे। सभी शराब के नशे में धुत्त थे और हुड़दंग मचा रहे थे। इसके बाद एक-एक करके तीन हवाई फायर किया। फिर थार में बैठकर भाग निकले। इस घटना की जानकारी कॉलोनी के लोगों को मिली तो वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए, जिसमें थार का नंबर सामने आ गया। वारदात की सूचना पुलिस को हाल ही में तीन दिन पहले दी गई।

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में सभा का आयोजन

## अभिभावक बच्चों की संगत पर जरूर ध्यान दें: बसंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर।

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में अभिभावकों को मार्गदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन के साथ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सचिव बसंत चेलानी, प्रधानाध्यापिका मृदूला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



सभा में चेलानी ने बताया कि अभिभावकों ने जो हम पर विश्वास किया है, हम उस पर खरा उतरेंगें। उन्होंने बताया कि जवाबदारी केवल स्कूल की नहीं अपितु अभिभावकों की भी होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों की संगति पर ध्यान देना चाहिए और मोबाइल से दूरी बनाना अतिआवश्यक है। प्रधानाध्यापिका मृदूला गौतम ने बताया कि अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए एवं बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने की आदत डालें व बच्चों के साथ समय बिताएं व उनके मित्र बनें। अंत में उन्होने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए षिक्षक एवं अभिभावक दोनों का सहयोग आवष्यक है।

## पटवा पत्नी समेत भीमबेटका पहुंचे, की माता रानी की पूजा

### विधायक निधि से पानी की टंकी बनवाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने विश्व पर्यटक स्थल भीमबेटका जाकर माता के मंदिर में आरती की और भंडारे में शामिल हुए। इस अवसर पर पटवा की पत्नी मोना पटवा भी थीं। विधायक पटवा ने भीमबेटका घाट भी देखा जहां दुर्घटना होती है। घाट पर स्पीड ब्रेकर बनाने और रैलिंग लगाने एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव से चर्चा की। भीमबेटका में पानी की टंकी विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की।

भीमबेटका माता मंदिर के महंत सीताराम महाराज ने पटवा का सम्मान किया और आशीर्वाद दिया।



इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, ओपी मीणा, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, दीपू परमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष माया राय, पार्षद सना ममनून, पार्षद हेमलता चौरसिया, बागिश अग्रवाल, गजेंद्र नागर, माधव यादव, मनोज चौरसिया आदि मौजूद थे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा- बिना रायशुमारी के चुना सदस्य

## कुणाल चौधरी को एआईसी सदस्य बनाने को लेकर कांग्रेसियों में नहीं थम रहा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रायसेन जिला के औबेदुल्लागंज, बाड़ी, बरेली, सांची, मंडीदीप, बेगमगंज आदि जगह के कांग्रेस में विरोध थम नहीं रहा है। सैकड़ों वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल भोजपुर से दो बार विधानसभा चुनाव लड़े। एक बार पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा और दूसरी बार विधायक सुरेंद्र पटवा के खिलाफ चुनाव लड़े हैं। पूर्व विधायक राजेश पटेल भी भोजपुर से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। देवेंद्र पटेल गडरवास जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष और बरेली से विधायक रह चुके हैं। वे वरिष्ठ नेता हैं।

विधायक देवेंद्र पटेल बेगमगंज कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष रहे हैं, वर्तमान में सिलवानी से विधायक हैं। इतने बड़े-बड़े सीनियर नेता रायसेन जिले में मौजूद है और इनका जनाधार भी है, साथ ही जातिगत वोट बैंक भी है। मगर रायसेन जिले के कालापीपल के कुणाल चौधरी को



एआईसी (ऑल इंडिया कांग्रेस) का सदस्य बनाने पर कांग्रेस में हलचल मची हुई है।

ज्ञात हो कि वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, बीलाखेड़ी औबेदुल्लागंज निवासी जब तक कांग्रेस में रहे तब तक एआईसी सदस्य रहे, मगर पचौरी के भाजपा में शामिल होने के बाद काला पीपल के कुणाल चौधरी को एआईसी का सदस्य बनाने से रायसेन जिले के कांग्रेस नेताओं विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से पूछताछ करना था, कांग्रेस के जिले के नेताओं को विश्वास में न लेकर काला पीपल के कुणाल चौधरी को एआईसी का सदस्य बनाया गया है।



## खेड़ापति माता मंदिर परिसर में भैरव बाबा की प्राण-प्रतिष्ठा

### भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, देर रात तक चला कार्यक्रम

**औबेदुल्लागंज।** खेड़ापति माता मंदिर परिसर में श्री भैरव बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने वालों का देर रात तक तांता लगा रहा। अरोरा परिवार के द्वारका दास, अर्जुन अरोरा, अनिल अरोरा, प्रदीप अरोरा सहित बहावलपुरी समाज, खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया समिति के डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जेपी मिश्रा, संरक्षक राम किशोर शर्मा, नारायण सेन, नरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता उमेश नागर एवं बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा, सचिव गिरीश चावला, पिंकू भोले, अशोक सेठी, अनिल धमीजा, हरिकिशन, धमीजा, नीटू बत्रा, व्यापार महासंघ के जगदीश चंदानी सहित अन्य लोगों का का सहयोग मिला।

पुलिस ने किया 13 किलो 190 ग्राम गांजा जब्त

## क्राइम ब्रांच की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से गांजा तस्कर महिला एवं युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करी के मामले में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर एक महिला और युवक को पकड़ा है। आरोपियों से 13 किलो 190 ग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर ब्रिज के पास बंद पेट्रोल पंप एमपी नगर में एक महिला जिसकी उम्र लगभग 18-20 वर्ष होगी जो लाल रंग का सलवार सूट पहने हैं, उसके पास नीले रंग का थैला भी है, जिसमें गांजा है। जो गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। क्राइम ब्रांच की टीम सुभाष नगर ब्रिज का घेराबंदी कर महिला को कस्टडी में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम तनु शंकत पति विशाल शंकत उम्र 18 साल निवासी बजरंग चौराहा गंज मोहल्ला सीहोर का बताया। उसके पास मिले थैले तलाशी लेने पर उक्त थैले में गांजा होना बताया। आरोपिया तनु शंकत के पास मिले मादक पदार्थ गांजे का कुल वजन 7.540 किलो ग्राम पाया गया जिसकी कुल कीमती लगभग 1,60,000 रुपए है, जिस जब्त किया गया। वहीं दूसरे घटनाक्रम में मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा भोपाल में एक लड़का, जिसकी उम्र लगभग 19 से 20 साल है उसके पास पिठ्ठू बैग में गांजा हो सकता है।

### 5 किलो 740 ग्राम गांजा जब्त

क्राइम ब्रांच की टीम कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा भोपाल पहुंची, जहां उक्त हुलिये के लड़के को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया तो उसने अपना नाम गणेश यादव पिता भगवानदास यादव उम्र 18 साल निवासी छावनी पठार आनंद नगर भोपाल का बताया। बैग की तलाशी लेने पर एक टेक्नो कंपनी का एन्ड्रायड मोबाइल मिला एवं संदेही ने अपने बैग में मादक पदार्थ गांजा होना बताया। बैग में मिले पैकेट को खोलकर चैक किया, जिसमे मादक पदार्थ था। आरोपी गणेश यादव के पास से मिले मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 5 किलो 740 ग्राम होना पाया गया।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## श्रीकृष्ण-सुदामा की सुनाई कथा, कहा- मित्रता को लाभ-हानि के तराजू में न तौलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के वार्ड 13 स्थित रामकुण्ड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथा के समापन मौके पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक महाराज रजत तिवारी का सम्मान किया।



श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथावाचक महाराज रजत तिवारी ने श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता, श्रीकृष्ण के पूरे परिवार एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत मनुष्य को भय से मुक्त करती है। मनुष्य जो कि सांसारिक मोह बंधनों से बंधा है। वह यदि श्रीमद् भागवत को मनोभाव से सुनता है, तो उसको सभी मोह बंधनों से मुक्ति मिलती है तथा वह भगवान हरि के चरणों में स्थान पा लेता है। उन्होंने ने कहा कि मित्रता को लाभ हानि के तराजू में नहीं तोलना चाहिये। श्री कृष्ण ने सुदामा के साथ उज्जैनी में विद्या अध्ययन किया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया।

*दिवंगत फोटोजर्नलिस्ट रविंदर को कुछ इस अंदाज में याद किया सभी फोटोजर्नलिस्ट ने...*

# वे एक नकली पैर होने के बाद भी खूब भागते थे, 'क्लिक' से संतुष्ट होने के बाद ही रुकते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट रविंदर सिंह के निधन पर राजधानी के पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त है। वरिष्ठ प्रेस फोटोजर्नलिस्ट रविंदर सिंह 'विक्की' के निधन पर मंत्री विश्वास सारंग सहित अन्य मंत्रियों, भाजपा-कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व राजधानी के पत्रकार साथियों ने दुख व्यक्त किया है।

वर्ष 1984 में एक पैर खोने के बाद भी रविंदर सिंह अपने प्रोफेशन के प्रति समर्पित थे। कई बीमारियां होने के बाद भी वह अपना काम पूरी ईमानदारी व जोश के साथ करते थे। वह हंसमुख स्वभाव के जिंदादिल इंसान थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को क्षति पहुंची है। हरिभूमि ने राजधानी के वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट व उनके साथ काम करने वाले कुछ साथियों से बात की।

स्मृति शेष

◆ *सामाजिक मुद्दों से संबंधित फोटो से प्रशासन को कराया अवगत*



## प्रदेश के मंत्री , भाजपा-कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व राजधानी के पत्रकारों ने रविंदर स्व. सिंह को याद कर अर्पित की श्रद्धांजलि

### मेहनत से पीछे नहीं हटते थे रविंदर सिंह, कई बार तो नकली पैर तक बाहर आ जाता था



प्रेस फोटोग्राफी का काम करते हुए मुझे 40 साल हो गए। 25 साल उनके साथ काम करते हो गए। रविंदर सिंह की दो खासियत थी। एक काम के प्रति वह इतने समर्पित थे कि उनका नकली पैर तक बाहर आ जाता था। वह अपनी बात रखने में भी कहीं पीछे नहीं हटते थे। मैं अपने साथियों से कहता था कि एक पैर होने के बाद वह इतना काम करते थे। उन्होंने समाज के हाशिये पर रहने वाले लोगों व गरीबों की बात और सामाजिक मुद्दों से लेकर हर विषय पर एक से एक बढ़कर एक फोटो खींचकर शासन-प्रशासन तक उन मुद्दों को पहुंचाया। उनकी इस खासियत ने उन्हें राजधानी के कामयाब व श्रेष्ठ फोटो जर्नलिस्ट की श्रेणी तक पहुंचाया। वह जिंदादिल व मिलनसार स्वभाव के मृदभाषी व्यक्ति थे।

राजीव गुप्ता, वरिष्ठ प्रेस फोटोजर्नलिस्ट

### किसी का भी बुरा नहीं सोचा, नए फोटोग्राफरों के लिए प्रेरणास्रोत थे



रविंदर सिंह अचानक हमें छोड़ कर चले गए। उन्होंने कभी किसी का बुरा नहीं चाहा, वे बहुत जिंदादिल इंसान थे। उनका यूं अचानक चले जाना हर किसी के लिए बड़ा झटका है। उनकी बातें, उनका फोटोग्राफी की बारीकियां नए प्रेस फोटोग्राफरों के लिए प्रेरणादायक थी। उनकी बातों से सभी हंसते, मुस्कुराने लगते थे। हर किसी से अच्छे से मिलना। कभी किसी की बात का बुरा नहीं मनाना उनकी खासियतों में से एक था।

संजीव गुप्ता, वरिष्ठ प्रेस फोटोजर्नलिस्ट

### लोगों को कम मुलाकातों में भी अपनेपन का अहसास कराते थे



कभी-कभी कम मुलाकातों में भी कोई शख्स अपनेपन का अहसास करा देता है। ऐसा ही कुछ रिश्ता रविंदर सिंह के साथ मेरे परिवार का था। जिंदगी में मेहमाननवाजी का सलीका उन्हीं से सीखा था। उन्हें हमेशा कुछ क्रिएटिव करना पसंद था। जब तक वह संतुष्ट नहीं हो जाते थे, तब तक वह फोटो खींचते रहते थे। उनके जाने से मन बहुत उदास है। उनकी कई अच्छी यादें हमेशा साथ रहेंगी।

मुगीस फारूकी, वरिष्ठ प्रेस फोटो जर्नलिस्ट

### जिंदादिल-जोशीले फोटो जर्नलिस्ट थे रविंदर



रविंदर सिंह जिंदादिली, जोशीलापन की मिसाल थे। कई बीमारियों से जूझते हुए भी जोश के साथ फोटोग्राफी करते थे। उनकी सादगी, बुद्धिमत्ता का हर कोई कायल था। उनको याद कर में काफी भावुक हूं। सिंह खुशमिजाज इंसान थे। जीवन को खुल कर जीते थे। जोश से भरे हुए जांबाज थे। कैमरे से एक ही क्लिक में अच्छी तस्वीर खींच लेते थे।

प्रकाश हतवलने
वरिष्ठ प्रेस फोटोजर्नलिस्ट

भारत भवन में आलोक श्रीवास्तव की एकल चित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

# 47 वर्षों की यात्रा को कैनवास पर दर्शाते आलोक के चित्र

## प्रकृति के रंगों की विविधता और मन की अभिव्यक्ति चित्रों से की प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रकृति के रंगों में जितने आयाम होते हैं, उन रंगों की खुशबू कला प्रेमियों को उतना ही अपनी ओर आकर्षित करती है। रंग और कूची का ऐसे ही बेहतर तालमेल देखने को मिला चित्रकार आलोक श्रीवास्तव के चित्रों में। विविध कलाओं के केन्द्र भारत भवन में मंगलवार से आलोक श्रीवास्तव की एकल चित्र प्रदर्शनी शुरू हुई।

रंगदर्शनी दीर्घा में आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य सचिव अनुराग जैन ने किया। रुपंकर कला प्रभाग की ओर से संयोजित इस प्रदर्शनी में आलोक द्वारा तैयार 32 चित्रों को प्रदर्शित किया गया। इन चित्रों की खास बात यह है कि प्रदर्शनी में एग्जीबिट सभी चित्र वॉटर कलर से तैयार किए गए हैं। 20 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों में चित्रकला के प्रति आलोक के सर्मपण को देखा जा सकता है। कला प्रेमी दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक इन चित्रों को देख सकते हैं।







### जिन स्थानों पर गए उन्हें दिया कैनवास पर आकार

वर्ष 1984 बैच के आईएएस अफसर रहे आलोक श्रीवास्तव ने अपने जीवन की 47 वर्षों की यात्रा के दौरान जिन-जिन स्थानों को घूमा या फिर जिन स्थानों के चित्र परिचितों ने उपलब्ध कराये उन चित्रों को आलोक ने अपनी कलात्मकता से कैनवास पर आकार दिया। इसमें कान्हा नेशनल पार्क, ओरछा मंदिर, बनारस घाट, विक्टोरियल मेमोरियल, जहाज महल मांडू, रणथंबोर, कनाडा नेशनल पार्क आदि स्थानों के चित्रों को प्रदर्शित किया।

### ऑइल कलर से हुई थी यात्रा की शुरुआत

आलोक ने बताया कि चित्रकला के प्रति उनका रुझान बचपन से था। प्रकृति के रंगों की विविधता, जीव-जंतुओं का विविध आकार-प्रकार और वृक्ष वनस्पति का विराट संसार उन्हें हमेशा से आकर्षित करता था। यही कारण था कि उन्हें चित्रकला के रंगों से जुड़ने का अवसर मिला। आलोक ने बताया कि आईआईटी कानपुर में पढ़ाई के दौरान मैंने ऑइल पेंटिंग से अपने चित्रकला की इस यात्रा को आरंभ किया। लेकिन कोरोना में लगे लॉकडाउन के दौरान वाटर कलर के प्रति बढ़ी उत्सकुता ने उन्हें इस मीडिया से जोड़ा और इंटरनेट और यू-ट्यूब पर उपलब्ध वीडियो की मदद से उन्होंने वॉटर कलर में कार्य करना आरंभ किया। वॉटर कलर में कार्य करने का यह क्रम लगभग चार वर्षों तक जारी रहा। इस दौरान उन्होंने प्रकृति के विभिन्न तत्वों, उसके आयाम, शेड्स और टोन को कैनवास पर उकेरा।

मानव संग्रहालय में भेड़ा सिंगा प्रादर्श का भव्य उद्घाटन

# चार सींगों वाले दुर्लभ भेड़ की प्रतिकृति है 'चौसिंग्या खाडू', धार्मिक पथ में सहभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा आयोजित माह का प्रदर्शन श्रृंखला के अंतर्गत विधि संकुल परिसर में एक विलक्षण सांस्कृतिक प्रदर्श भेड़ सिंग (चौसिंग्या खाडू) का भव्य उद्घाटन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विजयसिंह नेगी, अध्यक्ष, गढ़वाली समाज ट्रस्ट, भोपाल (मध्यप्रदेश) एवं सुरेश कर्नाटक, अध्यक्ष, स्थानीय कुमाऊंनी समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कुमाऊंनी समाज के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह प्रदर्श विशेष रूप से कालिम्पोंग, पश्चिम बंगाल से संग्रहित किया गया है।



### बौद्ध समाजों में यह कपाल कहलाता है

भेड़ सिंग या चौसिंग्या खाडू-यह एक चार सींगों वाले दुर्लभ भेड़ की प्रतिकृति है, जो हिमालय क्षेत्र में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। कालिम्पोंग के बौद्ध समाजों में इसे कपाल के नाम से जाना जाता है, वहीं उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों में इसे चौसिंग्या खाडू कहा जाता है। विशेष रूप से यह भेड़ नंदा देवी राज जात यात्रा में एक पवित्र साथी के रूप में शामिल होता है और पूरे धार्मिक पथ में सहभागी बनता है।

## भोपाल

समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, जून 2025 तक सभी सहकारी समितियों का ऑडिट सुनिश्चित किया जाए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकारी समितियों की साख और जन सामान्य में उनके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

अतः सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्यों का शत प्रतिशत कम्प्यूटराईजेशन सुनिश्चित किया जाए। डॉ यादव ने जून 2025 तक समितियों का ऑडिट पूर्ण कर कृषकों को लेन-देन की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने और इस वर्ष के अंत अर्थात दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के कार्यों का कम्प्यूटराईजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में हुई सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सहकारिता अशोक वर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### पीपीपी मोड से व्यवसाय के नए अवसर खोजें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अल्पसेवित पंचायतों की पहचान कर नवीन सहकारी समितियों के गठन के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए। वर्तमान परिदृश्य और आवश्यकताओं को देखते हुए अधिक से अधिक समितियों में पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जन औषधि केंद्र, जल कर वसूली केंद्र और एग्री ड्रोन संचालन जैसी गतिविधियां चलाई जाएं। इसके साथ ही को-ऑपरेटिव- पब्लिक- प्राइवेट- पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी-सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं।

### 21 हजार 232 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित

बैठक में जनकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में 35 लाख 3 हजार कृषकों कों 21 हजार 232 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में 1286 करोड़ रुपए अधिक है। प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों क्रमशः खण्डवा, बड़वानी, गुना, राजगढ़, विदिशा, दमोह, छतरपुर और सिंगरौली में आगामी पांच वर्ष 6710 करोड़ रुपए का ऋण वितरण का लक्ष्य है। प्रदेश के 13 आकांक्षी विकास खण्डों में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित 26 सहकारी समितियां गठित की गई हैं। जिला बैंकों और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में आईबीपीएस मुम्बई के माध्यम से अधिकारियों और समिति प्रबंधकों की नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत 36 अधिकारियों और 1358 समिति प्रबंधकों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

4 आरोपी गिरफ्तार

## कटर ब्लेड से युवक पर जानलेवा हमला

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में चार पुराने बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर कटर ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज लिया है। वहीं आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तारी भीकर ली है। पुलिस के मुताबिक वारदात मंगलवार को अंग्रेजी शराब दुकान करोंद के सामने की है। करण ठाकुर, चांद , कल्लू बच्चा , सुहैल कल्ला इलाके के पुराने बदमाश है। चारों ने मिलकर पहले तो पीड़ति राजू यादव पर शराब के लिए अड़ीबाजी की। पैसे की डिमांड पर न होने पर ब्लेड से हमला कर दिया और फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे नजदीकी अस्पताल में एडमिट कराया गया। थाना प्रभारी रूपेश दुबे का कहना है कि हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी के मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वदेशी, पंच परिवर्तन, अमेरिकी टैरिफ व वक्फ बोर्ड संशोधन कानून पर सार्थक चर्चा

## स्वदेशी जागरण मंच के अभा संगठक कश्मीरी लाल प्रवास पर भोपाल आए






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल एक दिनी प्रवास पर भोपाल आए।

उनके आगमन पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश कार्यालय में भोपाल विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी, पंच परिवर्तन, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, वक्फ बोर्ड संशोधन आदि विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। अपस्थित अतिथियों ने इन मुद्दों पर जानकारी दी।

इस मौके पर मंच पर स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक सुधीर दांते, विभाग संघचालक और स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक सोमकांत ओमलकर, स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय सह महिला प्रमुख प्रतिभा चतुर्वेदी, प्रान्त महिला सह प्रमुख सीमा भारद्वाज उपस्थित रहे। इनके साथ मध्यप्रदेश के संगठक केशव दुबोलिया, प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के प्रमुख साकेत राठौर, उद्योगपति प्रेम चावला और भोपाल के प्रबुद्ध जन और बहनें बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बचाई बुजुर्ग की जान

# 80 साल के बुजुर्ग ने खो दी थी सुध-बुध डॉक्टरों ने इंटीग्रेटिड एप्रोच से किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एक 80 साल के बुजुर्ग के शरीर में कोई भी सेंसेशन नहीं था। लंबी उम्र की वजह से वह सुध-बुध तक खो बैठे थे। फीवर की वजह से उन्होंने खाना-पीना भी बिल्कुल बंद कर दिया था। परिजनों ने उन्हें होशंगाबाद रोड पर स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम ने मरीज का इंटीग्रेटेड एप्रोच से सफर उपचार किया। 12 दिन अस्पताल में भर्ती करने के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ होकर मंगलवार को अपने घर पहुंचे। सागर हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शाक्या ने बताया कि 80 वर्ष के बुजुर्ग हॉस्पिटल में गंभीर स्थिति में आए। मरीज कई गंभीर बीमारी से ग्रसित थे।

### बुजुर्ग के ब्रेन, चेस्ट, यूरिन और किडनी में था इंफेक्शन

इवैल्यूएशन स्टार्ट से पता लगा कि मरीज को एक से ज्यादा अंगों में प्रॉब्लम है। चेस्ट की समस्या के लिए पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. अंशुल जैन, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. रविना राजदेव, किर्टिकल केयर व आईसीयू सेवाओं के डॉ. मुक्कदर अहमद, डॉ. सोमेश किडनी विशेषज्ञ और न्यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मनीष शाक्या ने इलाज इंटीग्रेटेड अप्रोच से किया। सागर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल ने कहा कि हम मरीजों के बेहतर इलाज में गर्व महसूस करते हैं।

कोचिंग के साथ केयरिंग का दिखा असर, एडमिशन्स में भारी उत्साह

# कोटा में एडमिशन: देशभर से पहुंच रहे स्टूडेंट-पेरेन्ट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार कोटा शहर में स्टूडेंट्स को बदला हुआ माहौल मिल रहा है। यहां कोचिंग और कॅरियर के साथ केयरिंग की भी बात हो रही है। यहां आने वाले स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स को परिवार जैसा माहौल देने के साथ ही बेस्ट इकोसिस्टम दिया जा रहा है। यही कारण है कि एडमिशन्स में भी उत्साह नजर आ रहा है। कोटा के अधिकांश कोचिंग संस्थानों में अप्रैल माह में बैच शुरू हो रहे हैं। कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स को फीस में 90 प्रतिशत तक



स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। उत्तर प्रदेश से कोटा आई एलन स्टूडेंट रितिका राजवंशी ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा में क्वालिटी एवं कम्पिटिशन दोनों हैं। इसके साथ-साथ क्वांटिटी भी हैं। क्योंकि यहां देश के लगभग हर राज्य से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आते हैं । कोटा कोचिंग में स्टूडेंट्स के साथ पेरेन्ट्स की भी कोचिंग करवाई जा रही है। यहां ओरियंटेशन के साथ ही पेरेन्ट्स के लिए विशेष पेरेंटिंग सेशन्स लिए जा रहे हैं। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला प्रशासन की पहल पर कोचिंग स्टूडेंट्स को फन एक्टिविटी से लेकर चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क तक में करवाई जा रही आउटिंग। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला कलक्टर, शहर पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच पहुंचते हैं और उन्हें मोटिवेट करते हैं। स्टूडेंट्स को सुरक्षित माहौल देने के लिए कोचिंग क्षेत्रों में पुलिस ने अस्थाई चौकियां स्थापित की हैं तथा समय-समय पर पुलिस कोचिंग एरिया में फ्लैग मार्च करती है। शहर पुलिस द्वारा कोटा-सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स एप लांच किया गया है।

त्रिवेदी और पाटीदार को हटाने की मांग

# नगर निगम सीवेज शाखा के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ शाखा के नेतृत्व में मंगलवार सुबह माता मंदिर डीजल टैंक पर सीवेज शाखा के कर्मचारियों ने सीवेज शाखा अधिकारी आरके त्रिवेदी और जोन 17 की प्रभारी प्रियंका पाटीदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

सोमवार को प्रियंका पाटीदार द्वारा कर्मचारियों से अपशब्द कहने पर विवाद हुआ था। उसके बाद से जोन 17 के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया था। उक्त दोनों अधिकारियों के खिलाफ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर उनको हटाने की मांग कर्मचारियों ने की। सीवेज शाखा के अध्यक्ष एसके वर्मा ने बताया कि पिछले एक साल से अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

चूंकि सर्वेक्षण का समय है इसलिए कर्मचारी हड़ताल नहीं करना चाहते। संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान ने अत्याचार के खिलाफ आयोग में शिकायत करने का आश्वासन दिया।

## मुद्रा योजना ने बदलाव की मिसाल कायम की

# 33 लाख करोड़ रुपए से बदल गई करोड़ों की जिंदगी

## पीएम मोदी ने कहा- इस योजना ने 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को सशक्त किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ( पीएमएमवाई) ने बीते 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से ज्यादा ऋण दिए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 33 लाख करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना उनकी जमीनी स्तर की यात्राओं और अनुभव से उपजी,जब उन्होंने महसूस किया कि समाज के सबसे निचले तबके को 'बिना गारंटी फंडिंग' की काफी जरूरत है।

अब तक 52 करोड़ से ज्यादा के ऋण दिए जा चुके

समाज के सबसे निचले तबके को 'बिना गारंटी फंडिंग' की




### देश की वित्तीय व्यवस्था को बनाया लोकतांत्रिक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया और यह एक बड़ी सफलता है कि इस योजना के तहत सिर्फ 3.5 प्रतिशत ऋण ही एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) बने हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इकोनॉमिक टाइम्स को दिया गया इंटरव्यू भी साझा किया जिसमें उन्होंने इस योजना की शक्ति और महत्व को बताया है।

### केंद्र सरकार ने वित्तीय व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाया

*उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने वित्तीय व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाने का फैसला किया। पहले 'बैंकिंग द अनबैंक्ड' के तहत जनधन योजना शुरू की गई, फिर 'फंडिंग द अनफंडेड' के रूप में मुद्रा योजना लाई गई, और फिर 'इंश्योरिंग द अनइंशोर्ड' के लिए जन सुरक्षा योजनाएं शुरू की गईं। पीएम ने कहा कि यह पूरी सोच एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के गरीब, महिला, किसान और वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना और उनके सपनों को पूरा करने का अवसर देना है।*

### विपक्ष की सोच को भी योजना ने नकार दिया

उन्होंने यह भी कहा कि जब यह योजना शुरू हुई तो कई विपक्षी नेताओं और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि इतने बड़े स्तर पर छोटे ऋण देने से एनपीए बढ़ेगा। लेकिन नतीजे इसके उलट निकले और मात्र 3.5 प्रतिशत ऋण खराब हुए। मोदी ने कहा कि यह उस विश्वास का परिणाम है जो सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर दिखाया।



### आर्थिक गतिविधियां निचले स्तर से आगे बढ़ीं

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के कार्यकाल में बैंकिंग सेक्टर की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि तब 'फोन बैंकिंग' के जरिए केवल राजनीतिक संपर्क वालों को ही बड़े ऋण दिए जाते थे, जिससे बैंकों पर भारी दबाव पड़ा। इसके उलट, मुद्रा योजना ने बिना किसी संपर्क के, केवल योग्यता और मेहनत के आधार पर लोगों को मौका दिया, जिससे आर्थिक गतिविधियां निचले स्तर से आगे बढ़ीं।

### 8 अप्रैल, 2015 को शुरू हुई थी योजना

कमजोर लोगों को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को बिना गारंटी ऋण प्रदान करने के लिए पीएमएमवाई का शुभारंभ किया था। मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और 70 फीसदी से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

## खबर संक्षेप

### अपूर्वा को एसिड अटैक और मौत की धमकियां

**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मखीजा' इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं।



विवाद शुरू होने के बाद मंगलवारको अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया। उन्हें धमकी के सैकड़ों कमेंट, संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। इसमें एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।

### लोगों ने प्रसाद नहीं लिया तो दुकानदारों ने पीटा

**लखनऊ।** चंद्रिका देवी मंदिर के पास प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों की गुंडई सामने आई है। दुकानदारों ने एकजुट होकर श्रद्धालुओं को दौड़ाकर पीटा।



श्रद्धालुओं ने एक दुकानदार से प्रसाद लेने से मना कर दिया था। हमले में 2 महिला श्रद्धालुओं को भी चोट आई है। पुलिस ने 11 नामजद और 4 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। 5 को अरेस्ट किया है।

### ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी रतनमोहिनी का निधन

**सिरोही।** राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासक राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का निधन हो गया है।



उन्होंने 101 वर्ष की आयु में सोमवार देर रात को गुजरात के अहमदाबाद में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को सुबह किया जाएगा।

### पूर्व क्रिकेटर केदार भाजपा में शामिल

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में केदार भाजपा में शामिल हो गए।



महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही उन्हें बधाई भी दी है।

## तमिलनाडु मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को दी नसीहत

*राज्यपाल रवि और सीएम स्टालिन में तनातनी*

# विधानसभा का गला न दबाएं, किसी भी बिल को अनंत काल तक न रोकें

### *भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र न हो, लेकिन राज्यपाल बिल नहीं लटका सकते*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि और सीएम एमके स्टालिन के बीच मतभेद की खबरें जगजाहिर हैं। राज्यपाल ने पिछले दिनों विधानसभा की ओर से मंजूर 10 विधेयकों को रोक लिया था। उन पर कोई फैसला नहीं लिया गया था, जबकि उन्हें एक बार लौटाने के बाद फिर से पारित करके भेजा गया था।

यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो अदालत ने गवर्नर टीएन रवि को नसीहत दी और कहा कि आपके पास ऐसी कोई वीटो पावर नहीं है कि बिल को रोके रखें। यही नहीं अदालत ने कहा कि भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र नहीं है, लेकिन राज्यपाल अनंतकाल के लिए तो विधेयकों को अटका कर नहीं रख सकते। यही नहीं अदालत ने लोकतंत्र और विधायकों को जनता द्वारा चुने जाने की भी दुहाई दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि आजकल ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जब गवर्नर बिलों को रोक लेते हैं। ऐसा करना गलत है और यह विधानसभा का गला दबाने जैसा है।

### *ये भी कहा- राज्यपाल के पास ऐसा कोई 'बड़ा पावर' प्राप्त नहीं*

### 'वीटो' की अवधारणा नहीं अपना सकते



#### राष्ट्रपति की मंजूरी को बिल को सुरक्षित रखना अवैध

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए 10 विधेयकों को सुरक्षित रखना कानूनन अवैध और त्रुटिपूर्ण है और रद्द किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य विधानमंडल की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी न देने के लिए राज्य के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना रहा था।

संविधान का अनुच्छेद 200 विधेयकों को स्वीकृति से संबंधित है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। उसने कहा कि राज्यपाल एक ही रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होते हैं- विधेयकों को स्वीकृति देना, स्वीकृति रोकना और राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखना। पीठ ने कहा, वे विधेयक को दूसरी बार राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि राज्यपाल को दूसरी बार उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए विधेयकों को मंजूरी देनी चाहिए, अपवाद केवल तब रहेगा जब दूसरे चरण में भेजा गया विधेयक अलग है।

**बाधा नहीं बनें**

### शीर्ष कोर्ट ने ये भी टिप्पणियां की

- राज्यपालों को यह विचार करना चाहिए कि वे किसी विधेयक के रास्ते में बाधा न बनें। ऐसा करना विधानसभा का गला दबाने जैसा होगा। राजनीतिक कारणों से विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके रखना ठीक नहीं है। विधानसभा के सदस्यों को जनता के द्वारा चुना जाता है। लोकतंत्र की प्रक्रिया के तहत चुनाव होता है और जनता की अभिव्यक्ति के माध्यम से कोई विधायक बनता है। वे जनता के हितों की पूर्ति के लिए प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार होते हैं।
- राज्यपालों को संसदीय लोकतंत्र के अनुसार काम करना चाहिए। उन्हें जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और चुने हुए प्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयकों को अनंतकाल के लिए नहीं रोकना चाहिए।
- अदालत ने कहा कि राज्यपालों को राज्य सरकार के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। उन्हें एक दार्शनिक की तरह गाइड करना चाहिए और अपनी कोई राजनीतिक मंशा निर्णय में नहीं थोपनी चाहिए। राज्यपाल की शपथ भी यही होती है।
- मतभेदों और संघर्ष के इस दौर में राज्यपाल को समन्वय स्थापित करना चाहिए। उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि राज्य का कामकाज अच्छे से चले। उन्हें अपने विवेक से वे फैसले लेने चाहिए, जिससे राज्य का हित हो। यथास्थिति बनाए रखना या फिर किसी चीज को रोकना उनका काम नहीं है। वे एक सहयोगी हो सकते हैं, लेकिन अवरोधक नहीं।

## स्पेशल कोर्ट ने सजा का किया ऐलान

# 8 ब्लास्ट, 71 मौतें और अब 4 आतंकियों को दी उम्रकैद



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान की राजधानी 17 साल पहले सीरियल बल धमाकों से दहल गई थी। अब मामले में दोषी पाए जाने वाले चार आतंकवादियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट के फैसले पर पीड़ितों की प्रतिक्रिया भी सामने आई। जयपुर बल ब्लास्ट की घटना साल 2008, 13 मई को हुई। जब लगातार 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, 9वां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था।

### जीवनकाल तक जेल में रहना होगा

इन धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे। पूरे देश में घटना से हाहाकार मच गया था। मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। मंगलवार को सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील स्पेशल पीपी सागर तिवाड़ी ने दोषियों को शेष जीवनकाल तक जेल में रखने की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों का कृत्य गंभीरतम अपराध है। कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। ताउम्र जेल में रहना होगा।

### आरोपियों ने सजा कम करने की मांग की

आरोपियों के वकील मिन्हाजुल हक ने कहा कि दोषी 15 साल से जेल की सजा भुगत रहे हैं। अन्य 8 मामलों में हाईकोर्ट इन्हें बरी कर चुका है। ऐसे में उन्हें कम सजा दी जाए। उनके वकील ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा कि फैसले की कॉपी नहीं आई है। आधा घंटा का समय बाकी है, कोर्ट ने सभी गवाहों के बयान को कंसीडर करके अपना मत व्यक्त किया है। आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसके आधार पर हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। 600 पेज का फैसला है, उसे पढ़ने के बाद बता पाएंगे।

## रंगीन शिमला मिर्च,टमाटर देख हुए खुश

# इजराइल के कृषि मंत्री दिख्तर ने पूसा में विकसित संरक्षित खेती को देखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को पूसा, दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि परिसर का दौरा किया। मंत्रियों और प्रतिनिधियों को संयुक्त निदेशक ने आईएआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित संरक्षित खेती की तकनीकों और किस्मों के बारे में बताया और कहा कि इसे पूरे देश में लोकप्रिय बनाया गया है। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने एक ग्रीनहाउस का दौरा किया, जिसे 1998 में भारत-इजराइल विशेषज्ञता



के साथ स्थापित किया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनहाउस के अंदर सब्जी फसलों को देखा। टमाटर की ग्रीनहाउस किस्में पूसा कॉकटेल टमाटर, पूसा चेरी टमाटर हाइब्रिड 1, पूसा रक्षित, रंगीन शिमला मिर्च सीपीसीटी-31सी-11 पीला, सीपीसीटी-एवी-151 नारंगी, सीपीसीटी-33ए-2 लाल, पूसा पार्थेनोकार्पिक खीरा, ग्रीष्मकालीन स्क्वैश पूसा अलंकार देखकर खुश हो गए। साथ ही सराहना भी की।

## कांग्रेस नेता जूली के मंदिर जाने पर

# गंगाजल से किया 'शुद्धिकरण' तो आहूजा भाजपा से निलंबित

एजेंसी ▶▶ अलवर

कांग्रेस नेता टिकाराम जूली के एक मंदिर में जाने के बाद वहां गंगाजल से 'शुद्धिकरण' करने पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। यह मंदिर अलवर जिले में है।

इस घटना के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से माफी की मांग की थी। जिसके बाद पार्टी आलाकमान ने आहूजा पर कार्यरवाई की है। जूली एक दलित नेता हैं और उन्होंने राम मंदिर में एक पूजा समारोह में हिस्सा लिया था।



उनके वहां जाने के बाद आहूजा ने गंगाजल छिड़ककर 'शुद्धिकरण' किया। इस घटना के बाद से कांग्रेस ने आहूजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री दमोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 3 दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

टीएमसी का अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया

# आपस में ही भिड़ गए टीएमसी के 2 सांसद, ममता का 'सिरदर्द' बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया है। कल्याण बेनर्जी का एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो उस वक्त का है, जब टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के दफ्तर गया था। इस दौरान कल्याण पार्टी की एक सांसद पर बुरी तरह भड़के हुए थे। अब ये ममता बेनर्जी के लिए सिरदर्द बन गया है। उन्होंने सांसदों को शांत रहने को कहा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने वॉट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। दावा है कि ये ग्रुप टीएमसी सांसदों का है और इसमें कल्याण किसी इंटरनेशनल लेडी का जिक्र करते हुए कीर्ति आजाद पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

### *मालवीय ने एक्स पर किया ये दावा*

मालवीय ने एक्स पर लिखा कि टीएमसी ने अपने सांसदों को संसद भवन में इकट्ठा होकर ज्ञापन पर साइन करने का निर्देश दिया था। वहां से उन्हें चुनाव आयोग जाना था लेकिन जिस सांसद के पास ज्ञापन था, वो





संसद भवन नहीं गए और चुनाव आयोग के ऑफिस चले गए। इससे दूसरे सांसद नाराज हो गए। इससे तूफान मचा है। दोनों के बीच जोर-जोर से बहस हुई। अंत में पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

### कल्याण ने दी सफाई, कोई समस्या नहीं

कल्याण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपना पक्ष सामने रखा। उन्होंने कहा कि आज एक वीडियो लीक हुआ है। ठीक है, मुझे कोई समस्या नहीं है। एक महिला सांसद ने मुझ पर आरोप लगाया कि उसका नाम सूची में क्यों नहीं है, फिर वो चिल्लाने लगी और उन्हें मुझे गिरफ्तार करने के लिए कहा।

## *सदस्य देशों के बीच कृषि सहयोग की मजबूत पर होगी चर्चा*

# बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक आज काठमांडू में होगी, शिवराज लेंगे हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की तीसरी बैठक बुधवार को नेपाल में आयोजित होगी। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड के कृषि मंत्रियों की भागीदारी होगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बैठक में शामिल होने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता करेंगे।

इसका उद्देश्य बिम्सटेक देशों के बीच चल रहे कृषि सहयोग को और मजबूत करना है। विभिन्न सत्रों के दौरान भारत सहित अन्य सदस्य देशों के कृषि मंत्री, कृषि क्षेत्र में चल रहे सहयोगात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। इन सदस्य देशों के क्षेत्र के करोड़ों किसानों को लाभान्वित करने अभिनव तकनीकों को बढ़ावा देने तथा अपनी-अपनी सफलता की कहानियों के आदान-प्रदान के लिए आगे के दिशा-निर्देश निर्धारित करेंगे। भारत सरकार द्वारा पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत प्रस्तुत मजबूत वैज्ञानिक उपलब्धियों और प्रमुख नीतिगत पहलों को जाहिर करेगी। हमारे 'एक्ट ईस्ट' और 'पड़ोसी पहले' पॉलिसी के महत्व को भी उजागर किया जाएगा।



### चौहान प्रमुख नेताओं से बात करेंगे

चौहान वहां के ओली से मुलाकात करेंगे। नेपाल के कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामनाथ अधिकारी के साथ शिवराज की बैठक होगी और इस दौरान, कृषि क्षेत्र में सहयोग पर भारत और नेपाल सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके अलावा चौहान, भूटान के कृषि एवं पशुधन मंत्री यूंटेन फुंटशो के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। कृषि क्षेत्र में भारत और बिम्सटेक के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए बिम्सटेक के महासचिव इंद्रमणि पांडे से भी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की बैठक होगी।

## ममता सरकार को राहत, हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया

# एक्स्ट्रा टीचर पदों की सीबीआई जांच नहीं की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती प्रक्रिया में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए 6,861 अतिरिक्त पद सृजित करने के फैसले की सीबीआई जांच के आदेश दिया गया था।



### 6,861 अतिरिक्त पद सृजित करने का मामला




#### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को 'गलत' भी बताया

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अदालतों को कैबिनेट की ओर से लिए गए फैसलों की जांच का निर्देश देने से रोक है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को 'गलत' भी बताया। हालांकि, सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की बेंच ने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की जांच जारी रहेगी।

#### *अतिरिक्त पदों के सृजन के मुद्दे की जांच न्यायसंगत नहीं*

सीजेआई की बेंच ने कहा कि उपरोक्त चर्चा के संबंध में हमारा मानना है कि कैबिनेट के फैसले के बाद अतिरिक्त पदों के सृजन के मुद्दे को सीबीआई को सौंपने में कलकत्ता हाईकोर्ट न्यायासंगत नहीं था। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ममता बेनर्जी और उनके मंत्रिमंडल के लिए थोड़ी राहत देगा, जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों से 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बर्खास्त होने के बाद से निशाने पर थे।

**शिक्षक भर्ती घोटाला**

### राहुल ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र और इसमें दखल की मांग की

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों से जुड़े मामले में दखल दें तथा सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करें कि निष्पक्ष तरीकों से चुने गए उम्मीदवारों को सेवा जारी रखने की अनुमति मिले। मैं बंगाल में उन हजारों योग्य स्कूली शिक्षकों के मामले में आपके हस्तक्षेप का अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के कारण अपनी नौकरी खो दी है।*



शिया धर्म गुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद बोले

# हम चाहते हैं पाकिस्तान भी दोबारा हिंदुस्तान में शामिल हो जाए वो हमारा ही हिस्सा, इंशाअल्लाह कश्मीर हमारे दिल का टुकड़ा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

आर्टिकल 370 हटने के बाद से कश्मीर के हालातों में लगातार सुधार आ रहा है। हाल ही में कई संगठनों ने खुद को हुर्रियत से अलग करने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह के कश्मीर दौर के बीच कश्मीर के तीन और संगठनों- 'जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' और 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' ने भी खुद को अलगाववादी समूह 'हुर्रियत कॉन्फ्रेंस' से खुद को अलग कर लिया है। इस तरह से जम्मू-कश्मीर में अब तक 11 संगठन अलगाववाद से किनारा कर चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर से आई इस खुशखबर पर शिया धर्म गुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम बार-बार कह चुके हैं कश्मीर हमारे दिल का टुकड़ा है। हम हिंदुस्तानी हैं, हिंदुस्तान के रहने वाले हैं, हिंदुस्तान के वफादार हैं, हिंदुस्तान हमारा वतन है, हिंदुस्तान हमारा देश है, लिहाजा हम कश्मीर को अपने दिल का टुकड़ा मानते हैं।

### कश्मीर को अलग करने के प्रयास में जुटे लोग गलत



धर्म गुरु जवाद ने कहा कि कोई नहीं चाहेगा कि अपने दिल का टुकड़ा किसी दूसरे मुल्क में चला जाए। हम चाहते हैं कि कश्मीर हिंदुस्तान का ही हिस्सा रहे, हिंदुस्तान का ही दिल रहे। जो लोग इसको अलग करना चाहते हैं या पाकिस्तान का हिस्सा बनाना चाहते हैं, वो गलत हैं बिलकुल। हमेशा हमने समर्थन किया है कि कश्मीर हिंदुस्तान में ही रहना चाहिए। हिंदुस्तान का ही हिस्सा है। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान भी दोबारा शामिल हो जाए, वो भी हमारा हिस्सा है, हमारे जिस्म का टुकड़ा अलग हो गया है। इंशाअल्लाह कश्मीर हमारे दिल का टुकड़ा है, दिल के टुकड़े को कोई अपने से अलग नहीं करना चाहता है।

## जवाद बोले हमेशा हमने समर्थन किया है कि कश्मीर हिंदुस्तान में ही रहे जम्मू-कश्मीर में अब तक 11 संगठन अलगाववाद से किनारा कर चुके

### यह कदम संविधान में भरोसे का दर्शाता हैः अमित शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि 'जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' और 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' ने अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है। शाह ने कहा कि यह कदम संविधान में लोगों के भरोसे को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब शाह तीन दिवसीय यात्रा पर जम्मू-कश्मीर में हैं। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि 'जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' तथा 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' नामक तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह घाटी के लोगों के भारत के संविधान में भरोसे को दर्शाता है। गृह मंत्री ने कहा कि एकजुट एवं शक्तिशाली भारत को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण आज और भी सुदृढ़ हुआ है तथा अब तक 11 संगठनों ने अलगाववाद को त्यागकर इस दृष्टिकोण के प्रति अटूट समर्थन दर्शाया है।



### अलगाववादी एजेंडे से खुद को किया अलग

जम्मू-कश्मीर के तीन वरिष्ठ अलगाववादी नेता जिनमें हकीम अब्दुल रशीद, मोहम्मद यूसुफ नकाश और बशीर अहमद अंद्राबी ने भी अलगाववाद को त्याग दिया और हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अलग-अलग धड़ों से खुद को अलग कर लिया। बता दें कि मोहम्मद यूसुफ नकाश जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी के प्रमुख थे, जबकि हकीम अब्दुल रशीद जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग के अध्यक्ष थे और बशीर अहमद अंद्राबी कश्मीर फ्रीडम फ्रंट का नेतृत्व करते थे। तीनों नेताओं ने अलग-अलग लेकिन लगभग एक समान बयान में भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताई और अलगाववादी एजेंडे से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया।

---

## खबर संक्षेप

### कोयला खदान में गैस रिसाव, 7 श्रमिकों की मौत

**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में एक कोयला खदान में गैस रिसाव से सात श्रमिकों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में तीन अफगानी थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। हादसा सोमवार दोपहर राजधानी तेहरान से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दमघन शहर के पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा उपायों की अनदेखी की वजह से ऐसा भीषण हादसा हुआ होगा। ईरान में हर साल औद्योगिक दुर्घटनाओं में कथित तौर पर लगभग 700 श्रमिकों की मौत होती है।



### पाक में आतंकी कारी को गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के रिश्तेदार कारी एजाज आबिद को ढेर कर दिया। हमलावरों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पिस्खारा इलाके में मस्जिद से बाहर निकलते समय उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कारी एजाज का खास सहयोगी कारी शाहिद भी बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कारी एजाज अहले सुन्नत वल जमात नामक संगठन का सदस्य था।



### पाक ने तीर्थयात्रियों को जारी किए 6,500 वीजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चायुक्त ने 10 से 19 अप्रैल आयोजित होने वाले बैसाखी पर्व को लेकर भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं। पाकिस्तानी कूटनीतिक मिशन ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1974 के धार्मिक स्थलों पर यात्रा प्रोटोकॉल के तहत वाजा जारी किए गए हैं। पाकिस्तानी मिशन के अनुसार, इस बार श्रद्धालु गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब जैसे पवित्र स्थलों गुरुद्वारों का दर्शन कर सकेंगे।



---

घुसपैठ रोकने उठाया बड़ा कदम

# भारत-नेपाल की सीमा पर बिना पहचान पत्र एंट्री नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अब पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य हो गया है। एसएसबी ने यह बड़ा कदम देश में घुसपैठ को रोकने के लिए उठाया है। एसएसबी की तरफ से जारी किया गया आदेश भारतीय और नेपाली नागरिकों पर समान रूप से लागू किया गया है। नए आदेश के तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और प्रवेश करने से पहले सभी को अपनी पहचान प्रमाणित करना जरूरी हो गया है। बता दें कि सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा 90 किलोमीटर है। वहीं बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज से होकर यह सीमा कुल 1,751 किलोमीटर लंबी है।

### चेकपोस्ट पर सुरक्षा मजबूत की

एसएसबी ने नेपाल सीमा से जुड़े सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर सुरक्षा को मजबूत किया है। इन चेकपोस्टों में बैरगनिया, सोनबरसा, सुरसंड, भिट्ठामोड़, कन्हौली, कन्हमां, लालबंदी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं, जहां सशस्त्र सीमा बल के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। अब तक इन सीमा चौकियों पर सिर्फ वाहनों की जांच की जाती थी, लेकिन अब सभी नागरिकों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। इसमें केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि नेपाली नागरिकों को भी अपने वैध पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता है। एसएसबी के जवान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति को बिना पहचान के भारतीय सीमा में प्रवेश न करने दिया जाए।

### केवल वैध नागरिकों को ही मिलेगा प्रवेश

नेपाल से भारत में प्रवेश करने के लिए नेपाली नागरिकों को अपनी पहचान को प्रमाणित करने के लिए नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र, नेपाल चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र और नेपाल मिशन द्वारा जारी सीमित वैधता वाला फोटो पहचान पत्र मान्य किया गया है। वहीं, भारतीय नागरिकों के लिए नेपाल यात्रा से लौटने पर अपने पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वैध नागरिक ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर सकें।

---

दुबई के क्राउन प्रिंस और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बैठक का निष्कर्ष

रक्षा मंत्री बोले, रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और विकास परियोजनाओं पर निकटता से काम किया जाएगा

# रक्षा सहयोग को और मजबूती देने भारत-यूएई के बीच बनी सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण बने हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच मंगलवार को राजधानी में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्ष रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और तकनीक जैसे क्षेत्रों में उत्सुकता के साथ निकटता से कार्य करने के लिए तैयार हैं।


शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन अल मकतूम और राजनाथ सिंह ने भारत और यूएई के बीच वर्तमान में संस्थागत तंत्र, सैन्य युद्धाभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान-प्रदान से जुड़े रक्षा सहयोग को लेकर प्रसन्नता प्रकट की।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के विजन और प्रतिबद्धता के तहत व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर रक्षा सहयोग को भी तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता जताई। रक्षा मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी हुई शेख हमदान मोहम्मद बिन अल मकतूम की मुलाकात

### रक्षा भागीदारी मंच का स्वागत किया

दोनों रक्षा मंत्रियों ने एक-दूसरे की प्रदर्शनियों, डिफेंस एक्सपो में तीव्र भागीदारी को स्वीकार व भारत-यूएई रक्षा भागीदारी मंच का स्वागत करते हुए कहा कि सामरिक संयुक्त वेंचर और सह-उत्पादन परियोजनाएं दोनों देशों के लिए लाभप्रद हैं।



### पीएम और विदेश मंत्री से हुई मुलाकात

बैठक के पूर्व में यूएई के क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने हैदराबाद हाउस में उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया। एक्स पोस्ट में जयशंकर ने इसका उल्लेख करते हुए प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हमारे व्यापक सहयोग और जीवंत संबंधों के लिए क्राउन प्रिंस की सकारात्मक भावनाओं की सराहना करता हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर शेख अल मकतूम के सम्मान में एक विशेष लंच का आयोजन किया। पीएम ने एक्स पोस्ट में दुबई के क्राउन प्रिंस से मुलाकात को लेकर खुशी जाहिर की। साथ ही लिखा, दुबई ने भारत-दुबई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती की पुष्टि करने के अलावा भविष्य में और अधिक मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।

### शांति-समृद्धि को लेकर प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्राउन प्रिंस के साथ हुई बैठक को एक्स पोस्ट में सार्थक बताते हुए कहा, भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यंत प्राथमिकता वाली है। आने वाले वर्षों में दोनों देश अपने रक्षा सहयोग को विस्तार से आगे बढ़ाने और क्षेत्र में शांति, समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत-यूएई ने वर्ष 2003 में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि 2017 में रक्षा उद्योग सहयोग को लेकर एक समझौता दोनों देशों के बीच हुआ था। जो कि शताब्दियों पुराने सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के रूप में देखे जाते हैं।

### मेक इन इंडिया मेक इन एमिरेट्स अहम

*मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और क्राउन प्रिंस शेख अल मकतूम ने बैठक में भारत के मेक इन इंडिया और यूएई के मेक इन एमिरेट्स जैसे कदमों पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमति जताई। प्रशिक्षण आदान-प्रदान को दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया। जिसकी मदद से आपसी रक्षा इकोसिस्टम और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ता मिलती है। दोनों तटरक्षक बलों के बीच जारी तीव्र सहयोग को लेकर दोनों ने संतुष्टि जाहिर की और इसे और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। रक्षा उद्योगों के बीच निकट सहयोग द्विपक्षीय सहयोग का अहम भाग होना चाहिए। उन्होंने रक्षा उद्योग के सहयोग को विस्तार देने और रक्षा मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भागीदारी से जुड़े अवसरों पर भी बैठक के दौरान विचार-विमर्श किया।*

---

मुक्त व्यापार समझौते पर चरणबद्ध वार्ताएं कर रहा भारत

# यूरोपीय संघ के साथ दसवें दौर की वार्ता पूरी आस्ट्रेलिया संग दो चरणों की चर्चाएं हुई पूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ भारत दौरे पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन के बाद वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।



फाइल फोटो

### 2013 में रूक गई थी वार्ता

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी।*

### चार देशों की संसद से मिली मंजूरी

*अधिकारी ने भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच एफटीए को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी। सभी चार यूरोपीय देशों की संसद ने समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।*

---

ट्रंप से मिले इजराइल के पीएम

# कहा- अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को करेंगे कम, परमाणु कार्यक्रम पर ईरान से करें बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टैरिफ को कम करने की बातचीत बेनतीजा रही। ट्रंप ने इजराइल पर 17 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया है जिसे लेकर नेतन्याहू ने ट्रंप से सोमवार को मुलाकात की थी। ट्रंप ने जवाबी शुल्क कम करने से साफ मना कर दिया हालांकि ट्रंप ने यह संकेत देते हुए कहा कि स्थायी टैरिफ हो सकते हैं और वार्ता भी हो सकती है। हम हर देश के साथ निष्पक्ष और अच्छे समझौते करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम उनसे कोई संबंध नहीं रखेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि मैं राष्ट्रपति का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फिर से व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। वह एक अद्वितीय मित्र रहे हैं। वह हमारे गठबंधन के महान समर्थक हैं और जो वह कहते हैं, उसे करते भी हैं। हम अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को समाप्त करेंगे। हम इसे बहुत जल्दी करना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह सही काम है और हम व्यापार बाधाओं को भी समाप्त करेंगे।



### ट्रंप की चेतावनी, ईरान को बहुत बड़ा खतरा

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम पर सीधे वार्ता करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह वार्ता सफल नहीं होती है, तो ईरान को 'बहुत बड़ा खतरा' हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह वार्ता शनिवार से शुरू होगी।

### यूएस ने चीन पर 104% टैरिफ लगाया

इधर, टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है। ट्रंप ने अमेरिका में आयातित सभी चीनी वस्तुओं पर अतिरिक्त 34% टैरिफ की घोषणा की थी। जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर 34% टैरिफ लगाया। अब अमेरिका ने चीन पर 104 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि नई टैरिफ दरें मंगलवार रात 12.01 बजे (अमेरिकी समयानुसार) से लागू होंगी।

---

विमान के पुराने होने की वजह से फ्रांस से कलपुर्जे मिलने में पैदा होती चुनौती

# क्या वायुसेना के 'मिराज-2000' के लिए यूएई से मिलेंगे कलपुर्जे?

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में लड़ाकू विमानों की पर्याप्त संख्या यानी स्क्वाड्रन की खासी किल्लत बनी हुई है। कई विमान पुराने होने की वजह से सेवानिवृत्ति की कगार पर हैं तो कुछ के लिए रूस-यूक्रेन और पश्चिम-एशिया में इजरायल-हमास के बीच जारी लड़ाई की वजह से विमानों के अपग्रेडेशन के लिए जरूरी कलपुर्जों के आयात का संकट गहरा रहा है। इन सबके बीच दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान मोहम्मद बिन अल मकतूम की भारत यात्रा के बीच बड़ा सवाल यह है कि क्या वायुसेना के मिराज-2000 लड़ाकू विमानों की कलपुर्जों की समस्या का समाधान निकलेगा? सूत्रों ने बताया कि शेख अल मकतूम की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर जिस उत्सुकता के साथ सहमति जताई गई है। उसे देखते हुए इस बात की संभावना बनती हुई नजर आ रही है कि भविष्य में भारत द्वारा पाकिस्तान में घुसकर की गई सफल बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो कहे जाने वाले मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के अपग्रेडेशन के लिए कलपुर्जे यूएई से प्राप्त किए जा सकते हैं। हालांकि इस पर अभी आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।



**वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल 11 स्क्वाड्रन की बनी हुई है कमी**

### भारत ने फ्रांस से खरीदे थे

*यूएई के पास मिराज विमानों की दो से अधिक स्क्वाड्रन हैं। भारत की वायुसेना के पास मिराज-2000 विमान की कुल 3 स्क्वाड्रन हैं और इनकी फ्रांस (डेसॉल्ट एविएशन कंपनी) से खरीद कर इन्हें वर्ष 1985 में वायुसेना में शामिल किया गया था। लेकिन अब इनके अत्यधिक पुराने होने की वजह से विमान के कलपुर्जे फ्रांस से मिलना मुश्किल हो रहा है।*

### वायुसेना को चाहिए 45 स्क्वाड्रन

वायुसेना को दोनों मोर्चों पर युद्ध की चुनौती का सामना करने के लिए लड़ाकू विमानों की कुल स्वीकृत स्क्वाड्रन की संख्या 45 होनी चाहिए। इसमें से 42 तो उसके पास होनी ही चाहिए। लेकिन अभी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल 31 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। जबकि 11 स्क्वाड्रन की सीधी कमी बनी हुई है। इसके अलावा आने वाले समय में मिग-21-बाइसन की दो स्क्वॉड्रन सेवानिवृत्त हो जाएंगी। जिसके बाद बल के पास लड़ाकू विमानों की महज 29 स्क्वाड्रन ही रह जाएंगी। लड़ाकू विमानों की एक स्क्वाड्रन में करीब 16 से 18 विमान होते हैं। 42 स्क्वाड्रन में 672 में से 756 विमानों की आवश्यकता है।

### 29 स्क्वाड्रन में शामिल यह विमान

*आंकड़ों के हिसाब से वायुसेना के पास मौजूद लड़ाकू विमानों की 29 स्क्वाड्रन में मिग-21 बाइसन की 2, राफेल की 2, जगुआर की 3, तेजस की 2, मिराज-2000 की 3 और सुखोई-30-एमकेआई लड़ाकू विमानों की 15 स्क्वाड्रन शामिल हैं।*

---

कनाडा के पीएम स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे

# आध्यात्मिकता से हुए अभिभूत, शांति सद्भावना, समृद्धि की मंगल कामना की

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री स्वामीनारायण जयंती के पावन पर्व पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो का दिव्य और भक्ति-भावनाओं से परिपूर्ण दर्शन किया। यह शुभ अवसर भगवान श्रीराम और भगवान श्री स्वामीनारायण की पवित्र जयंती का संयुक्त उत्सव था।



### पीएम कार्नी ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक किया

*पीएम का स्वागत वैदिक परंपरा के अनुसार नाड़ा-छड़ी (पवित्र सूत्र) बांधकर तथा पुष्प मालाओं से किया गया। वरिष्ठ बीएपीएस संतों ने उन्हें मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से परिचित कराया। पीएम ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक कर देश-विदेश में शांति, सद्भावना और समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर की भव्यता, कलात्मक पत्थर की नक्काशी और आध्यात्मिक वातावरण से पीएम अभिभूत हो गए।*




# मार्च में खूब चला श्रेयस का बल्ला, बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2025 महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के श्रेयस अय्यर को नामित किया। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने मार्च 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में अमेरिका की चेतना प्रसाद, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वॉल को नामित किया गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर बटोरे थे रन

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय बल्लेबाजी क्रम में संकटमोचक बनकर उभरे थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 3 वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाए थे।



### मार्च में ऐसा रहा रचिन रविंद्र का प्रदर्शन

रचिन रवींद्र ने अपनी ऑलराउंड क्षमता के साथ न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचाया था। मार्च में उन्होंने 3 वनडे मैचों में 50.33 की शानदार औसत और 106.33 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। दूसरी तरह गेंदबाजी में उन्होंने 4.66 की इकॉनमी रेट के साथ 3 विकेट भी चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 108 रन की पारी खेली थी।

### ऐसा रहा कीवी गेंदबाज डफी का प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने मार्च में शानदार प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 8.38 की औसत और 6.17 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए थे। उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन के चलते ही न्यूजीलैंड ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। डफी ने मार्च के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में भी 2 विकेट लिए थे।

अलग खबर

## रोहित शर्मा के नाम पर हो सकता है वानखेड़े स्टेडियम का स्टैंड



**मुंबई।** बीते सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में शिकस्त मिली। फिलहाल इस लीग में हिस्सा ले रहे एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी अच्छी खबर है। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन रोहित के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रख सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है अंतिम फैसला :** बता दे कि एमसीए को अपने क्लब सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम के बाहर स्टैंड या विभिन्न स्थानों के नाम, भारतीय खिलाड़ियों के नाम पर रखने के अनुरोध और प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, सदस्यों की ओर से सुझाव आए हैं और ऐसी खबर है कि 15 अप्रैल को इस पर निर्णय लिया जाएगा।

## आईपीएल में स्थापित होने में चार साल लग गए : पडिक्कल



**मुंबई।** युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि लगातार फ्रेंचाइजी टीम बदलना बेहद चुनौती पूर्ण होता है जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में तीन से चार साल लग गए। पडिक्कल ने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से की थी। आरसीबी में दो साल बिताने के बाद वह अगले दो साल तक राजस्थान रॉयल्स से जुड़े रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2024 में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन मौजूदा सत्र में उनकी अब आरसीबी में वापसी हुई है। पडिक्कल ने सोमवार को आरसीबी की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा आईपीएल में एक क्रिकेटर के रूप में मैं जो हूं उसे पाने में मुझे तीन-चार साल लग गए। यह इतना आसान नहीं है।

## रजत की जीत की खुशी गायब 12 लाख का लगा जुर्माना

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को हराते हुए 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर जीत दर्ज की। इस यादगार जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार को बड़ी सजा मिली है। दरअसल, मैच में आरसीबी के धीमी ओवर गति बनाए रखने को लेकर पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटीदार ने भी पराग ने भी इस गलती को मानकर जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल की ओर से मामले में कहा गया है, आरसीबी पूरे मैच में धीमी ओवर गति से चल रही थी। यह न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है। चूंकि, आचार संहिता के तहत यह आरसीबी का पहला अपराध था। इसलिए कप्तान पाटीदार पर न्यूनतम 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि मैच के बाद पाटीदार ने मैच रैफरी के सामने धीमी ओवर गति का अपराध स्वीकार कर लिया था।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : पांच मैचों में सुपरकिंग्स की चौथी हार, नौवें स्थान पर खिसका

# प्रियांश ने रचा इतिहास, 39 गेंदों में ठोका शतक, पंजाब किंग्स ने चेन्नई को हराया

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 18 रन से हराते हुए इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स के स्टार प्रियांश आर्य ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 39 गेंद में अपना पहला शतक जड़कर इतिहास रच दिया।

इस बीच उन्होंने 7 चौके और 9 बड़े छक्के लगाए। आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है। पीबीकेएस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों के बाद 219/6 का स्कोर बनाया। जवाब में सीएसके की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 201/5 का स्कोर ही बना सकी।




### प्रियांश सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज

प्रियांश आर्य आईपीएल के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे इस सूची में सिर्फ युसूफ पठान हैं, जिन्होंने 37 गेंदों में शतक लगाया था। विश्व के बल्लेबाजों की बात करें तो आईपीएल में आर्य से तेज शतक सिर्फ क्रिस गेल (30 गेंद) और डेविड मिलर (38 गेंद) ने लगाए हैं। ट्रेविस हेड ने भी 39 ही गेंदों पर अपना शतक लगाया हुआ है।

## लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी ने पहले खेलते हुए 238/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरकी टीम 234/7 का स्कोर ही बना सकी। एलएसजी से एडेन मार्करम (47) और मिचेल मार्श (81) की सलामी जोड़ी ने 99 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 87 रन बनाए और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में क्विंटन डिकॉक (15) के जल्दी आउट होने के बाद केकेआर से सुनील नरेन (30), वेंकटेश अय्यर (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### पूरन ने पूरे किए 2000 रन

पूरन ने इस पारी के दौरान खास उपलब्धि हासिल की है। अपनी पारी का 30वां रन बनाते ही उनके आईपीएल करियर में 2,000 रन भी पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 52वें बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने सर्वाधिक रनों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस लीग में 83 मैचों में 2,029 रन बनाए थे। आईपीएल में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड विराट कोहली (8,168) के नाम दर्ज है।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन माक्रम बो राणा | 47 | 28 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श का सिंह बो रसेल | 81 | 48 | 6 | 5 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 87 | 36 | 7 | 8 |
| अब्दुल समद बो राणा | 06 | 04 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, योग : 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, चक्रवर्ती 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, नारायण 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो आकाशदीप | 15 | 9 | 0 | 2 |
| नारायण का माक्रम बो राठी | 30 | 13 | 4 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे का पूरन बो ठाकुर | 61 | 35 | 8 | 2 |
| वअय्यर का माक्रम बो आकाशदीप | 45 | 29 | 6 | 1 |
| रमनदीप का माक्रम बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी का पंत बो आवेश | 05 | 04 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल का मिलर बो ठाकुर | 07 | 04 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 38 | 15 | 6 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 10 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 20 रन, योग : 20 ओवर, 234/7 रन
गेंदबाजी : आकाशदीप 4-0-55-2, ठाकुर 4-0-52-2 आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप लिए अतिरिक्त स्टाफ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिये अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं।



### सेंडा विश्व कप में भारतीय वुशु खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन

**जियांगयिन।** भारतीय वुशु खिलाड़ी मुकेश चौधरी ने 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य खिलाड़ी यहां 10वें सेंडा विश्व कप के फाइनल में पहुंच गए। छह सदस्यीय भारतीय दल ने अब तक टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। भारत के अभियान का अब तक का मुख्य आकर्षण चौधरी रहे हैं जिन्होंने फाइनल में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी पर प्रभावशाली जीत दर्ज करके 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुशाल ने 48 किग्रा वर्ग में यमन के अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाकर भारत की जीत का सिलसिला जारी रखा। रवि पांचाल ने 65 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि 52 किग्रा वर्ग में अनुज कुमार और 85 किग्रा वर्ग में रजत चरक भी स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

### चैंपियन्स ट्रॉफी से पीसीबी को अनुमान से अधिक कमाई

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दावा किया है कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी से उसे तीन अरब रुपये की कमाई हुई है जो उसके दो अरब रुपये के लक्ष्य से अधिक है। पीसीबी ने यह दावा नेशनल असेंबली को लिखित जवाब में किया है जिसने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है। पीसीबी ने अपने लिखित जवाब में यह भी पुष्टि की है कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर 18 अरब रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

कई नए चेहरे शामिल

## तीन देशों की ट्राई सीरीज 27 से महिला क्रिकेट टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने आगामी सीनियर महिला त्रि-राष्ट्र श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अप्रैल से श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी।

इस ट्राई सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत कौर करेंगी। उपकप्तान के रूप में स्मृति मंधाना को चुना गया है। भारतीय टीम के अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी जैसे जेमिमाह रोड्रिग्स, हरलीन देओल और रिचा घोष भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है। कश्मीरी गौतम, एन श्री चारानी और शुचि उपाध्याय को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

### ट्राई सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसब्निस, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय।

### भारतीय टीम में शामिल हुए ये नए चेहरे

कश्मीरी गौतम ने 2025 महिला प्रीमियर लीग में 9 मैचों में 11 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनीं। एन श्री चारानी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए में दो मैच खेले, जिनमें उन्होंने 4 विकेट चटकाए। शुचि उपाध्याय ने पिछले साल दिसंबर में सीनियर महिला एक दिवसीय ट्रॉफी में 18 विकेट लेकर अपनी टीम मध्य प्रदेश को टूर्नामेंट जितवाया। शुचि को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

### शेफाली वर्मा को नहीं मिली जगह

भारतीय टीम में कुछ अहम खिलाड़ी चोटिल हैं, जिनकी वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु दोनों ही चोटिल हैं। उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को मौका दिया गया है। इसके अलावा, शेफाली वर्मा को एक बार फिर से टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि उनके नाम पर लगातार चर्चा हो रही थी।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अनूठा हर मुकाबला, अलग मैदान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यह सीरीज विशेष रूप से अनूठी होगी क्योंकि भारत के सभी आठ मुकाबले आठ अलग-अलग स्थानों पर खेले जाएंगे। भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है. यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम इंडिया इस चुनौतीपूर्ण श्रृंखला में किस तरह प्रदर्शन करती है.

**दो यूनियन टेरिटरीज व 6 राज्यों होंगे मुकाबले**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने 2025-26 सीजन के अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें पहली बार सभी छह राज्यों और दो यूनियन टेरिटरीज में अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित किए जाएंगे। इससे क्रिकेट प्रशंसकों को पूरे देश में अपने पसंदीदा सितारों को देखने का अवसर मिलेगा। भारत के अलावा, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की टीमें भी इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगी।

# गुजरात अपना दबदबा कायम रखेगी या फिर आरआर तोड़ेगी उसका गुरूर, फैसला आज

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को होगा। मौजूदा सीजन में अब तक जीटी ने 4 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि आरआर ने अपने 4 में से 2 मुकाबलों में जीत दर्ज की हुई है।शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपने घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहेगी। जीटी और आरआर के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।



**आरआर के खिलाफ जीटी का पलड़ा रहा है भारी :** दोनों टीमों के बीच हुए मैचों में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी रहा है। जीटी और आरआर के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। पांच मुकाबलों में गुजरात टाइटंस को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच राजस्थान रॉयल्स ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2024 में दोनों के 1 मुकाबला खेला गया था, जिसमें जीटी ने जीत दर्ज की थी। आरआर ने जीटी के खिलाफ अपनी इकलौती जीत आईपीएल 2023 में दर्ज की थी।

### सफल रही सुदर्शन-गिल जोड़ी

गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले 3 मैचों में जीत दर्ज की थी और गिल के नेतृत्व में टीम अपने जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। अब तक साई सुदर्शन और गिल की सलामी जोड़ी सफल हुई है। ये सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाना चाहेगी।

तीन माह होंगे रोमांचक मुकाबले, शेड्यूल हुआ जारी

# टीम इंडिया का द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम का अक्टूबर से दिसंबर का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस दौरान भारतीय टीम वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ सीरीज खेलेगी। पहली बार किसी टेस्ट मैच की मेजबानी गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को दी गई है। इस मैदान पर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, पहली बार कोई मेन्स इंटरनेशनल मैच मोहाली के मल्लापुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

**जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज**

जून में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। उसके बाद अक्टूबर से दिसंबर का यह समय भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा क्योंकि इन तीन महीनों में भारतीय टीम पूरी तरह से इन दोनों सीरीज में व्यस्त रहेगी। इससे पहले भारतीय टीम को और भी कई महत्वपूर्ण सीरीज खेलनी हैं।



**तीन माह के भीतर होगी दोनों से भिड़ंत**

भारतीय टीम के वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले अक्टूबर में होंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के साथ भारतीय टीम दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले नवंबर-दिसंबर में खेले जाएंगे।

### वेस्ट इंडीज के खिलाफ शेड्यूल

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और कोलकाता में मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरा मुकाबला 10 अक्टूबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### द.अफ्रीका के खिलाफ शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट | नई दिल्ली 14 से 18 नवंबर |
| दूसरा टेस्ट | गुवाहाटी 22 से 26 नवंबर |
| पहला वनडे | रांची 30 नवंबर |
| दूसरा वनडे | रायपुर 3 दिसंबर |
| तीसरा वनडे | वाइजैग 6 दिसंबर |
| पहला टी-20 | कटक 9 दिसंबर |
| दूसरा टी-20 | मुल्लांपुर 11 दिसंबर |
| तीसरा टी-20 | धर्मशाला 14 दिसंबर |
| चौथा टी-20 | लखनऊ 17 दिसंबर |
| पांचवां टी-20 | अहमदाबाद 19 दिसंबर |



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style

# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## स्थानीय खेल समाचार/भोपाल

# बचपन में ही दिख गए थे शुचि में क्रिकेटर बनने के गुण



- हरिभूमि से बातचीत में बोले भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होने वाली शुचि उपाध्याय के पिता सुधीर
- कोलंबो में 27 अप्रैल से होने वाली त्रिकोणीय सीरीज का बनेंगी हिस्सा मंडला की शुचि

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंडला की लेफ्ट आर्म स्पिनर शुचि उपाध्याय जल्द ही भारतीय क्रिकेट टीम में खेलती हुई नजर आएंगी। वे श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा बनेंगी और कोलंबो में विरोधी टीम के विकेट चटकाती नजर आएंगी। दरअसल, बीसीसीआई ने उनका चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए कर लिया है। 24 वर्षीय शुचि का सपना अब भारत के लिए शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाना है।

अपनी पुत्री के भारतीय टीम में चयन होने पर उनके पिता सुधीर उपाध्याय बेहद ही प्रसन्न नजर आए और उन्होंने मंडला से हरिभूमि से चर्चा की और अपनी बेटी की इस उपलब्धि का श्रेय उससे बड़े लोगों के आशीर्वाद को दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह सब उसकी ही मेहनत का परिणाम है कि उनकी बेटी भारतीय टीम में खेलेगी। उन्होंने बताया कि शुचि बुधवार शाम तक मंडला पहुंच जाएंगी।

### गली क्रिकेट खेलते देखा तो नजर आई प्रतिभा

शुचि के पिता सुधीर उपाध्याय ने बताया कि बेटी बचपन में गली मोहल्ले में लड़कों के साथ क्रिकेट खेलती थी। तब उसे देखकर लगा बेटी बड़ी होकर क्रिकेटर ही बनना चाहती है। उसने मंडला के रामलीला मैदान नावघाट से गली क्रिकेट के साथ अपनी शुरुआत की। फिर मेकल अकेडमी में प्रैक्टिस की। वह ओपन टूर्नामेंट में पुरुष खिलाड़ियों को भी अपनी फिरकी से परेशान कर चुकी हैं। नेशनल सीनियर विमेन टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी जीत चुकी हैं।

### 27 से कोलंबो में टूर्नामेंट

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम 27 अप्रैल से 7 मई तक कोलंबो में टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। जिसमें टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर तो उपकप्तान स्मृति मंधाना हैं। वहीं अन्य खिलाड़ियों में प्रतीक रावल, हरलीन द्योल, जेमीनाह रोड्रिक्यूस, विकेटकीपर ऋचा घोष, विकेटकीपर यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, केशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल, श्री चारिणी और शुचि उपाध्याय शामिल हैं। वर्तमान में शुचि देहरादून में नेशनल चैलेंजर ट्रॉफी खेल रही हैं।

# आरजीपीवी और जेजेटीयू की स्वर्ण से शुरुआत



## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता




**भोपाल।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में एलएनसीटी विवि के एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में खेली जा रही चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन आरजीपीवी की पूर्णिमा ने स्वर्ण पदक, संगम यूनिवर्सिटी रजत पदक तथा यूनिवर्सिटी आफ केलीकट एवं एमएसडीयू ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक अर्जित किया। पुरुष सिंगल्स मुकाबले में जेजेटीयू के मनीष ने स्वर्ण पदक, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी रजत पदक तथा यूनिवर्सिटी आफ केलीकट एवं श्रीधर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक अर्जित किया। डबल्स महिला मुकाबले में एमजीकेवीपी ने स्वर्ण पदक, एसजीआरआर यूनिवर्सिटी देहरादून ने रजत पदक एवं आरजीपीवी भोपाल ने कांस्य पदक अर्जित किया। पुरुष वर्ग डबल्स मुकाबले में संगम यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक, डॉ आर एम एल यूनिवर्सिटी ने रजत पदक एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी ने कांस्य पदक अर्जित किया।

### 13वें अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज




**भोपाल।** ओल्ड कैंपियन खेल मैदान में आयोजित 13वीं अरविन्द चतुर्वेदी क्रिकेट प्रतियोगिता अकादमी ग्रुप का शुभारंभ सुबह 9 बजे सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ शांति कुमार जैन, वरिष्ठ पत्रकार मृगेंद्र सिंह और वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण यदुवंशी करेंगे। उद्घाटन मुकाबला मयंक क्रिकेट अकादमी और भोपाल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता 40-40 ओवर्स और रेड बॉल ओर व्हाइट ड्रेस में खेली जाएगी।

## न्याय यात्रा निकालकर पैदल भोपाल पहुंचे थे 39 पीड़ित, मिसरोद से ही लौटाया

# हरदा फैक्ट्री ब्लास्ट की पीड़ितों ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप



मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अमला। (ऊपर)



बस में बैठा एक पीड़ित अपनी चोट के निशान दिखाकर लाठीचार्ज के आरोप लगाता हुआ। (नीचे)

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के करीब 39 पीड़ित लोग परिवार सहित पैदल मंगलवार को न्याय यात्रा निकाल कर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने जा रहे थे। वे राजधानी में प्रवेश करते, इसी दौरान पीड़ित परिवारों को मिसरोद पुलिस ने भारी बल के साथ रोक दिया। ये सभी पीड़ित परिवार उचित मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे थे। इस पर पुलिस ने कहा कि उनके पास मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं है और उन्हें वापस हरदा जाने को कहा। पीड़ित नहीं माने तो उन पर पुलिस ने बल प्रयोग किया।

इतना ही नहीं, बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। इसके बाद उन्हें बस में ठूंस-ठूंस कर भर दिया और इसके बाद वापस भेज दिया। पीड़ित परिवारों का आरोप हे कि पुलिस ने उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया है। विदित हो कि हरदा में 6 फरवरी 2024 को पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि सरकार ने उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जिसके लिए वे मुख्यमंत्री मोहन यादव के संज्ञान में यह बात लाना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनको ऐसा करने से रोक दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ितों को पुलिस के द्वारा लाठी-डंडों से पीटा गया है। इधर, मिसरोद पुलिस का कहना है कि लोगों को आगे जाने से तो रोका था, लेकिन मारपीट के आरोप निराधार हैं।





मौके पर मौजूद पुलिस बल। (ऊपर) बस के अंदर पीड़ितों को समझाइश देता एक पुलिसकर्मी। (नीचे)

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930